तापमान अधिकतम :24°C न्यूनतम: 11°C
सेंसेक्स 75,967.39 निफ्टी 22,945.30
सोना 88,120 चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

बरेली, बुधवार 19 फरवरी 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 87 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 20 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू
## बेरोजगारी दर में आई कमी, प्रति व्यक्ति आय में इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण से हुआ सत्र का आगाज
- कहा प्रतिभावान युवाओं को सरकारी सेवाओं में निरंतर अवसर मिल रहे

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के डिजिटल बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण और विपक्ष की ओर से सदन से वॉक आउट के साथ हुई। मंगलवार को बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण समाप्ति के बाद दोपहर 3 बजे से विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने राज्यपाल के अभिभाषण का पारण किया। उसके बाद विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि विशेष रूप से उल्लेख करना है कि उत्तराखंड राज्य में वर्ष 2000-2001 में प्रति व्यक्ति आय रुपये 16,232 (सोलह हजार दो सौ बत्तीस) थी, जो वर्ष 2023-24 में रुपये 2,46,178 (दो लाख छियालिस हजार एक सौ अठहत्तर) हो गई है, जो हमारी राज्य की निरन्तर प्रगति को दर्शाता है। राज्य में बेरोजगारी दर में कमी आई है। राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी और नकल विहीन परीक्षाओं का आयोजन किया गया, जिससे राज्य के प्रतिभावान युवाओं को सरकारी सेवाओं में निरंतर अवसर मिल रहे हैं। वही उन्होंने यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने, दंगा विरोधी कानून लागू करने और उत्तराखंड में हुए सफल राष्ट्रीय खेलों के आयोजन पर सरकार की जमकर तारीफ की। अभिभाषण में कहा कि हमारा युवा प्रदेश आप सभी के सहयोग से समृद्ध उत्तराखंड व सशक्त उत्तराखंड की ओर तेजी से अग्रसर है। देवभूमि उत्तराखंड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं। इन उपलब्धियों के प्रतिफल स्वरूप हमारा प्रदेश सशक्त -शेष पृष्ठ दो पर

### अब्दुल्ला आजम को मिली जमानत 16 महीने बाद होगी रिहाई

**रामपुर।** पिछले 16 महीने से जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को मंगलवार को जमानत दे दी गई। करीब 45 मुकदमों में बेल बॉन्ड भरने के बाद उनकी रिहाई हो सकेगी। अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में बंद हैं। मंगलवार को उन्हें कस्टोडियन संपत्ति के मामले में रिकॉर्ड्स खुर्द बुर्द करने के मामले में जमानत दे दी गई। एमपी-एमएलए कोर्ट के जज शोभित बंसल ने जमानत के आदेश दिए हैं। अब्दुल्ला आजम के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि उनकी जमानत मंजूर हो गई है। जमानत की प्रक्रिया पूरी कर वह जल्द जेल से बाहर आ सकेंगे। अब्दुल्ला आजम के सभी मामलों में बेल बॉन्ड भरे जाएंगे। इससे अब्दुल्ला की रिहाई होगी। करीब 45 मुकदमों में जमानती बॉन्ड भरे जाएंगे। अदालत द्वारा उनको स्वीकार करने के बाद अब्दुल्ला की रिहाई होगी।

## राज्यपाल के अभिभाषण के रोडमैप पर काम करेगी सरकार: धामी
### उत्तराखंड को हर दृष्टि से आगे बढ़ा रही सरकार: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- देश में सर्व प्रथम यूसीसी लागू करने का सौभाग्य उत्तराखंड को मिला
- राज्य में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई: सीएम धामी

**देहरादून।** राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा है कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य को लेकर जो भी रोडमैप रखा है। उस पर राज्य सरकार प्राथमिकता से कार्य करेगी। विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत में राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश के विकास में समर्पित होकर नवाचार के साथ आगे बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राज्य की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए बजट में प्रावधान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस संकल्प को आत्मसार करने के लिए राज्य सरकार -शेष पृष्ठ दो पर

### नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन से संचालित किया जाएगा बजट सत्र



- सीएम धामी ने स्पीकर ऋतु व मंत्रियों की उपस्थिति में किया शुभारंभ

**देहरादून।** इस बार विधानसभा का बजट सत्र नेशनल ई- विधान एप्लीकेशन के तहत संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण की उपस्थिति में मंगलवार को ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) का लोकार्पण किया।

उत्तराखंड में विधानसभा के कार्यों को डिजिटल और पेपरलेस बनाने के लिए ई-विधानसभा प्रणाली अपनाई गई है। इसके माध्यम से -शेष पृष्ठ दो पर



### गाजा में फलस्तीनी प्राधिकरण का शासन मंजूर नहीं: नेतन्याहू
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## यूट्यूबर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार
### गिरफ्तारी से दी राहत, अदालत ने कहा इनके दिमाग में गंदगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा- एक्शन लीजिए, वरना हम चुप नहीं बैठेंगे
- रणवीर के कमेंट से अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अश्लील कमेंट मामले में रणवीर इलाहाबादिया की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने इलाहाबादिया को गिरफ्तारी से राहत दे दी, लेकिन उन्हें जमकर फटकार भी लगाई।

अदालत ने कहा कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह ने कहा कि इलाहाबादिया के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा। रणवीर इलाहाबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में 3 बातें कहीं थीं। पहली- देशभर में दर्ज एफआईआर पर एक जगह सुनवाई। दूसरी- गिरफ्तारी से राहत मिले। तीसरी बात यह थी कि उन्हें धमकाया जा रहा है। बेंच ने कोर्ट में मौजूद अटॉर्नी सॉलिसिटर जनरल से कहा कि ऐसे यू-ट्यूबर्स के मामले सामने आ रहे हैं, क्या केंद्र सरकार कुछ करना चाहती है। अगर वे खुद ही कुछ करते हैं, तो बहुत अच्छी बात है, वरना हम यहां गैप नहीं छोड़ सकते। सो-कॉल्ड यूट्यूब चैनल इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और तमाम चीजें सामने आ रही हैं, इसलिए हमने नोटिस इश्यू किया है। हम अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद रहने का आदेश दे रहे हैं। हम इस मामले की अहमियत और संवेदनशीलता को अनदेखा नहीं कर सकते। बेंच ने इलाहाबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ से पूछा कि आप किस तरह की भाषा का बचाव कर रहे हैं? ऐसे बयान से मुझे नफरत है। यहां सवाल -शेष पृष्ठ दो पर

### मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी वर्ष 2023 के जिस नए कानून पर भरोसा जताते हुए ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है, उसकी वैधता को चुनौती देने वाली विचाराधीन याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय बुधवार को प्राथमिकता से सुनवाई कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष मंगलवार को गुहार लगाते हुए एनजीओ-एडीआर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सुनवाई करने के लिए दलीलें दीं।

### क्रिश्चियन मिशेल को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसम्बर 2018 में हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा।

## उप्र की सांस्कृतिक विरासत की विरोधी है सपा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) को उप्र की सांस्कृतिक विरासत का विरोधी करार देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को कहा कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।

विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने उप्र की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन बोलियों को हिंदी की उपभाषाएं मानते हुए सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। श्री योगी ने कहा कि हमारी सरकार इन भाषाओं के लिए अलग-अलग अकादमियों का गठन कर रही है, ताकि ये समृद्ध हों। ये हिंदी की बेटियां हैं और इन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। यह सदन केवल विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को यहां स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल उप्र की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनका चरित्र ही दोहरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि ब्रजभाषा इतनी समृद्ध है कि संत सूरदास ने इसी भाषा में अपनी रचनाएं दीं। इसी तरह, संत तुलसीदास ने अवधी में रामचरितमानस की रचना की, जो न केवल उत्तर भारत बल्कि प्रवासी भारतीयों के लिए भी संकट काल में संबल बनी, जो लोग आज भोजपुरी, अवधी और ब्रज -शेष पृष्ठ दो पर

### हंगामे के साथ हुई उप्र विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा का बजट सत्र बुधवार को विपक्षी सदस्यों के शोरशराबे और हंगामे के बीच शुरू हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन ने शोरशराबे के बीच अपने अभिभाषण में योगी सरकार की नीतियों और क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा साकार हुई है, जिसमें स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए हैं। यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता व समरसता का संदेश भी दे रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्य खास कर समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य सरकार विरोधी नारेबाजी करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विपक्षी सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की जिसे अनसुना कर दिया गया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12:30 बजे तक स्थगित कर दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### 'आप' नेता सत्येंद्र जैन पर चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को 'आप' नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की परमिशन दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 फरवरी को राष्ट्रपति से इस मामले में मंजूरी मांगी थी। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 218 के तहत केस चलेगा। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब जल्द ही जैन को गिरफ्तार कर सकता है। गृह मंत्रालय ने ईडी की जांच और पर्याप्त सबूत होने के आधार पर राष्ट्रपति से यह अनुरोध किया था। दरअसल, जिस समय ये मामला सत्येंद्र जैन के खिलाफ फ्रेम हुआ था, उस समय वह विधायक थे।

### झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर पूर्ण प्रतिबंध

**रांची।** झारखंड सरकार ने प्रदेश में गुटखा और पान मसाले की बिक्री, भंडारण और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने इस बड़े फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वस्थ झारखंड के सपने को साकार करने के लिए यह कठोर कदम उठाया गया है। यह प्रतिबंध केवल एक नियम नहीं, बल्कि झारखंड के युवाओं को नशे की जकड़ से बचाने की क्रांतिकारी पहल है।

### दिल्ली सरकार का शपथ ग्रहण कल समय बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह के समय में बदलाव हुआ है। शपथ समारोह 4:30 बजे की जगह अब 11 बजे होगा। हालांकि, भाजपा ने अब तक सीएम फेस तय नहीं किया है।

## आधी रात को चुनाव आयुक्त की नियुक्ति मोदी-शाह की असभ्यता: राहुल

- कहा समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आधी रात को नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर सबको चौंकाया ही नहीं है, बल्कि असंवैधानिक कदम उठाकर असभ्य होने का भी परिचय दिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सोमवार को हुई बैठक में अपनी असहमति यह कहते हुए व्यक्त की थी कि समिति से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत है और उनकी जगह गृह मंत्री अमित शाह को समिति में रखना अनुचित है।

## सड़क हादसे में आर्मी जवान व दोस्त की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीसरा दोस्त गंभीर रूप से घायल, ट्रक के पीछे घुसी कार
- हल्द्वानी से लालकुआं की ओर जा रहे थे तीनों दोस्त

**हल्द्वानी।** बीते सोमवार की रात बरेली रोड तीनपानी मंडी के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे में कार सवार आर्मी जवान और उसके व्यापारी दोस्त की मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है।

यह हादसा देर रात करीब तीन बजे तीनपानी से पहले हल्द्वानी की ओर हुआ, जब तेज रफ्तार से जा रही कार आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। पुलिस ने मंगलवार को दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बागेश्वर के ग्राम छाती निवासी संजीव कुमार चौबे (25) पुत्र पूरन चंद्र चौबे प्रथम नागा रेजिमेंट में जालंधर पंजाब में तैनात था और वर्तमान में बिलौना में रह रहा था। बताया जा रहा कि संजीव वर्ष 2019 में आर्मी में भर्ती हुआ। सोमवार को संजीव अपने दोस्त ग्राम बिलौना निवासी मोबाइल कारोबारी 27 वर्षीय गौरव जोशी पुत्र -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत और कतर के बीच बनी रणनीतिक साझीदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- आपसी व्यापार को पांच साल में दो गुना करने, भारत में कतर निवेश केन्द्र खोलने का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत एवं कतर ने अपने द्विपक्षीय रिश्तों को 'रणनीतिक साझीदारी' के स्तर पर उन्नत करते हुए आपसी व्यापार को पांच साल में दो गुना करने, भारत में कतर निवेश केन्द्र खोले जाने तथा भारत एवं कतर के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों देशों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय भूराजनीतिक मामलों पर भी विचार-विमर्श किया, जिनमें हमास एवं इज़रायल के बीच संघर्ष तथा अफगानिस्तान के मुद्दे भी शामिल थे। कतर के अमीर की राजकीय यात्रा के दौरान दो समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें एक-द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर उन्नत करने तथा दूसरा- दोहरे कराधान से बचाव संबंधी करार शामिल हैं। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय में सचिव (कांउसलर, पासपोर्ट, वीजा एवं प्रवासी भारतीय मामले) अरुण कुमार चटर्जी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी में ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश तथा सुरक्षा के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, जहाज निर्माण, फूड पार्क, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स एवं आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी और अमीर के बीच हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार संबंधों, लोगों के बीच गहरे संबंधों और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को याद किया।



## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में फलस्तीनी प्राधिकरण का शासन मंजूर नहीं: नेतन्याहू

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के बाद गाजा पर फलस्तीनी प्राधिकरण (पीए) के शासन की संभावना को खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के जवाब में कि हमास ने पीए को एन्क्लेव का नियंत्रण छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जैसा कि मैंने वादा किया था- गाजा में युद्ध के अगले दिन, कोई हमास नहीं होगा और कोई फलस्तीनी प्राधिकरण नहीं होगा। उन्होंने गाजा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पूर्व योजना के लिए अपना समर्थन दोहराया, जिसमें एन्क्लेव की फलस्तीनी आबादी को पड़ोसी देशों में स्थानांतरित करना शामिल है। अरब नेताओं ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि मैं एक अलग गाजा बनाने की राष्ट्रपति ट्रंप की योजना के प्रति प्रतिबद्ध हूं। इज़रायल गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक और पूर्वी येरुशलम में फलस्तीनी संप्रभुता पर आपत्ति जताता है, जिन क्षेत्रों पर उसने 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में कब्जा कर लिया था।

### द्विपक्षीय, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देंगे ईरान, सूडान

**तेहरान।** ईरान और सूडान ने सोमवार को द्विपक्षीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। समझौता ज्ञापनों पर ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और उनके सूडानी समकक्ष अली यूसुफ अहमद ने हस्ताक्षर किए। एजेंसी के अनुसार एक एमओयू राजनयिक और सेवा पासपोर्ट रखने वाले ईरानी और सूडानी नागरिकों को द्विपक्षीय वीजा छूट देता है, जबकि दूसरा राजनयिक समन्वय बढ़ाने के लिए एक संयुक्त राजनीतिक समिति की स्थापना करता है।

### यूक्रेन पर शांति वार्ता की मेजबानी के लिए तैयार है तुर्की: फिदान

**अंकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के दूत कीथ केलॉग और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से कहा कि उनका देश यूक्रेन पर शांति वार्ता की मेजबानी के लिए तैयार है। तुर्की के डेली समाचार पत्र ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि फिदान ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक और रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव से भी मुलाकात की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि तुर्की शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है।

### सीईसी नियुक्ति: कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति की अधिसूचना को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए इसे केंद्र की मनमानी करार दिया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार हर कदम पर संविधान की भावना को ठेस पहुंचा रही है। पार्टी ने कहा कि जब सीईसी की नियुक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई बुधवार को उच्चतम न्यायालय में होनी है, तो सरकार को नियुक्ति सम्बन्धी फैसले को एक दिन के लिए स्थगित करने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए थी, लेकिन वह संविधान को नष्ट करने में लगी है।

## सपा के विरोध के बीच पूरा अभिभाषण भी नहीं पढ़ पाईं राज्यपाल

# यूपी विधानसभा सत्र के दौरान हंगामा

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन ही हंगामे की भेंट चढ़ गया, जिस कारण राज्यपाल पूरा अभिभाषण नहीं पढ़ पाईं। यह इस साल का यूपी विधानसभा में पहला सत्र है। इस दौरान महाकुंभ में हुई भगदड़ और आकंड़ों के छिपाने को लेकर समाजवादी पार्टी ने सदन में विरोध किया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से परिसर में जमकर हंगामा किया गया। हंगामा इतना ज्यादा हुआ कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल महज 12 मिनट में अभिभाषण पढ़कर वापस लौट गईं। बाकी का हिस्सा विधानसभा और विधान परिषद के अध्यक्ष पढ़ेंगे। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए सपा सदस्य नारे लगा रहे थे 'लाठी गोली की सरकार, नहीं चलेगी नहीं चलेगी' और आरक्षण विरोधी, दलित विरोधी, संविधान विरोधी सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी।

विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस बार का बजट सत्र उत्तर प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विपक्ष के पास मुद्दों की कमी है। हमने शानदार द्विव्य भव्य कुंभ कराया है, जिसकी पूरी दुनिया हमारी प्रशंसा हो रही है। ऐसे में महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर विपक्ष ने सरकार का जमकर विरोध किया। सपा के वरिष्ठ सदस्य सुधाकर सिंह तथा एच एन सिंह पटेल ने बताया कि पार्टी के विधायकों ने संभल और कुंभ समेत तमाम मुद्दों पर सरकार की विफलताओं को लेकर धरना दिया है।

विधायकों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर बिजली पानी दे न सके जो, वह सरकार निकम्मी है! जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है, लिखा था। सपा के वरिष्ठ सदस्य अमिताभ त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कुंभ में मृतकों, स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार कुंभ मामले पर सदन में चर्चा कराए। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने भाजपा सरकार को जन विरोधी, किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है।



महाकुम्भ भगदड़ पर सपा ने लगाए नारे, आज रेलवे स्टेशन बंद किया है, कल को पुलिस स्टेशन भी बंद कर देंगे

### राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधान परिषद की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार को पूर्वाह्न 12.30 बजे वन्देमातरम के साथ शुरु हुई। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सदन के 18 फरवरी से पांच मार्च तक के तिथिवार कार्यक्रम के संबंध में कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन के पटल पर रखा। सदन की सहमति के बाद सभापति ने राज्यपाल द्वारा विधानसभा में दिए अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया, जबकि बाद में प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने प्रदेश के 2024 के क्रमश: पंद्रहवें से लेकर छब्बीसवें तक बने अधिनियमों की घोषणा की। इस दौरान कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। तत्पश्चात सभापति ने 12.45 बजे सदन की बैठक कल 19 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### विपक्ष के हर मुद्दे पर चर्चा को हैं तैयार: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार विपक्ष के हर मुद्दे पर सकरात्मक चर्चा को तैयार है मगर विपक्ष से भी उम्मीद है कि वह उपचुनावों में मिली हार की खुन्नस सदन पर न निकाले और सदन की कार्यवाही में सहयोग करे। मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि हार की हताशा से परेशान विपक्ष अपनी खुन्नस को सदन पर नहीं उतारेगा, बल्कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में सकारात्मक योगदान करेगा। उन्होने कहा कि अभिभाषण व बजट महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं, जिसमें विपक्ष ही नहीं, बल्कि सदन का हर सदस्य अपनी बात को प्रभावी ढंग से रख सकता है। इसके अलावा भी विपक्ष जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगा, सरकार उसका तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पूरी तौर पर तैयार है। हम चाहते हैं कि सदन सार्थक चर्चा का मंच बनना चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप या फिर असंसदीय आचरण से समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण से सुदृढ़ व मर्यादित आचरण की शुरुआत हम लोग विपक्ष के अंदर देखने का प्रयास करेंगे।

### सरकार असफल हो गई है: अखिलेश



सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में संगम के सबसे पास स्थित दारागंज के प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को बंद करके सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि वो असफल हो गई है। सरकार का काम प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन करना होता है, न कि बंदी या पाबंदी। जैसे नोटबंदी में जनता हैरान-परेशान हुई थी वैसे ही स्टेशन बंदी से भी होगी। प्रभुत्ववादी भाजपाई आम जनता के दुख में अपना सुख ढूंढते हैं। बाकी सरकारें तो जनता के दुखों को कम करने का काम करती हैं, लेकिन भाजपा की डबल इंजन, ट्रिपल इंजन बनकर ऐसे काम खुद करता है जिससे जनता के दुख-दर्द बढ़ें और जनता अपने में ही उलझी रहे जिससे, भाजपाई भ्रष्टाचार की ओर किसी का ध्यान न जाने पाए। आज भीड़ के डर से रेलवे स्टेशन बंद किया है कल को पुलिस स्टेशन भी बंद कर देंगे क्या?

## महाकुम्भ से साकार हुई एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा: आनंदीबेन

लखनऊ, वार्ता



बजट सत्र के पहले दिन बोलीं राज्यपाल

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवबारणा साकार हुयी है।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल के वर्ष 2025 के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के समवेत अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि योगी सरकार को इस वर्ष दिव्य एवं भव्य महाकुम्भ आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिसमें स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए हैं। महाकुम्भ में आस्था एवं आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता व समरसता का संदेश भी दे रहा है, जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत[ की अवधारणा साकार हो रही है। अब तक लगभग 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुजन पावन त्रिवेणी में आस्था की पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। उन्होने मौनी अमावस्या पर घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि इससे हम सभी अत्यन्त दुख्खी हैं। इसमें कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से कुछ श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु भी हो गई। असमय काल-कवलित हुए लोगों के प्रति उन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के शुभ अवसर पर पावन त्रिवेणी तट पर 22 जनवरी को मंत्रिपरिषद् की ऐतिहासिक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पटेल ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए सुरक्षा उसकी मूलभूत आवश्यकता है। 2017 के पहले प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी थी और आमजन का शासन-प्रशासन से विश्वास उठ चुका था, लेकिन योगी सरकार ने पुलिस आधुनिकीकरण व सुधार करते हुए उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को नजीर के रूप में प्रस्तुत किया। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई और कानून व्यवस्था एवं पुलिसिंग के स्तर व गुणवत्ता में नियमित एवं समयबद्ध रूप से सुधार किए। इसकी मदद से प्रदेशवासियों को अपराधमुक्त एवं भयमुक्त वातावरण देकर रामराज्य की संकल्पना को साकार किया जा रहा है।

## ट्रम्प ने समान टैरिफ नीति अपनाने का लिया संकल्प



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी व्यापारिक नीति को स्पष्ट करते हुए कहा है कि अमेरिका अपने व्यापारिक साझेदारों पर उन्हीं के लगाए गए टैरिफ के समान शुल्क लगाएगा न अधिक, न कम।

ट्रम्प ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि व्यापार में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हम पारस्परिक टैरिफ नीति अपनाएंगे। यदि कोई देश अमेरिका पर टैरिफ लगाता है, तो हम भी उस पर समान टैरिफ लगाएंगे न ज्यादा, न कम। उन्होंने यह भी कहा कि वैट प्रणाली (मूल्य संवर्धित कर) का उपयोग करने वाले देशों को भी टैरिफ के दायरे में रखा जाएगा, क्योंकि यह प्रणाली कई मामलों में टैरिफ से भी अधिक कठोर होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो टूक कहा कि अमेरिका को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए अन्य देशों को अपने माल को किसी तीसरे देश के माध्यम से भेजने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने व्यापारिक सब्सिडी और गैर-प्रत्यक्ष टैरिफ के प्रभाव को भी संतुलित करने की बात कही। ट्रम्प ने कहा कि हम उन देशों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भी मूल्यांकन करेंगे, जो अमेरिकी उत्पादों के लिए बाधाएं खड़ी करते हैं या अमेरिकी कंपनियों को अपने बाजार में प्रवेश से रोकते हैं।

## कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएंगे दलित: मायावती

लखनऊ, वार्ता



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद उदित राज के विवादित बयान पर पलटवार करते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उनके मानवतावादी संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली कांग्रेस दलित शोषित वर्ग की विश्वसनीय नहीं हो सकती और दलित समाज कभी भी इसके बहकावे में नहीं आएगा।

मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीतेजी व उनके देहान्त के बाद भी, करोड़ों बहुजनों के लिए उनके आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के मानवतावादी संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली खासकर कांग्रेस पार्टी कभी भी इनकी सोच-नीतियों पर खरी व विश्वसनीय नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि विशुद्ध राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के लिए कांग्रेस 'जय बापू, जय भीम, जय मण्डल, जय संविधान' आदि के नाम पर चाहे जितने भी कार्यक्रम क्यों न कर ले, बाबा साहेब के अनुयाई इनके किसी बहकावे में आने वाले नहीं हैं। उदित राज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ दलबदलू व स्वार्थी दलित लोग अपने आकाओं को खुश करने के लिए जो अनर्गल बयानबाजी आदि करते रहते हैं, उनसे भी बहुजन समाज को सावधान रहने की जरूरत है।

### जनहित के लिए सभी का भरोसा जरूरी

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हंगामे का उल्लेख करते हुए बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि हंगामा और शोरशराबे से महंगाई और गरीबी की समस्या से कितनी राहत मिलेगी, यह सोचने वाली बात है मगर इतना तय है कि जनहित और जनकल्याण को सभी का विश्वास जरुरी है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया कि राज्यपाल के अभिभाषण से सत्ता व विपक्ष की तकरार तथा 'गवर्नर गो बैक' की नारेबाजी के कारण हंगामेदार रहा, किन्तु शोषित-पीड़ित जनता को इससे कितनी राहत मिलेगी, यह सोचने वाली बात।

## वेस्ट यूपी में दो दिनों तक तेज बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तेज बारिश की संभावना जताई है। कभी धूप, तो कभी बादल के बीच मौसम में एक बार फिर बदलाव देखा गया है। अब मौसम विभाग के मुताबिक 19 और 20 फरवरी को बारिश हो सकती है, जिसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, 19 और 20 फरवरी को नोएडा, गाजियाबाद समेत पश्चिमी यूपी के कई जिलों में तेज बारिश हो सकती है और इसके बाद न्यूनतम तापमान 2 डिग्री तक गिर सकता है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 18 फरवरी को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया था। 19 फरवरी को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तेज बारिश और तूफान की संभावना भी मौसम विभाग ने व्यक्त की है।

ठीक इसी तरह, 20 फरवरी को भी अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है, साथ ही बारिश की संभावना भी जताई गई है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

## बिकवाली से फिर गिरा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, टाटा मोटर्स और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों मे हुई बिकवाली से सोमवार को पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार आज फिर गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 29.47 अंक गिरकर 75,967.39 अंक औरएनएसई का निफ्टी 14.20 अंक फिसलकर 22,945.30 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 39,858.46 अंक और स्मॉलकैप 1.71 प्रतिशत की गिरावट लेकर 44,384.72 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2917 में बिकवाली जबकि 1033 में लिवाली हुई, वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां लाल जबकि अन्य 18 हरे निशान पर रहीं। बीएसई के 13 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.46, सीडी 0.55, एफएमसीजी 0.80, वित्तीय सेवाएं 0.24, हेल्थकेयर 0.28, इंडस्ट्रियल्स 1.51, दूरसंचार 1.06, ऑटो 0.65, बैंकिंग 0.11, कैपिटल गुड्स 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.19, रियल्टी 0.03 प्रतिशत गिर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.26 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं जापान का निक्केई 0.25 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.59 प्रतिशत उछल गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 77 अंक की बढ़त के साथ 76,073.71 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 76,091.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से दोपहर से पहले यह 75,531.01 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 75,996.86 अंक के मुकाबले 0.04 प्रतिशत फिसलकर 75,967.39 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी मामूली बढ़ोतरी के साथ 22,963.65 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 22,992.50 अंक के उच्चतम जबकि 22,801.50 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### सट्टेबाजी विज्ञापनों के खिलाफ एक्शन की तैयारी

**मुंबई।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने अवैध ऑफशोर सट्टेबाजी और जुए के विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स महासंघ (एफआईएफएस), अखिल भारतीय गेलमग महासंघ (एआईजीएफ) और ई-गेमिंग महासंघ (ईजीएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी एक विशेष निगरानी प्रकोष्ठ स्थापित करेगी, जो संबंधित मंत्रालयों को अवैध विज्ञापनों की स्क्रीनिंग और रिपोर्टिंग पर केंद्रित होगी। इसके अलावा यह प्रकोष्ठ रियल-मनी गेमिंग (आरएमजी) विज्ञापनों की भी जांच करेगा ताकि वे एएससीआई के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय पर उठाव सुस्त रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकलने से मसूर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट गिरकर 4,707 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 45.87 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मसूर दाल की 50 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100- 6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेरोजगारी दर...** उत्तराखंड के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। प्रदेश की मातृशक्ति, युवा शक्ति और पूर्व सैनिकों की अहम भागीदारी से हमारा प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी की ओर अग्रसर है। विगत वर्ष आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय, महिला कल्याण, अवस्थापना संरचना की दृष्टि से स्वर्णिम काल रहा है। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की कड़ी में उत्तराखंड राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारी सरकार की और से वित्तीय वर्ष 2024-25 में कई नए आयाम स्थापित किए गए।

**राज्यपाल अभिभाषण...** संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तराखंड राज्य भी अपना योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर दृष्टि से उत्तराखंड को आगे बढ़ा रही है। राज्य में 38वे राष्ट्रीय खेल सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। जो हमारे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने का सौभाग्य हमारे राज्य को प्राप्त हुआ है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार जन भावनाओं के अनुरूप ही कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पक्ष विपक्ष सभी ने मिलकर सदन को चलाना है। सदन सही प्रकार से चले यह सबकी जिम्मेदारी है।

**नेशनल ई-विधान...** विधायकों को कार्यसूची, विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों के जवाब और अन्य दस्तावेज अब ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत विधानसभा में विधायकों की टेबल पर टैबलेट लगाए गए हैं और सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि विधानसभा की कार्यवाही भी अधिक दक्षता से संपन्न होगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, गणेश जोशी, सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, प्रेमचंद अग्रवाल, धन सिंह रावत, रेखा आर्य और अन्य विधायक उपस्थित थे।

**यूट्यूबर इलाहाबादिया...** यह है कि क्या ऐसा कमेंट कोई अपराध है। अगर यह अश्लीलता नहीं है तो फिर अश्लीलता क्या है? जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उनके दिमाग में कुछ बहुत गंदा है, जो वो प्रोग्राम में उगल रहे हैं, वो अभिभावकों की बेइज्जती कर रहे हैं। अदालत इलाहाबादिया का बचाव क्यों करे? इलाहाबादिया के वकील चंद्रचूड़ ने कहा कि क्लाइंट को धमकियां दी जा रही हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर आप ऐसी चीजें करके घटिया पब्लिसिटी पाने की कोशिश कर सकते हैं, तो दूसरे भी हैं, जो आपको धमकाकर चीप पब्लिसिटी पाने की कोशिश करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिन शब्दों का इस्तेमाल आपने किया, उससे अभिभावक शर्मसार हुए। बहनें और बेटियां शर्म महसूस करेंगी, पूरा समाज शर्मसार होगा। यह दिखाता है कि दिमाग विकृत है। दरअसल, रणवीर इलाहाबादिया के अश्लील कमेंट को लेकर देशभर में कई एफआईआर दर्ज हुई थीं। इसके खिलाफ यूट्यूबर ने सुप्रीम कोर्ट में 14 फरवरी को याचिका दायर की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि एक-दो दिन में उनकी याचिका पर सुनवाई की जाएगी। इलाहाबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अपने मुवक्किल की याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, क्योंकि असम पुलिस ने उन्हें शुक्रवार को समन भेजा था।

**उप्र की...** भाषा का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल भारत की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के विरोधी हैं। यह दुखद है कि जब इन भाषाओं को सम्मान दिया जा रहा है, तब कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का स्वभाव ही यह बन चुका है कि वे हर अच्छे कार्य का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग प्रदेश और देश के हित में किए जाने वाले हर सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय ने जब स्थानीय भाषाओं को मान्यता दी तो समाजवादी पार्टी ने इसका भी विरोध किया। उन्होने कहा कि उनकी सरकार भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं को सम्मान दिलाने के लिए भोजपुरी अकादमी, अवधी अकादमी और ब्रज अकादमी की स्थापना की जा रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी मातृभाषाओं को सहेजें और उन्हें आगे बढ़ाएं। विपक्ष का यह विरोध बताता है कि वे न केवल विकास के विरोधी हैं, बल्कि हमारी संस्कृति के भी विरोधी हैं। ये लोग अपने बच्चों को इंग्लिश स्कूल में पढ़ाएंगे और दूसरे के बच्चे के लिए अगर वह सुविधा सरकार देना चाहती है, तो कहते हैं कि नहीं उर्दू पढ़ाओ इसको। यानि ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं।

**सड़क हादसे...** भुवन चंद्र जोशी व इंजीनियर हिमांशु कुमार पुत्र कुंदन प्रसाद के संग हल्द्वानी आया था। बताया कि संजीव दो दिन पहले छुट्टी पर घर आ गया था। सोमवार को उसे वापस लौटना था। इसलिए संजीव अपने दोस्तों के साथ हल्द्वानी आया और लालकुआं से उसे ट्रेन पकड़नी थी। 17-18 फरवरी की देर रात करीब पौने तीन बजे तीनों कार सवार हल्द्वानी से लालकुआं की ओर जा रहे थे। बरेली रोड पर तीनपानी से पहले हल्द्वानी की ओर उनकी कार आगे चल रहे 14 टायरा ट्रक के पीछे घुस गई।हादसे में संजीव और गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हिमांशु को गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मंगलवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। फिलहाल पुलिस ने सड़क हादसे मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव के अनुसार, घटना की सभी परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उमंग डेयरी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हॉयर सेंटर रेफर किया। बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र निवासी सुशील कुमार अपनी बाइक लेकर ढ़वारसी क्षेत्र में स्थित अपने ससुराल जा रहा था। मंगलवार को जैसे ही वह बाइक लेकर गजरौला हसनपुर रोड स्थित उमंग डेयरी के पास पहुंचा तो तेज गति के साथ आए किसी अज्ञात वाहन ने सुशील कुमार की बाइक में टक्कर मार दी, टक्कर लगने से वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर होता देख यहां से रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिजनों को भी सूचित किया गया है।

**हसनपुर मार्ग पर हुई दुर्घटना**

### युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। परिजनों ने युवक के साथ किसी के विवाद आदि होने की बात से इंकार किया। थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर में लगभग 22 वर्षीय युवक ने रात करीब एक बजे अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। युवक का शव फंदे पर लटका देखकर परिजनों की चीख निकल गई। चीख सुनकर आसपास के लोग भी पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

### सड़क हादसों में मां-बेटों समेत चार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** अलग अलग सड़क हादसों में मां, दो बेटे समेत चार घायल हो गये। सभी की हालत गंभीर होने पर हायर सैंटर रैफर किया गया है।

पहला हादसा आदमपुर चकफेरी मोड़ पर हुआ। गांव गंगाचोली की रहने वाली विद्या देवी बेटे सुनील कुमार व पीतम सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर आदमपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार जा रही थी। जब उनकी बाइक चकफेरी मोड़ पर पहुंची तो सामने से आ रही तेज गति कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गये। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से हायर सैंटर रैफर किया गया है। वहीं दूसरा हादसा अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर हुआ। संभल जनपद के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी असलम पुत्र बच्चन किसी काम से रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई किसी काम से जा रहा था। जब उसकी बाइक अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर पहुंची तो कार ने टक्कर मार दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। परन्तु हालत गंभीर होने पर इसे भी हायर सैंटर रैफर किया गया है।

# जहर देकर मजदूर की हत्या, धरने पर बैठे परिजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मजदूर को जहरीला पदार्थ देकर हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए परिजन शव को घर के बाहर रखकर हंगामा काटकर धरने पर बैठ गये। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने के आश्वासन पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र की कांशीराम कालोनी निवासी अनिकेत ने कोतवाली पुलिस को पत्र देकर कहा है कि 17 फरवरी को वह शाम 4:00 बजे के समय ममेरी बहन की शादी में परिवार के साथ गांव घंसूरपुर गये हुए थे। उनके पिता योगेश घर पर अकेले थे। इसका फायदा उठाते हुए करीब आधा दर्जन लोग उसके पिता योगेश को बहला फुसलाकर शाहपुर कला गांव के समीप बाग में ले गये। उन्हें जहरीला पदार्थ खिला दिया जिससे उनकी हालत खराब हो गई। जैसे तैसे उसके पिता ने उन्हें अपने मोबाइल से मामले की जानकारी दी तो वह मौके पर पहुंच गये। वहां जाकर देखा तो उनके पिता जहरीला पदार्थ खाकर तड़फ रहे थे। पिता का उपचार कराने के लिए वह चौधरपुर अस्पताल को ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उनके पिता योगेश 50 वर्ष की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही मजदूर योगेश का शव घर पहुंचा तो वहां पर कोहराम मच गया। परिजन दरवाजे के बाहर योगेश के शव को रखकर धरने पर बैठ गये। सूचना मिलने एसएसआई कुमरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। मृतक के पुत्र ने बताया उसके पिता मरने से पूर्व कागज पर जहर देने वालों के नाम लिखकर दे गये हैं। एसएसआई ने आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उसके बाद मृतक के परिजनों ने धरने को समाप्त कर दिया।

# ओवरटेक करते बाइक सवार की मौत

## हादसे से परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ओवरटेक कर रही बाइक को अज्ञात वाहन ने बुरी तरह से रौंद दिया।जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सोमवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी निवासी अरशद पुत्र शहजाद 18 वर्ष गांव निवासी फरमान के साथ बाइक पर सवार होकर नगर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अतरासी मार्ग पर गांव भूत खदेड़ी के निकट पहुंची तो युवकों ने जैसे ही गन्ने लदे ट्रक को ओवरटेक किया तो सामने से आ रही अज्ञात कार से युवकों की बाइक की भिड़ंत हो गई। चालक घटना स्थल से अपनी कार को लेकर मोके से फरार हो गया। घटनास्थल पर रहागीरों की भीड़ जमा हो गई। मोबाइल के आधार पर घायल के परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां अरशद की हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया। लेकिन मेरठ ले जाते समय अरशद की मौत हो गई। जैसे ही मौत की खबर परिजनों को लगी तो घर में कोहराम मच गया। मृतक अरशद तीन भाई वह चार बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक गांव में ही मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान करता था। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के परिजनों ने मृतक युवक के शव का दफिना कर दिया।

# नकल की सूचना पर दर्ज कराएं एफआईआर

## बैठक में न पहुंचने पर दो सैक्टर व 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेट पर कार्रवाई के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि 24 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराना है। सभी केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी पूरी तरह सही काम करने चाहिये। जहां ही नकल की सूचना मिले तुरंत एफआईआर दर्ज कराये। डीएम ने बैठक में न आने वाले दो सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिये।

कुंदन मॉडल इंटर कालेज के सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बोर्ड परीक्षा संबंधित बैठक ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी तथा नकलविहीन कराई जायेगी। सीसीटीवी कैमरा, रिकार्डिंग की व्यवस्था पूरी तरह दुरूस्त रखी जाये। स्टेटिक मजिस्ट्रेट चार अलमारी में प्रश्नपत्रों को रखे। पेपर लीक किसी भी हाल में नहीं होना चाहिये। स्ट्रांग रूम में जो भी व्यक्ति जाता है उसकी एंट्री अवश्य करें। उन्होंने कहा इस बात पर भी ध्यान रखा जाये कि असमाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों के आस-पास नहीं घूमने चाहिये। यदि कहीं नकल की जरा भी सूचना मिले तो तुरंत एफआईआर दर्ज कराये। केन्द्र के आस-पास लाउडस्पीकर व कोई भी ध्वनी यंत्र नहीं बजाया जाना चाहिये। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा परीक्षा में पुलिस का पूर्ण सहयोग रहेगा। सभी केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। स्टेट लेवल आब्जर्वर ज्योति ने कहा कि परीक्षा से संबंधित जो भी व्यवस्थाएं की गई है ब्रीफिंग के लिये भेजा जाये। जिस विषय का पेपर है उस विषय के टीचर की डयूटी परीक्षा में न लगाये। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि परीक्षा को पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया जायेगा। फेक न्यूज पर कोई ध्यान न दिया जाये तथा इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दे। बताते चलें कि 24 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में इस बार 71 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जबकि हाईस्कूल व इंटर में 51 हजार परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे। सभी केन्द्रों को राजकीय इंटर कालेज में स्थित स्ट्रांग रूम से जोड़ा गया है। बैठक में एडीएम ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, एएसपी राजीव कुमार, बीएसए मोनिका मौजूद रहे।

**डीएम ने ली बोर्ड परीक्षा संबंधी बैठक**



अमरोहा। कुंदन कालेज में बोर्ड परीक्षा संबंधी बैठक में बोलतीं डीएम निधि गुप्ता।

# सड़क किनारे पड़ा मिला मजदूर का शव

## हार्टअटैक से मौत की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर से निकले मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत का कारण हार्टअटैक माना जा रहा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर टावर वाली गली में मोअज्जम अली का परिवार रहता है। मोअज्जम अली शहर में ही एक फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। सोमवार शाम वह दुकान से घर आ गया था। उसके बाद टहलने के लिए दाऊद सराय रोड की तरफ चला गया। टहलते हुए जब नौगावां सादात थाना क्षेत्र में पहुंचा तो वहीं गिर गया। राहगीरों ने देखा तो उस समय तक मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही नौगावां सादात पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया। उसकी जेब मे एक मोबाइल नंबर लिखी पर्ची मिली, जिस पर कॉल की तो वह मोअज्जम के दोस्त का नंबर निकला। परिजन भी मौके पर आ गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मोअज्जम की मौत का कारण हार्टअटैक माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हत्यारोपी सोनिया के बयान से उलझी पुलिस

## बोली- दीमागी बुखार के चलते की थी बेटियों की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर खुर्द निवासी कोपिन सिंह की पत्नी सोनिया ने बीती 10 फरवरी को घर में ही दो बेटी अनुष्का व किट्टो की गला दबाकर हत्या करने के बाद चाकू से खुद अपना भी गला काट लिया था। सोनिया घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रहती थी। जबकि पहली मंजिल पर गुरुग्राम में नौकरी करने वाले कोपिन के बड़े भाई रामभूल सिंह की पत्नी सोनम व उसके बच्चे रहते हैं। देवरानी और जेठानी होने साथ ही सोनिया व सोनम आपस सगी बहनें भी हैं। वारदात वाले दिन सोमवार को कोपिन गुरुग्राम चला गया था। उसी दिन सोनिया ने अपनी दोनों बेटियों का गला दबाकर हत्या कर करने के बाद चाकू से अपना भी गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया था। इतना ही नहीं गला काटने के बाद उसने पति कोपिन को वीडियो कॉल भी की थी। शुरुआत से ही घटना के पीछे का कारण सोनिया का पति से विवाद होना माना जा रहा था लेकिन पुलिस की पूछताछ में कोपिन ने भी किसी भी विवाद से मना किया था। मामले में कोपिन की तहरीर पर ही सोनिया के खिलाफ बेटियों की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। तभी से गंभीर घायल सोनिया का अमरोहा शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। गहरा घाव भरने के लिए गले में टांके लगे होने के कारण चिकित्सक ने सोनिया से पूछताछ के लिए मना कर दिया था। मंगलवार को सोनिया की हालत ठीक होने पर पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए। उसने जो बयान पुलिस को दिया वह वाकई चौंकाने वाला है। जो फिलहाल किसी के भी गले नहीं उतर रहा है। सोनिया का कहना है कि उसे कई दिन से बुखार आ रहा था, वारदात वाले दिन बुखार दिमाग पर चढ़ गया और जिसके बाद बेटियों का गला दबा दिया तथा खुद अपना भी गला काट लिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सोनिया की हालत ठीक होने पर मंगलवार को उसके बयान दर्ज किए गए थे। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है।



गजरौला। कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

## अभिलेखों का भी किया अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कोतवाली गजरौला का निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्थाओं की जायजा लिया और अधीनस्थों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। मंगलवार को अपरान्ह के समय पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद कोतवाली पहुंचे तो सबसे पहले गार्द ने उन्हें सलामी दी। सलामी के बाद एसपी ने कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों का निरीक्षण किया और लंबित विवेचनाओं आदि के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर खड़े वाहनों के बारे में भी जानकारी ली कि कौनसा वाहन कब से और किसी घटना के आरोप में खड़ा है। उन्होंने कोतवाली में बनी टॉयलेटों में से एक के बंद होने पर व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीओ श्वेताभ भास्कर, कोतवाली प्रभारी सनोज प्रताप सिंह, अपराध निरीक्षक जितेन्द्र बालियान, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश**

# प्रेम जाल में फंसाकर बनाए शारीरिक संबंध

## शादी से मुकरने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में आना-जाना शुरू कर युवक ने किसान की बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। करीब चार साल तक युवती को धोखा देकर दुष्कर्म किया। बाद में शादी के वादे से मुकर गया। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। इस गांव में पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर निवासी युवक रेहान का आना जाना था। जान पहचान बढ़ी तो वह किसान के घर में भी आने लगा। चार साल पहले रेहान ने किसान की बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बाद में शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद से वह युवती के साथ दुष्कर्म करता रहा। चार साल बीत जाने के बाद जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो रेहान ने अपने वादे से मुकर गया। युवती ने पुलिस कार्रवाई की बात कही तो उसने जान से मारने की धमकी दी। प्रेमी से धोखा मिलने पर युवती ने परिजनों को पूरी बात बता दिया। परिजनों ने रेहान व उसके परिजनों से बात की तो उन्होंने भी शादी करने से मना कर दिया। लिहाजा युवती ने परिजनों के साथ कोतवाली जाकर तहरीर दे दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी रेहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। बताया कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# शराब सेल्समैन से मारपीट में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शराब की दुकान के सेल्समैन से मारपीट व फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव फौलादपुर निवासी महेंद्र सैनी नजदीकी गांव पारा खालसा में शराब की दुकान पर सेल्समैन है। सोमवार रात वह दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव टंडेरा चौराहे पर कार सवार अज्ञात हमलावरों ने लाठी डंडों से मारपीट कर फायरिंग भी की थी। मारपीट में सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गया था। बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने सूचना महेंद्र के परिजनों को दी थी। घायल को आनन-फानन में सीएचसी लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर जिला अस्पताल रेफर किया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में घायल के भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# शादी विवाह में फिजूल खर्ची पर रोक लगे

## मंसूरी समाज ने किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जमियतुल मंसूर ने शादी विवाह में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने पर जोर दिया।

कल्याणपुरा मार्ग पर आल इंडिया जमियतुल मंसूर की बैठक हुई। जिसमें मंसूरी समाज ने ईद के बाद होने वाली सभी शादियों में फिजूल रस्मों पर रोक लगाने तथा खाने में दो सब्जी देने पर सहमति बनी। बारात और वलीमा की दावत इसी के साथ खाने को सुन्नत और तरीके से बैठकर खिलवाना और लड़की को दिये जाने वाला दहेज को कम करने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि शादी में गैर जरूरी रस्मों को बंद किया जाये तथा जिन रस्मों में पैसों की बर्बादी होती है उनको भी बंद किया जाये। बैठक में एक 25 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। जो लिये गये फसलों को लागू करने पर नजर रखेगी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी बब्बू मंसूरी, रियाज मंसूरी, ताहिर मंसूरी, कय्यूम मंसूरी, मोईन उद्दीन मंसूरी, हाजी जफर सुलेमान, सरताज आलम, हाजी आलम, मुस्तकीम मंसूरी, कामिल मंसूरी, जुबैर मंसूरी, दुल्हे हसन मंसूरी आदि मौजूद रहे।



# मादक पदार्थ की तस्करी में चार युवकों को सजा

## दोषियों पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एनडीपीएस के एक व गैंगस्टर एक्ट के दो मामलों में अदालत ने दो सगे भाईयों समेत चार लोगों को सजा सुनाई है। दोषियों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़ा मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा है। साल 2011 में पुलिस ने गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर के रहने वाले सूबे सिंह उर्फ सिबिया को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तारी की थी। तभी से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को केस की आखिरी सुनवाई के दौरान अदालत ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य को आधार पर सूबे सिंह को दोषी माना। उसे नौ महीने 29 दिन जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। वहीं, गैंगस्टर एक्ट का एक मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र से संबंधित था। साल 2022 में तत्कालीन थानाध्यक्ष ने गांव कांकर सराय के रहने वाले सगे भाई छोटू उर्फ शफी व रफीक उर्फ रफी के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों भाई गैंग बनाकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। बीते करीब तीन साल से यह मामला अदालत में विचाराधीन चल रहा था। अंतिम सुनवाई के दौरान मंगलवार को कोर्ट ने दोनों भाईयों को दो साल एक महीने जेल की सजा सुनाते हुए दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। गैंगस्टर एक्ट का तीसरा मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र से जुड़ा है। साल 2012 में तत्कालीन थानाध्यक्ष ने संभल जिले के नखासा थानाक्षेत्र के मोहल्ला हिलाली सराय में रहने वाले रिजवान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार अदालत ने मामले में रिजवान को दोषी मानते हुए दो साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार का जुर्माना लगाया।

# हरिद्वार से कांवड़ियों की वापसी का सिलसिला शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार से वापस आने लगे हैं, जबकि हरिद्वार जाने वाले शिव भक्तों की

**■ कांवड़ियों की सुरक्षा को पुलिस ने कमर कसी**

भी काफी संख्या देखने को मिल रही है। कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। बता दें कि आने वाली 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। इस समय ट्रेनों व बसों और निजी वाहनों के माध्यम से श्रद्धालु हरिद्वार जा रहे हैं, वहां से कांवड़ भरकर ला रहे हैं। हरिद्वार से शिवभक्तों के वापस आने का सिलसिला मंगलवार को प्रारंभ हो गया है। वहीं कांवड़ियों की संख्या बढ़ती देखकर पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन का प्लॉन भी बनाया है। संभव है कि धनौरा मार्ग पर यदि कांवड़ियों की संख्या ज्यादा रही तो जीरो ट्रैफिक भी किया जा सकता है। वहीं हाईवे पर भी एक लेन कांवड़ियों के लिये सुरक्षित रहेगी, इसी के साथ ही हैवी ट्रैफिक के लिये रूट डायवर्जन रहेगा। कांवड़ियों की सेवा सत्कार के लिये धनौरा मार्ग एवं हाइवे पर सेवा शिविर भी लग रहे हैं। यहां पर श्रद्धालुओं के विश्राम, भोजन, स्नान व दवा आदि की व्यवस्थाएं रहेंगी। वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ मार्ग पर आवश्यकतानुसार पुलिस पिकेट लगाई जा रही हैं।

# तीन दोस्तों की शव यात्रा में हर आंख हुई नम

## बीते दिन सड़क हादसे में हुई थी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पाकबड़ा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले तीनों दोस्तों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। मुखाग्नि से पहले गांव में तीनों की अंतिम यात्रा निकाली गई। तीन दोस्तों की अर्थियां उठते ही परिजनों की चित्कारों के बीच लोगों की आंखों से भी आंसू छलक आए। गांव में दिनभर लोगों की जुबां पर तीनों की दोस्ती का चर्चा रहा, गमगीन माहौल में गांव के बाहर स्थित श्मशान घाट पर तीनों का दाह संस्कार कर दिया गया।

गौरतलब है कि डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां निवासी छात्र शिव, अमित व शोभित की सोमवार को हाईवे पर मुरादाबाद जिले में पाकबड़ा थाना क्षेत्र में गांव लोधीपुर राजपूत के पास सड़क हादसे में मौत हो गई थी। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे, सीएनजी पंप के सामने उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े कंटेनर में घुस गई थी। तीनों आईएफटीएम यूनिवर्सिटी से बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर रहे थे। बचपन से ही करीबी दोस्त थे, यूनिवर्सिटी में एक साथ दाखिल लिया था। पाकबड़ा पुलिस ने रात में तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। देर रात शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। रात में ही रिश्तेदार और परिचितों के अलावा आस-पास गांवों के लोग गांव पहुंच गए। मंगलवार को दिन निकलते ही परिजनों ने तीनों का अंतिम संस्कार करने की तैयारी शुरू कर दी। गांव में तीनों दोस्तों की अर्थी एक साथ अपने-अपने घरों से उठी। इसके बाद डिडौली पुलिस की मौजूदगी में गांव के बाहर स्थित श्मशान घाट पर एक साथ चिता को मुखाग्नि देते हुए तीनों दोस्तों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों की हालत देख अंतिम यात्रा में शामिल लोगों की आंखों से भी आंसू छलक आए।

# बॉक्सिंग में युविका ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अमरोहा स्पोर्टस एकेडमी के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर एक गोल्ड व दो कांस्य जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। कोच निर्भय विश्नोई ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कि 12 से 15 फरवरी को सहारनपुर में आयोजित की गयी थी उसमें युविका सिंह ने 52 से 55 किलोग्राम में गोल्ड जबकि अदिति सिंह ने 37 से 40 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता। हिरत ने 43 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। जिले में लौटने पर सभी विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मनीष सैनी, दिव्यांशी सैनी, दित्या राज, आयुष, अंकुश, पुनीत कुमार, शुभकंर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# इलैक्ट्रीशियन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पत्नी की तहरीर पर दो दोस्तों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। इलेक्ट्रीशियन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ घर से निकले थे। बाद में तलाश के बीच परिजनों को खून से लथपथ हालत में मिले। दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने दोस्तों को पति की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जयओम नगर का है। यहां पर सोनू सिंह का परिवार रहता है। पेशे से वह इलेक्ट्रीशियन थे। परिवार में पत्नी दुर्गेश व बच्चे हैं। 14 फरवरी की शाम को सोनू को मोहल्ले के ही रहने वाले दोस्त घर से बुला कर ले गए थे। काफी देर तक वह वापस नहीं लौटे। रात में करीब आठ बजे परिजनों को उनके खून से लथपथ पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर जाकर देखा तो सोनू गंभीर रूप से घायल थे। नाक और मुंह से खून निकल रहा था, कुछ बता पाने की भी हालत नहीं थी। परिजनों ने तुरंत पाकबड़ा स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां से उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया था। उपचार के दौरान वहां सोनू की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में मृतक की पत्नी दुर्गेश की तहरीर पर अमित व सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# समाजसेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें: विरेन्द्र

## रासेयो सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेएस हिन्दू पीजी कालेज के प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वयं सेवक एवं सेविकाएं कैम्प में समाजसेवी की जो बातें सीखती हैं उन्हें अपनी जिंदगी में अमल करें।

कैलसा रोड स्थित परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। स्वयं सेवक एवं सेविकाएं इसमें बढ़ चढकर हिस्सा लें। जो बातें शिविर में सिखायी जाती है। उन्हें जीवन में उतारें। छात्र छात्राओं ने गांव हैरतपुरा एवं भजनपुरी में पहुंचकर ग्रामीणों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. पियूष कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों इकाईयों के करीब सौ विद्यार्थी इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर डा. सविता, डा. राजकिशोर शुक्ला, डा. अरविंद कुमार, डा. नवनीत विश्नोई भी मौजूद रहे।



# प्लॉट पर अवैध कब्जे का प्रयास

**अमरोहा**। प्लॉट स्वामी पर भू माफियाओं पर प्लाट पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। मौहल्ला पीरजादा निवासी फुरकान अहमद पुत्र रिजवानुल इस्लाम ने कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है कि उसका एक प्लाट मोहल्ला मोहम्मदी सराय चूना भट्टी के समीप है। जिसमें कुछ निर्माण हो चुका है जबकि कुछ जगह खाली पड़ी है। खाली पड़ी जमीन में भूमाफियाओं ने निर्माण सामग्री डालकर प्लाट को कब्जाने का प्रयास किया है। प्लाट की देखभाल मोहल्ला शिवद्वारा निवासी इकराम करता है। भूमाफियाओं ने उसे भी डांट डपटकर भगा दिया।

# तहसीलदार धनौरा को कारण बताओ नोटिस

**मंडी धनौरा**। जनसुनवाई समाधान प्रणाली आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के मामले में गुणवत्तापरख निस्तारण आख्या न भेजे जाने शिकायतकर्ताओं के असंतुष्ट होने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी ने तहसीलदार मंडी धनौरा को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। तहसीलदार को तीन दिवस के भीतर नोटिस का जवाब देने के निर्देश दिए हैं। समय पर जवाब न देने पर कार्यवाही की चेतावनी दी हैं।

# गंगा में उतराता मिला व्यक्ति का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। गंगा धाम तिगरी में एक व्यक्ति का शव उतराता मिला। यह देखकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिये भिजवाया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव तिगरी धाम में मंगलवार की अपरान्ह में कुछ ग्रामीणों ने एक युवक का शव उतराता देखा, जिसे देखकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई, पुलिस ने शव को गंगा से बाहर निकालकर कब्जे में लिया, और उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिये भेज दिया।

**गंगा में मिली युवती की सरकटी लाश की भी नहीं हो सकी है शिनाख्त** बता दें कि 09 जनवरी 2025

**■ नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस ने शव मोर्चरी पर भेजा**

को गंगाधाम तिगरी में एक युवती की लाश मिली थी, जिसका सिर नहीं था। युवती का शव बोरे में था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया था, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं सकी थी। पुलिस ने उसकी पहचान के लिये अखबारों में इश्तिहार आदि भी प्रकाशित कराया था और आसपास के थाना क्षेत्रों से भी सम्पर्क करके इस तरह की उम्र व हुलिया वाली युवती की गुमशुदगी आदि का पता करया था मगर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। बता दें कि गंगा में दूसरे स्थान पर हत्या आदि करके अपराधी शव को बहा देते हैं, तिगरी में कई बार ये शव आकर रूक जाते हैं। युवती के शव के मामले में भी इस तरह के ही कयास लगाए जा रहे हैं।

# प्रधान पद के लिए वोटिंग आज

**अमरोहा**। प्रधान पद के उप चुनाव के लिए पार्टियों रवाना किया गया। बताते चलें कि ब्लाक क्षेत्र के गांव हादीपुर कलां में सपा नेता नरेन्द्र चौहान की पत्नी ग्राम प्रधान की मृत्यु हो गयी थी। जिस कारण यहां उपचुनाव कराया जा रहा है। बुधवार को प्रधान पद के लिए वोट डाले जायेंगे। जिसके लिए आज तीन पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। पंचायत उपचुनाव के लिए तीन बूथ बनाये गये हैं। जबकि चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। जबकि 2100 वोटर मतदान करेंगे।

# नन्हें छात्रों से मोबाइल पर प्रेरणा ऐप पढ़वाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में निपुण असिसमेंट परीक्षा सकुशल आयोजित की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने बताया कि कक्षा एक व कक्षा दो के पोर्टल पर चिन्हित 12--12 छात्रों का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुढ़नपुर से नामित पर्यवेक्षक शबरेज, हर्ष कुमार द्वारा असेसमेंट कराया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने मोबाइल पर प्रेरणा एप पर पढ़वाकर एवं नोटबुक पर लिखवा कर बच्चों का निपुण असिसमेंट कराया। और तय समयावधि में छात्र छात्राओं द्वारा निपुण दक्षता को हासिल किया। जिस आधार पर आकलन के तहत छात्र छात्राएं निपुण घोषित हुए। शीघ्र जनपद स्थल से प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर को निपुण घोषित किया जायेगा। यह निपुण असिसमेंट परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ होकर 24 फरवरी तक चलेगी। इस अवसर पर पर्यवेक्षक शबरेज, हर्ष कुमार, एआरपी विकास राहुल, संकुल शिक्षक संजय सिंह,विद्यालय के सहायक अध्यापक अमित कुमार, मनीष कुमार, अजय सागर, राशिद अली, संतराम सिंह, रेनू कंसल आदि मौजूद रहे

# भव्य रूप से निकलेगी शोभायात्रा

**हसनपुर**। मंगलवार को श्री शिव महादेव सेवा समिति की बैठक भव्य शोभा यात्रा निकाले जाने को लेकर शिवाला मंदिर पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इस बार भी शोभायात्रा को भव्य व आकर्षक बनाने का निर्णय लिया गया। इस बार की शोभायात्रा में अलीगढ़ की प्रसिद्ध अघोरी बारात को भी बुलाया गया है। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा भव्य रूप से निकल जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष रविशंकर सैनी, राजेंद्र यादव, मंकू सक्सेना, सर्वेश ठाकुर, नरेश ठाकुर, सुधीर कुमार, मनु अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# रैली निकाल समझाए यातायात के नियम

**मंडी धनौरा**। भागीरथी देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन सड़क सुरक्षा दिवस मनाया गया। स्वयंसेवियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियम बताते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ एमपी शर्मा ने मां सरस्वती के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के दूसरे सत्र में प्रवक्ता अवनीश कुमार ने स्वयं सेवको को सड़क सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन पर हेलमेट और कार चलाने के दौरान सीट बेल्ट पहनने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रचार्य डॉ अभय कुमार, ममता अग्रवाल, अवनीश कुमार, सुधारानी, बृजेश कुमार, देवेंद्र कुमार, दिष्ठा, सानिया, रिया, उपासना, साक्षी, शिन्तू, पलक, मनोज, रूद्र, सचिन आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन व ईओ का जताया आभार

**हसनपुर**। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी और अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को गुलदस्ता और शील्ड भेंट किया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक धर्मवीर जाटव, अध्यक्ष फतेहचंद, संयोजक और कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# डीएम साहिबा! प्रशासन को चुनौती देने वाले अस्पताल पर कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा विभाग

## सील अस्पताल में ऑपरेशन कर प्रशासन को दी थी खुली चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। जनपद की तेजतर्रार जिलाधिकारी आईएएस निधि गुप्ता वत्स अवैध अस्पतालों पैथोलॉजी लैब को लेकर बेहद सख्त हैं। उनके स्पष्ट निर्देश हैं कि जनपद में कोई भी अवैध अस्पताल या पैथोलॉजी लैब संचालित नही होने दी जायेगी. लेकिन इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से इनपर अंकुश नही लग पा रहा हैं। अस्पताल को सील कर कानूनी कार्यवाही न कराना भी स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि जिस अस्पताल संचालक ने सील के बाद भी अंदर ऑपरेशन के जरिए प्रसव करा प्रशासन को खुली चुनौती दे दी उस अस्पताल संचालक के विरुद्ध भी स्वास्थ्य विभाग कोई कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

31 दिसंबर 2024 को सील हुए सिटी नर्सिंग होम के संचालक ने बीती 16 फरवरी को सील अस्पताल के भीतर ऑपरेशन से प्रसव कराकर प्रशासन को खुली चुनौती दे दी। इसकी भनक लगने के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सिटी नर्सिंग होम के दूसरे गेट को भी सील कर प्रसूता को इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन सील अस्पताल के अंदर ऑपरेशन करने वाले अस्पताल संचालक के विरुद्ध अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करायी गयी हैं ना ही इससे पहले 31 दिसम्बर को सिटी नर्सिंग होम को सील करने के बाद कोई मुकदमा दर्ज कराया गया था। इससे यह कहना गलत नहीं होगा कि स्वास्थ्य विभाग सिटी नर्सिंग होम पर पूरी तरह से मेहरबान है। वहीं 24 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शेरपुर मार्ग स्थित अवैध अस्पताल पर छापेमारी की यहां अस्पताल में झोलाछाप ऑपरेशन के जरिये प्रसव कराता मिला विभाग ने अस्पताल सील कर प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। तीन फरवरी को नोडल अधिकारी शरद कुमार ने गांव आजमपुर स्थित आशीर्वाद नर्सिंग होम को सील किया था। लेकिन अभी तक किसी भी अस्पताल संचालन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नही कराया गया। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में हैं कि स्वास्थ्य विभाग इनपर मेहरबानी क्यो बरत रहा हैं।

### सीएमओ से किया जाएगा जवाब तलब

**मंडी धनौरा**। मंडी धनोरा क्षेत्र में अवैध अस्पताल संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई न होने के मामले में सीएमओ की जवाबदेही तय की जाएगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा अवैध रूप से संचालित अस्पतालों को सील करने के बाद उनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई न होने व अस्पताल सील होने बावजूद अंदर ऑपरेशन से प्रसव करने व बाद भी संचालक के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं हुई ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई इसके बारे में सीएमओ से जवाब तलब किया जाएगा।

### नर्सिंग होम संचालक पर विभाग मेहरबान

**मंडी धनौरा**। 31 दिसंबर 2024 को सील हुए सिटी नर्सिंग होम को ढाई माह से अधिक का समय बीत गया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने पहले तो छोड़िए ताजा मामले में मुकदमा दर्ज नहीं कराया। ताजा मामला यह है कि सिटी नर्सिंग होम सेल होने के बावजूद भी अस्पताल में दो दिन पहले ऑपरेशन के जरिए प्रसव कर दिया गया। इसकी सूचना पर प्रशासनिक व स्वास्थ्य महक में में हड़कंप पहुंच गया टीम ने अस्पताल के दूसरे गेट को सील तो कर दिया लेकिन अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### तीन माह में तीन अस्पताल सीज, कार्रवाई शून्य

**मंडी धनौरा**। बीते तीन माह में मंडी धनोरा क्षेत्र में तीन अवैध अस्पताल सील हुई, जबकि एक अस्पताल दो बार सील हुआ कुल चार बार सीलिंग की कार्यवाही हुई। लेकिन किसी के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया. बीती 31 दिसम्बर को महादेव चुंगी स्थित सिटी नर्सिंग होम, 24 जनवरी को शेरपुर मार्ग पर एक मकान में चल रहे अस्पताल को सील किया यहां झोलाछाप ऑपरेशन के जरिये प्रसव भी करा रहा था, तीन फरवरी को गांव आजमपुर में आशीर्वाद जच्चा बच्चा केंद्र, फिर 16 फरवरी को पहले से ही सील सिटी नर्सिंग होम महादेव चुंगी के दूसरे गेट को सील किया गया लेकिन अभी तक मुकदमा किसी पर दर्ज नही कराया गया हैं। मंडी धनौरा के थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि थाने पर इन अस्पताल संचालकों के विरुद्ध कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। न ही कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य विभाग का कोई पत्र मिला है।

# छात्र-छात्राओं को समाजसेवा से जोड़ता है रासेयो

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गंगेश्वरी**। कस्बे में स्थित राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी के सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान नन्हें सिंह ने किया। उन्होंने शिविर में सिखाई जाने वाली बातों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। शिविरार्थियों ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्राम रहरा में आयोजित शिविर में शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि रासेयो छात्र-छात्राओं को समाजसेवा की भावना से जोड़ता है। शिक्षा केवल हमें पढ़ाई में ही आगे नहीं बढ़ाती बल्कि शिक्षा सर्वांगीण विकास करने का भी एक सशक्त माध्यम है। रासेयो भी उसी की एक कड़ी है। उद्घाटन के बाद शिविरार्थियों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दलीप कुमार के मार्गदर्शन में निर्धारित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार, विजेन्द्र कुमार, चमन सिंह, अजय कुमार, तोताराम आदि मौजूद रहे।



# रमाबाई महाविद्यालय के रोसेयो शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन कंपोजित विद्यालय फोंदापुर में किया गया । शिविर की विषय वस्तु 'भारत के लिए युवा

**■ फोंदापुर के कंपोजित विद्यालय में रहेगा शिविर**

एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो.महबूब अली गौरी, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान फौंदापुर ओमपाल सिंह व कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता रानी सागर के ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य व अन्य अतिथियों ने शिविरार्थियों को अच्छा स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.श्वेता अग्रवाल ने रासेयो के महत्तव के बारे में बताया। संचालन स्वयंसेविका श्रेया सिंह तोमर ने किया। महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ.चंद्रवीर सिंह, डॉ.इंद्रदेव सिंह , डॉ.मनोज कुमार, डॉ.संदीप कुमार, डॉ.अजय कुमार, धन सिंह रवि , डॉ.संयम व सीमा सिंह आदि ने शिविरार्थियों को अनुशासन में रहने की सीख दी। शिविर के आयोजन में हरपाल सिंह का सहयोग प्राप्त हुआ।



### आम सूचना

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा आदमपुर में श्रीमति सुमन गुप्ता का मूल बैनामा राजेन्द्र जनरल स्टोर के ऋण में दिनांक 25.10.2018 को बंधक किया गया था। ऋण दिनांक 09.05.2023 को बंद हो गया लेकिन शाखा में बैनामा नहीं पाया गया। उक्त बैनामे की चैन से संबधित मूल बैनामा दिनांक 18.02.2021 को श्रीमति सुमन गुप्ता पत्नी श्री रमेश चंद्र गुप्ता ने लगभग 167.23 वर्ग मीटर का है जो उपनिबंधक कार्यालय हसनपुर में वही नंबर की 01 की प्रति 3365 के प्रष्ठ 97/122 क्रमांक और 9548 के दिनांक 18.02.2021 को रजिस्ट्रीकृत एवं पंजीकृत है। यदि किसी को मिल जाए तो कृपया प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा आदमपुर को सूचित करें।

# उझानी में दिव्यांग युवक की मालगाड़ी से कटकर हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी ।** मंगलवार को थाना उझानी क्षेत्र के कासगंज बरेली रेलवे मार्ग पर उझानी स्टेशन के पास थाना उझानी क्षेत्र के गठौना के रहने वाले 35 वर्षीय दिव्यांग नीरज पुत्र अजयपाल आउटर के अंदर रेलवे पटरी पर लेट गया। मंगलवार 4 बजे के समीप कासगंज से बरेली जा रही मालगाड़ी से कटकर दिव्यांग नीरज की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस चौकी इंचार्ज उमेश यादव, एसआई राजेंद्र कुमार, कांस्टेबल संजीव राम सागर मौके पर पहुंच गए । वहीं देखने वालों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। दिव्यांग युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** गांव खंडुआ के ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में 19 फरवरी से शुरू हो रहे पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 171 पीत वस्त्रधारी महिला श्रद्धालुओं ने कलश उठाया। बैंड बाजा की धुन पर निकली कलश यात्रा से पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। मंगलवार को हवन पूजन अनुष्ठान के बाद यज्ञाचार्य स्वामी कृष्णाचार्य जी महाराज के द्वारा कलश यात्रा को नगर भ्रमण के लिए भेजा गया। मंदिर परिसर से कलश यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके बाद कलश यात्रा मुख्य मार्ग, होली चौक, नगरिया, बुद्ध नगरिया, पोस्ट ऑफिस रोड होती हुई यज्ञशाला पर पहुंची। यज्ञशाला पर पहुंचने के बाद सभी श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री हरि की आरती की। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष पंडित राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय, सोमदत्त शर्मा, अनुज जौहरी, डॉ मुनीश उपाध्याय, एडवोकेट चाहत उपाध्याय,रोहित यादव भट्टे वाले, हिमांशु शर्मा, गौरव पाठक, पुष्पेंद्र यादव, अतर सिंह यादव, नितिन गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। '171श्रद्धालु महिलाएं एवं झांकियां ने मोह लिया मन' कलश यात्रा में आधा दर्जन से अधिक गांव की 171 श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया था। इतनी लंबी श्रद्धालु महिलाओं की कतार देखने के लिए आसपास के गांव से भी श्रद्धालु उमड़ पड़े। इसके अलावा काली अखाड़ा, शिव तांडव स्त्रोत, राधा कृष्ण का डांडिया की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालु महिलाओं पुरुष ने डीजे की धुन पर जमकर डांस किया एवं रंग गुलाल उड़ाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। '23 फरवरी तक लगेगी यज्ञ परिक्रमा' कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय ने बताया, 19 फरवरी से प्रतिदिन यज्ञ परिक्रमा होगी। 23 फरवरी को पूर्ण आहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन दोपहर में कथा का आयोजन भी होगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से यज्ञ आयोजन में आने की अपील की है।

# पालिकाध्यक्ष ने नाले-सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्ञानदेवी एवं उनके पति ओमप्रकाश सागर ने मंगलवार को नगर के कछला रोड गांधी पार्क के निकट बन रही सड़क एवं बिसौली-कासगंज बाईपास मार्ग पर बने रहे नाले निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण की गुणवत्ता परखी। उन्होनें बताया कि नगर के नैथुआ मार्ग एवं गांधी पार्क के सामने पालिका द्वारा 15वें वित्त आयोग से करीब 49 लाख रुपए की धनराशि से सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इन सड़कों के निर्माण होने के बाद नगर एवं क्षेत्र की जनता को जर्जर सड़कों से काफी राहत मिल जाएगी। लंबे समय से दोनों सड़क काफी जर्जर स्थिति थी। जिससे लोगों को इधर से गुजरने में काफी असुविधा होती थी। उन्होनें बताया कि जल निकासी योजना के तहत नगर के बिसौली-कासगंज बाईपास मार्ग पर करीब एक कोरड़ की धनराशि से एक किलोमीटर लंबे नाले का निर्माण आरसीसी के माध्यम से कराया जा रहा है। उक्त नाले का निर्माण होने के बाद मोहल्ला संख्या पांच में होने वाली जलभराव की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। उन्होनें दोनों निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा। निर्माण कार्य सही मिलने पर संतोष व्यक्त किया और संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के लिये निर्देशित किया।

# बैरमई खुर्द में 19 फरवरी को होगा प्रधान पद के लिए मतदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** अंबियापुर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैरमई खुर्द में प्रधान पद के लिए आज 19 फरवरी को उप चुनाव के तहत मतदान किया जाएगा। जिसके लिए आज मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय से मतदान के लिए तीन बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों रवाना हो गई। यहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक गांव के लोग मतदान कर सकेगें। निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार ने बताया बैरमई खुर्द में ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए उपचुनाव हो रहा है।

जिसको लेकर तीन पोलिंग पार्टियों ब्लॉक कार्यालय से रवाना किया गया। यहां 19 फरवरी को सुबह सात बजे से मतदान होगा। तीन बूथों पर करीब 1528 लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगें। उन्होनें बताया कि प्रत्येक बूथ स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। ताकि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष हो सके।

# चोटी वाले मियां साहब का उर्स 24 फरवरी से होगा शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शहर के मोहल्ला वैदों टोला चक्कर सड़क स्थित हजरत शाह नसीरउद्दीन हुसैन, हसनी हुसैनी, रहमतुल्लाह अलैह, चोटी वाले मियां साहब का उर्स कल गुरुवार से शुरू होगा। 24 फरवरी दिन सोमवार शाम बाद नमाज अस्र मोहल्ला फरशोरी टोला में शाहिद हुसैन, साजिद हुसैन नसीरी के घर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चादर दरगाह जाएगी। 25 फरवरी सुबह कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उर्स में शहर के अलावा दूर दराज से अकीदतमंद उर्स में शामिल होते हैं। यह जानकारी दरगाह के मुरीद शाहिद हुसैन के पोत्र और साजिद हुसैन नसीरी के पुत्र मोहम्मद अरशद नसीरी और राशिद हुसैन नसीरी ने दी है।

# अलखपुर धाम पर बालाजी दरबार में है चमत्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** निकटवर्ती अलखपुर धाम (अल्लैहपुर) में बालाजी मंदिर महल कृष्ण चंद्र मिश्रा के सानिध्य में दिनों दिन चमत्कार होता जा रहा है। स्वर्गीय मथुरा प्रसाद मिश्र के कृपा पात्र श्री कृष्ण चंद्र जी की बालाजी की कृपा ने मंदिर की काया पलट कर रख दी है।

हजारों की तादाद में श्रद्धालु यहां आते हैं। और श्री हनुमान जी महाराज की भक्ति प्राप्त कर निज मन की मनोकामनाएं सिद्ध करते हैं। महंत जी के कथन अनुसार लगभग 108 लोगों की दरबार में हाजिरी लगाने से सरकारी नौकरी मिल गई, और सैकड़ो का व्यापार चल पड़ा। हजारों को घर क्लेश से मुक्ति मिल गई। और लाखों की तादाद में भक्तगण सुमति की राह पर चलकर भारतीय संस्कृति का अनुसरण कर रहे हैं। और सुख समृद्धि वैभव को प्राप्त कर रहे हैं।

चंदौसी के ठाकुर उदराज सिंह बताते हैं कि जिस दिन से अलखपुर धाम पर बालाजी दरबार में हाजिरी लगाई है। तब से शारीरिक बीमारियों से निजात मिली है। लखनऊ के श्रीपति विश्वास ने बताया कि लगातार चार हाजिरी लगाने से उनके बेटे की नौकरी लग गई। दिल्ली के नवनीत खुराना शीशगंज से बताते हैं कि जब से संकट मोचन बालाजी दरबार में हाजिरी लगाएं हैं। तब से व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की होने लगी है।

साहित्य आचार्य देवी राम जी बताते हैं, कि अलखपुर धाम बालाजी दरबार पर सत्य शिवम सुंद. रम की घटा भक्तों में बिखर रही है। और शांति का अनुभव श्री बालाजी के चरण में हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला पदाधिकारी सागर शर्मा जी कहते हैं, जब से मैंने अलखपुर धाम बालाजी की हाजिरी लगाई है मैं सुख समृद्धि वैभव की ओर अग्रसर लगातार हो रहा हूं। राम भक्त की शरण में आओ और कष्ट मिटाओ।

# 19 फरवरी को होगा किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 19 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें। कृषक अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए किसान दिवस में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

# डीएम ने देर रात्रि किया रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने रविवार की देर रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने महाकुंभ यात्रियों के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया।

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को क्राउड मैनेजमेंट पर कार्य करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि महाकुंभ जैसे महापर्व में जा रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रेलवे स्टेशन व बस अड्डे में समुचित सफाई व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को नियमित रूप से रेलवे स्टेशन व बस अड्डे का निरीक्षण कर दी जारी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के रखने के लिए कहा। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार गरीबों, किसानों एवं युवाओं की सरकार: विनय कुमार सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत।** स्थानीय कस्बे में नखासा रोड पर बने सीसी रोड का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह के बड़े भाई एडवोकेट विनय कुमार सिंह ने फीता काट कर किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों किसानों एवं युवाओं की सरकार है जिसमें बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष तरीके से विकास किया जाता है उन्होंने कहा कि उसहैत हमारे परिवार की कर्मभूमि है और यहां हर व्यक्ति हमारा और हर व्यक्ति के हम हैं उन्होंने कहा कि हमारी भाजपा सरकार के द्वारा पूज्य कालसेन बाबा मंदिर के विकास के लिए पैसा दिया और जीर्णोद्धार कराया उसहैत के प्राचीन जिंद बाबा मंदिर के लिए एक करोड सत्तावन लाख टाउन एरिया खाते में आ चुके हैनिर्माण कार्य शीघ्र शुरू करा दिया जाएगा उन्होंने चेयरमैन नबाव हसन से कहा कि चेयरमैन बिना संकोच के उसहैत का सर्वांगीण विकास करायें बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी कार्यक्रम में चेयरमैन नबाव हसन,युवा मंच संगठन के अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता मनू गौरव गुप्ता रामप्रकाश गुप्ता महेश गुप्ता कुलदीप कुमार सिंह मुन्ना सिंह पवन मिश्रा आदि मौजूद रहे इसके अलावा भाजपा नेता विनय कुमार सिंह ने वैश्य समाज और वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया।

# योग संस्था के सदस्यों ने 20 टीबी के मरीजों को लिया गोद,पोषण पोटली की भेंट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला क्षय रोग अधिकारी की अध्यक्षता में डायट ऑडिटोरियम स्थित टीबी के मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योग टीम संस्था के योगाचार्य गिरधारी लाल एवं उनके सदस्यों द्वारा 20 टीबी के मरीजों को गोद लिया। गोद लिए गए सभी टीबी के मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई गयी एवं उनका टीबी का इलाज पूर्ण होने तक उनके स्वास्थ्य की पूर्ण जिम्मेदारी भी ली गयी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विनेश कुमार ने बताया कि टीबी के मरीज समय से पूर्ण 6 माह इलाज लेने पर पूरी तरह से स्वस्थ हो जाते है कोई भी मरीज बीच में इलाज ना छोड़ें नहीं तो टीबी और खतरनाक हो सकती है एवं जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा एह भी बताया गया की 24 मार्च तक 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें ऐसे लोगों को चिन्हित करना है जिसमें टीबी होने की सम्भावना अधिक होती है उन सभी की टीबी की जांच एवं एक्स-रे कराना है जिस से कोई टीबी का मरीज इलाज से छूट ना जाये।कार्यक्रम में योग टीम संस्था के योगाचार्य गिरधारी सिंह राठौर,एवं उनके सदस्य गण, डॉ आर पी सिंह,दिनेश कुमार शर्मा,आवेश पाल सिंह, योगेंद्र पाल सिंह, मुकेश सारस्वत, यश सारस्वत, चंद्रप्रकाश, वीरेंद्र कुमार, मदन लाल पाल, सुरेश पाल सिंह, किशन लाल, मनोज चंदेल, ऋषिकेश,संदीप राजपूत, आसिफ रजा, सुदेश सक्सेना, शाहिद हुसैन, उमाशंकर उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग अधिकारी ने योग संस्था के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर समाजसे. वियों से अपील की गई। उन्होंने ने कहा कि समाजसेवी संस्थाएं आगे आकर बढ़ चढ़कर टीबी के मरीजों को गोद लें जिससे उनके जीवन को बेहतर किया जा सके।

# एक नजर

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती का होगा उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** रस्तोगी धर्मशाला निकट आर्य समाज चौक स्थित बुधवार को हिंदवी स्वराज्य की स्थापना करने वाले वीर मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज का जयंती उत्सव समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाषण स्पर्धा एवं शोभायात्रा का आयोजन होगा। मराठा परिवार आयोजन की तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम संयोजक श्रीकांत मराठा ने बताया- भाषण स्पर्धा प्रात: 9:15 बजे तीन वर्गों में होगी। स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा. मुख्य वक्ता कुलदीप मिश्रा रहेंगे। श्रीकांत ने कहा- बच्चों का सर्वांगीण विकास छत्रपति शिवाजी महाराज के विचार इसी मंच से प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम में शहरके विद्यालयों के छात्र- छात्राएं भाषण स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगे। अपराह्न 4:00 बजे से छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभा यात्रा शहर के आर्य समाज चौक से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, मढ़ई चौक, काली सड़क, पथिक चौक, टिकटगंज होते हुए वापस और समाज चौक रस्तोगी धर्मशाला पर संपन्न होगी।

## मृतका के पिता ने पति के विरुद्ध पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान ।** गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी कार्यवाही हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव जालिम नगला निवासी श्यामलाल ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पुत्री बबीता की शादी अप्रैल 2023 में सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला अकबराबाद निवासी किशन के साथ हुई थी शादी के कुछ महीने बाद गर्भवती होने पर वह पति के साथ गुड़गांव में रह रही थी 15 फरवरी को बबीता की तबीयत अचानक बिगड़ गई मृतका का पति किशन उसे सीधे अस्पताल ले जाने के बजाय पहले झाड़-फूंक के लिए ले गया जब स्थिति गंभीर हो गई, तब उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतका के परिजनों का आरोप है कि समय पर उचित इलाज मिलता तो उनकी बेटी की जान बच सकती थी सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ओर पड़ताल शुरू कर दी प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होंगी कार्यवाही।

## आवश्यक सूचना

**दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र को जनपद बदायूं की तहसीलों अथवा ब्लॉक में संवाददाता की शीघ्र आवश्यकता है , ग्रेजुएट और अनुभवी सपर्क करें।**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219 , 9411827221

Email mkkhan 741@gmail-com

# डीएम ने की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के कार्यों की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।**जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को मा0 मुख्यमंत्री जी जनपद मुरादाबाद में योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान अंतर्गत 677 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 123 बैंकों द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं तथा इन स्वीकृत आवेदन पत्रों में से 23 लाभार्थियों के ऋण भी वितरित कर दिए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, जिला समन्वयक राजेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य बैंक अधिकारी व प्रति. निधि मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद उझानी के विरुद्ध कांग्रेस का धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 18 फरवरी को ग्राम नरऊ में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंमकार सिंह के नेतृत्व में पूर्व में तय कार्यक्रम अनुसार नगर पालिका परिषद उझानी के नाले को बंद करने हेतु कांग्रेस जनओंमकार सिंह के नेतृत्व में नाले पर



पहुंचे जहां पर उझानी प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार द्वारा रोक कर बताया गया कि एसडीएम साहब आने वाले हैं इंस्पेक्टर उझानी के आश्वासन पर कांग्रेस जन वहीं नाले पर धरने पर बैठ गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया, अपराह्न 2:30 पर एसडीएम सदर मोहित कुमार धरना स्थल पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उझानी के साथ पहुंचे जहाँ पर एसडीएम सदर ने धरना प्रदर्शन में जानकारी दी कि नाले का निर्माण दो महीने में शुरू हो जाएगा तथा बीस करोड़ का बजट पास हो गया अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उझानी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह के नाम एक पत्र दिया जिसमें कि एक खतौनी भी संलग्न है जिसमें कि तेरह फरवरी 2025 को एक जमीन क्रय की गई है जिसमें कि नगर पालिका उझानी का गंदा पानी उसे जगह पर इकट्ठा होकर भैसोर नदी में गिरेगा।जिसके बाद जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों की सहमति के बाद धरना समाप्त कर दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा नगर पालि. का परिषद उझानी के नाले से शहर उझानी का गन्दा पानी नरऊ नगला मलिकपुर अचौरा, आदि ग्रामो में नगर पालि. का गंदे पानी से खेतों में फसले सड़ती गन्दा पानी पीने से 60% प्रतिशत लोग पीलिया से पीड़ित है अभी फिलहाल छोटेलाल पुत्र दोरी लाल, राकेश पुत्र रामचरण, सत्यपाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी नरऊ के घरों की दीवारें पानी से गिर गई और कई घरों की दीवार गिरने वाली है ओमकार सिंह ने धरने में अपने संबोधन में कहा एसडीएम सदर द्वारा अवगत कराया गया है की नाले का बजट 20 करोड़ का पास हो चुका है एवं नाले हेतु जमीन भी खरीद ली गयी है जिसको उन्होंने लिखित रूप में दिया है आगे अगर 2 महीने में नाले का निर्माण नही हुआ तो कांग्रेस जन 2 माह बाद 18 अप्रैल 2025 नाले को बंद कर देंगे। धरने पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव ,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण पाराशर, जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव अवधेश श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मुजाहिद अली, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लोकेश पंडित , सहसवान विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष हरवीर सिंह ,प्रदेश आउटरीज कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनिल उपाध्याय ने भी संबोधित करते हुए कहा कि अगर यह वादा भी पूर्व के बादों के तरह झूठा निकला तो कांग्रेस जन आगे किसी आश्वासन को नहीं मानेंगे ग्रामीणों के साथ उनकी लड़ाई लड़ेंगे ।

# गौ सेवा आयोग ने किया गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने मंगलवार को सर्किट हाउस में गौ सेवा से संबंधित सदस्यों की बैठक ली। विकास भवन सभागार में समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत एवं पशु पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली तथा अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल खेड़ा बुजुर्ग का निरीक्षण के दौरान कुछ गोवंश का स्वास्थ्य कमजोर मिलने पर रोष व्यक्त किया। मा0 सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने सर्किट हाउस में गौ सेवा से संबंधित सदस्यों के साथ आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए गौ सेवा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से आवहान करते हुए कहा कि गौसेवा प्रभु सेवा के समान है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में किसान सहभागिता योजना अंतर्गत निराश्रित गौवंश को लेकर उसकी सेवा करें। लाभार्थी के घर पर गोबर गैस का प्लांट बनवाया जाए जिससे वह गोबर का सदुपयोग गोबर गैस बनाने में कर सकें। सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने विकास भवन सभागार में समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ आहूत बैठक में गोवंश सहभागिता व गोबर गैस प्लांट की महत्वता पर प्रकाश डाला। उन्होंने गोबर, गोमूत्र की उपयोगिता के संबंध में जानक. ारी भी दी।

सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल खेड़ा बुजुर्ग का निरीक्षण किया, जिसमें 47 गोवंश पाए गए। गोवंश को खाने के लिए हरा चारा रखा हुआ पाया गया। कुछ गोवंश का स्वास्थ्य कमजोर था जिस पर मा0 सदस्य द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं ठीक ढंग से भरण पोषण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 समदर्शी सरोज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जायद संकर मक्का बीज का वितरण हेतु शासन ने नामित की संस्था व कम्पनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला कृषि अधिकारी जनपद के किसानों को सूचित करते हुए बताया कि वर्तमान में जायद संकर मक्का बुवाई का उचित समय चल रहा है, मार्च के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से जायद संकर मक्का का बुवाई करने की सलाह दी जाती है।

क्योंकि भुण्टे में दाना पड़ने के समय अधिक तापमान होने की दशा में परागण प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पडेगा, जिससे मक्का के भुन्टे में दाना पड़ने की सम्भावना बहुत कम या नगण्य होती है। उन्होंने बताया कि उ०प्र० शासन द्वारा जनपद बदायूँ हेतु संकर मक्का के संस. ूचित प्रजातियों की विक्रय हेतु राष्ट्रीय बीज निगम, एच०आई०एल० एवं मै० न्यूजीबीडू सीड्स कम्पनी व संस्था को नामित किया गया है, यह कम्पनी व संस्था द्वारा जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर स्टॉल लगाकर निर्धारित प्रजातियों की जायद संकर मक्का बीज का वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने कृषकों को सूचित किया कि इस संस्था व कम्पनी द्वारा संकर मक्का का बीज पूर्ण मूल्य में प्राप्त कर आवश्यक अभिलेखों सहित बिल की प्रति अपने राजकीय कृषि बीज भण्डार प्रभारी को उपलब्ध कराएं, जिससे डी०बी०टी० के माध्यम से अनुदान धनराशि सीधे कृषक के खाते में ट्रांसफर की जा सकें। जायद मक्का की कम्पनी/प्रजातियों में राष्ट्रीय बीज निगम- बायो-9544,मै० हिल इण्डिया लि० (एचआईएल) पूसा एचक्यूपीएम-1 (उन्नत), मै० न्यूजीबीडू सीड्स कम्पनी एनएमएच-920 है।

# मनरेगा में फर्जीवाड़ा: मुस्लिम युवकों के जॉब कार्ड में जोड़ा हिंदुओं का नाम, प्रधान के अधिकार सीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ग्राम पंचायत कुम्हरा की ग्राम प्रधान ने मुस्लिम समुदाय के युवकों के जॉब कार्ड में हिंदू समुदाय के युवकों का नाम जोड़ दिया। उसके बाद तीन साल तक मनरेगा से हुए कार्यों का भुगतान उनके खाते में किया गया। इसकी शिकायत होने पर डीएम ने प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए। जांच में उस अवधि में तैनात रहे ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों को भी दोषी माना गया है।

विकासखंड बिथरी चौनपुर के गांव कुम्हरा की प्रधान मंजू कुमारी हैं। गांव के ही अजय पाल, संजय आदि ने प्रधान के खिलाफ नियमों की अनदेखी करने, सरकारी धन हड़पने और शक्तियों का दुरुपयोग करने की शिकायत की थी। मामले की जांच जिला प्रोबेशन अधिकारी और डीआरडीए के सहायक अभियंता ने की।

सोमवार को यह रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम प्रधान की ओर से तीन मुस्लिम जॉब कार्ड धारकों के नाम पर हिंदू समुदाय के नाम जोड़कर मई 2021 से 10 जून 2024 तक मनरेगा का कार्य कराया गया। उसकी धनराशि भी खाते में ली गई। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने स्पष्टीकरण भी नहीं दिया।

जांच रिपोर्ट में कहा गया कि ग्राम प्रधान की इस हरकत से 1,49,011 रुपये की धनराशि की क्षति हुई है। ग्राम प्रधान के साथ-साथ तत्कालीन सचिव छेदालाल, सचिव शालिनी वर्मा, अजय वंश और भगवान दास दोषी हैं। डीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान का वित्तीय अधिकार सीज कर दिया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दलालों व बिचौलियों से रहें सावधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी डूडा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पूर्णतया निःशुल्क है। किसी व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये किसी प्रकार की धनराशि किसी को नहीं दिया जाना है। उक्त योजना के लाभार्थी को मिलने वाली अनुदान धनराशि सीधे उसके खाते में जाती है, यदि कोई व्यक्ति आवास का लाभ दिलाये जाने हेतु धनराशि की मांग करता है, अथवा मोबाइल व अन्य स्रोत से अवैध धनराशि की मांग की जाती है, तो डूडा कार्यालय, सम्बन्धित नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत कार्यालय में सूचित करें। किसी भी जानकारी के लिये स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर सम्पर्क करें। दलालों व बिचौलियों से सावधान रहे।

# आखिर पुलिस को क्यों नहीं दिखाई देता अवैध खनन

- बेखौफ होकर दिन में दौड़ रहीं मिट्टी भरी ट्रॉलियां
- एक सप्ताह पूर्व ही पकड़ा गया था पुलिस की सेटिंग से चलता अवैध खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** एक सप्ताह पूर्व नौ फरवरी की रात शिकायत के बाद पकड़े गए अवैध खनन के बाद भी कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में अवैध खनन थम नहीं रहा है। पुलिस चौकी रिछा क्षेत्र में दिन में मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेखौफ होकर दौड़ रही हैं। नौ फरवरी की रात को देवरनियां थाना क्षेत्र के हल्का नम्बर चार में बड़े पैमाने पर अवैध खनन को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने पकड़ा था। यह खनन दो माह से पुलिस की सेटिंग से चल रहा था। सूत्रों की मानें तो पुलिस से खनन माफियाओं की डील फिर हो गई है।

बरेली-नैनीताल हाईवे किनारे रिछा रेलवे स्टेशन के ठीक सामने एक प्लॉट को पाटा जा रहा है। रिछा चौकी क्षेत्र में तोध अवैध खनन बे खौफ होकर चल रहा है।

रिछा-जहानाबाद मार्ग पर दिनध में अवैध खनन कर मिट्टी ढोती हुई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गुजरती हैं, मगर इस पर पुलिस की नजर नहीं पड़ती है। जाहिर है कि यह सब पुलिस की शह पर हो रहा है। इधर एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव का कहना है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। अगर इसमें पुलिस कर्मियों की भूमिका पाई गई तो उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### जनसुनवाई पोर्टल की समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारीय प्रशासन दिनेश कुमार द्वारा जनसुनवाई (आईजीआरएस) की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी के चैम्बर में सम्पन्न हुई, जिसमें जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक की समीक्षा कर शिकायतकर्ता से अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा स्वयं वार्ता की गई है, जिसमें उनका फीडबैक पुनः प्राप्त किया गया।

बैठक में निर्देश दिए गए कि समस्त शिकायतकर्ता से वार्ता एवं पूर्ण निस्तारण उपरांत ही आख्या अपलोड की जाये, शिकायतकर्ता से असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर सम्बंधित अधिकारी पर कार्यवाही कर शासन स्तर पर अवगत कराया जायेगा। बैठक में अवगत कराया गया कि बिना साक्ष्य, फोटो, ब्यान के आख्या अपलोड न की जाए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, नोडल आईजीआरएस चिकित्सा विभाग, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं समस्त पूर्ती निरीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### डंपर की टक्कर से छात्रा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आंवला में भूतेश्वर मंदिर के समीप रामनगर रोड पर डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार हाईस्कूल की छात्रा गंभीर घायल हो गई। आंवला के मोहल्ला मिर्जापुर निवासी मनु (15 वर्ष) पुत्री मनोज कुमार मंगलवार सुबह करीब नौ बजे कोचिंग से लौट रही थी। भूतेश्वर मंदिर के समीप बरेली की तरफ से आ रहे डंपर ने छात्रा को चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने छात्रा को सीएचसी भेजा।

प्राथमिक उपचार के बाद उसे बरेली रेफर कर दिया गया। उसे मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा के पिता सेना में हैं। वह 15 दिन पहले छुट्टी खत्म होने के बाद वापस ड्यूटी पर गए थे। छात्रा की हालत गंभीर बताई गई है। उधर, हादसे के बाद डंपर लेकर चालक फरार हो गया। स्थानीय युवकों ने डंपर चालक का करीब 10 किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन उसे पकड़ नहीं सके। हालांकि युवक ने डंपर को नंबर नोट कर लिया है।

# बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया, पांच दर्जन बकाएदारों के कांटे कनेक्शन, पच्चीस पर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** मंगलबार को बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर पांच दर्जन बकायदाओं के कनेक्शन काट दिए चोरी की लाइट जला रहे पच्चीस कनेक्शन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई से विद्युत चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया एक लाख रुपए से अधिक के पांच बड़े बकाएदारों के केवल उतारलिए गए दस हजार से पचास हजार तक के बकाएदारों पचास कनेक्शन विद्युत पोल से विच्छेद किए गए

कस्बा में विद्युत विभाग टीम ने बिजली चोरी व बकाएदारोंके खिलाफ मंगलबार को चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें पांच दर्जन बकायदरोंके कनेक्शन काट दिए गए अधीक्षण अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह व एस डी ओ अंकित दुवेदीके नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम अगरास व ग्राम पिपरिया और कुरतरा में चेकिंग की गई में चोरी की लाइट जला रहे पच्चीस लोगों मुकदमा दर्ज की गई अवर अभियंता रमेश गौतम ने अपनी टीम के साथ चेकिंग अभियान चलायाअभर अभियंता रमेश गौतम ने कहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# प्लॉट को लेकर हुए विवाद में दूसरे पक्ष के आठ लोगों पर मुकदमा

- दो महिलाओं सहित 20-25 अज्ञात पर भी रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** प्लॉट पर कब्जा करने को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि झूठा मुकदमा कराने के मकसद से सईद अहमद व उसके परिवार वालों ने उसके प्लॉट की दीवार गिराई थी। तीन दिन पूर्व जब वह प्लॉट पर पहुंची थी, तब उक्त लोगों ने उसे बुरी तरह मारा पीटा, और जान से मारने की भी धमकी दी।

जानकारी के मुताबिक शिव कॉलौनी आर्य नगर थाना बहेड़ी निवासी मंजू पत्नी हरीश चन्दपाल का कहना है कि उसके नाम शेखूपुर मार्ग पर एक आवासीय भूमि है, जो कि उसकी पैतृक है। दिनांक 06.02.2025 को सुबह उसको पता चला कि सईद अहमद पुत्र बशीर अहमद, वसीम अहमद, नसीम अहमद, तस्नीम अहमद, फहीम अहमद पुत्रगण सईद अहमद व मोहम्मद शहिद, मोहम्मद राशिद पुत्रगण शकील अहमद व मो0 जावेद निवास. ीगण मोहल्ला टांडा बहेड़ी व 20-25 लोग उसके प्लॉट के बाहर की दीवार गिरा रहे हैं। उसके पति ने अपने भतीजे टीकम सिंह व अन्य लोगों को वहां भेजा तो पता चला कि सईद अहमद व उसके साथ आये लोग प्लाट की चारदीवारी जेसीबी मशीन से गिरा रहे थे, जिसपर टीकम सिंह ने विरोध किया तो सईद अहमद व उक्त गिरोह द्वारा एक राय मशवरा होकर अवैध असलहों, धाररदार हथियारों से टीकम सिंह व साथ गये अन्य लोगों पर हमला कर दिया। सईद अहमद व उसके पुत्र तथा अज्ञात लोगों के द्वारा कहा गया कि अगर दोबारा यहां दिखायी पड़े तो लाशों का ढेर लगा देंगे। घटना की जानकारी उसके पति द्वारा 112 पर पुलिस को दी गयी। इस घटना से मेरे पति हरीश चंदपाल का दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं था। और वह मौके मौजूद तक नहीं थे। दिनांक 14.02.2025 की सुबह को भी पता चला कि विपक्षी सईद अहमद एवं लोगों द्वारा मेरे प्लॉट पर अबैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।

महिला का कहना है कि मैं खुद मौके पर सुबह 9:30 बजे दो लोगों के साथ गयी तो यहां पर मौजूद उक्त लोगों ने उसका गला दबा दिया। उक्त लोग व दो अज्ञात महिलाएं व 20-25 आज्ञात लोग उसे बल पूर्वक घसीटने लगे, जिसके कारण मेरे कपड़े पूरी तरह से फट गये, उसके किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। उक्त लोगों ने बोला कि 10 लाख रुपये दे दे, नहीं तो तुझे व तेरे परिवार को जान से मार देंगे।

महिला का कहना है कि उक्त प्लॉट उसका पुशतेनी है, और सईद अहमद के द्वारा मा0 न्यायालय में झूठे प्रपत्र प्रस्तुत किये गए हैं। महिला का आरोप है कि सईद अहमद एक भूमाफिया है, और उसके खिलाफ थाना बहेड़ी में क्रिमिनल रिकार्ड भी है। सईद अहमद ने अपनी पहुंच का फायदा उठाकर झूठी रिपोर्ट दर्ज करा रखी है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी सईद अहमद, सलीम अहमद, नसीम अहमद, तसलीम अहमद, फहीम अहमद, शाहिद, राशिद, जावेद, दो अज्ञात महिलाओं व 20-25 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्वक, सकुशल एवं शुचितापूर्ण संपन्न कराना सभी का दायित्व: डीएम

- बरेली जनपद में 125 केन्द्रों पर देंगे लगभग 95 हजार परीक्षार्थी परीक्षा
- जनपद में बनाए गए हैं सात जोन व 15 सेक्टर, 124 स्टेटिक मजिस्ट्रेट किए गए हैं नियुक्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने मंगलवार को संजय कम्यूनिटी हॉल में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2025 से संबंधित समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल पुलिस अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्वक, सकुशल एवं शुचितापूर्ण संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी 24 फरवरी से 12 मार्च तक यूपी बोर्ड की परीक्षांए हैं। बरेली जनपद में लगभग 95 हजार परीक्षार्थी 125 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगें, जिस हेतु 124 परीक्षा केन्द्र विद्यालयों में तथा एक परीक्षा केन्द्रीय कारागार में बनाया गया है। जनपद में सात जोन व 15 सेक्टर बनाये गये हैं। जिसमें 124 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। परीक्षा ड्यूटी में पुलिस स्टेटिक अधिकारी भी लगे हैं, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसका नम्बर 0581-2427433 है, लेकिन इस बड़ी व्यवस्था के लिए मात्र एक कन्ट्रोल रूम काफी नहीं है, इसलिए जोनल स्तर पर व्हाटसएप ग्रुप बनाये जाएंगे। जिसमें प्रत्येक केन्द्र के चार मुख्य अधिकारी रहेंगे, और कोई समस्या होने पर ग्रुप के माध्यम से सूचनाओं का अदान-प्रदान करेंगें।

बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर जो अधिकारी लगाए गए हैं, वह आपस में मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से शेयर कर लें। सक्षम अधिकारी कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाकर उसकी प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में भी दे दें। बैठक में बताया गया कि मेडिकल के आधार पर बिना सीएमओ की लिखित संस्तुति के किसी को छूट नहीं मिलेगी। किसी प्रकार का कोई डाउट, संशय हो तो अभी से बता दें, किसी भी कर्मी से समस्या हो तो उसे भी बता दें। बैठक में बताया गया कि परीक्षा केन्द्रों से उत्तर पुस्तिकायें संग्रह करने हेतु छह गाड़ियां लगायी गयी हैं। पुलिस अधिक्षक यातायात देखेंगे, इन गाड़ियों को ट्रैफिक जाम की वजह से समस्या न हो। निर्देश दिए गए कि केन्द्र व्यवस्थापक केन्द्र के अन्दर जितनी भी ड्यूटियां लगी हो चाहे तो वह सफाई कर्मी की ही क्यों न हो, उसकी लिस्ट बनाकर पुलिस को उपलब्ध करा दें। जनपद के आठ संवेदनशील तथा छह अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस अधिकारियों द्वारा निरन्तर चेकिंग की जायेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र पर तैनात पुलिस बल, केन्द्र व्यवस्थापक, वाहय केन्द्र व्यवस्थापक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति प्रति पाली बण्डल वाहक के माध्यम से निर्धारित प्रारूप पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाएगी।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक ने निर्देश दिये कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराना है, फलस्वरूप बोर्ड परीक्षाओं में बहुत संवेदनशीलता बरती जा रही है। आप सब को भी अपनी जिम्मेदारियों को गम्भीरता से लेना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा संस्था के अधिकारी व कर्मचारी अथवा परीक्षा के संचालन के लिए लगाए गए संस्था के प्रबंधन/कर्मचारी द्वारा परीक्षार्थी को अनुचित सहायता देने या देने का प्रयास करने पर 10 साल तक के कारावास एवं 10 लाख तक का जुर्माना का प्राविधान है। उन्होने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर दो सिपाहियों की ड्यूटी लगेगी, जो परीक्षायें समाप्त होने तक वहीं रहेगें। परीक्षा वाले दिनों में महिला कांस्टेबल की ड्यूटी भी लगायी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के 1 किमी क्षेत्र में फोटो स्टेट, जिराक्स की दुकानें बन्द रहेंगी, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकरी डा. विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधिक्षक नगर मानुष पारिक, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित समस्त सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में गैंगस्टर चुटकुला साथी समेत गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



- सदर हवालात की सरिया काटकर फरार हुआ था गैंगस्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतननगर थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर सचिन सैनी उर्फ चुटकुला और उसके साथी अभिषेक चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। सचिन सैनी के दाहिने पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग के दौरान मुठभेड़ सोमवार आधी रात मल्हपुर पुलिया के पास हुई। बदमाशों के तीन साथी मौका पाकर भागने में कामयाब हो गए। इनकी तलाश की जा रही है।

सोमवार रात को इज्जतनगर चौकी प्रभारी अनूप सिंह हमराहों के साथ मल्हपुर की पुलिया के पास संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को कलापुर पुलिया की ओर से दो बाइक पर सवार पांच लोग आते दिखे। रोकने का प्रयास करने पर बाइक सवारों ने डंडे से प्रहार कर बाइकों को बिथरी चौनपुर नहर की ओर दौड़ा दिया। इससे चौकी इंचार्ज अनूप सिंह और कांस्टेबल राजेश कुमार घायल हो गए। पुलिस टीम ने थाने को सूचना दी और बाइक सवारों का पीछा शुरू कर दिया।

सूचना मिलने के बाद थाने की सरकारी जीप से बाइक सवारों को आगे से घेरने की कोशिश की गई। खुद को घिरता हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान दाहिनी पैर में गोली लगने से सीबीगंज थाने के मथुरापुर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी उर्फ चुटकुला गिर गया। सचिन की बाइक पर ही बारादरी थाने के कांकड़ टोला निवासी अभिषेक चौधरी भी था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने 32 बोर का तमंचा, कारतूस, 3,900 रुपये, दो मोबाइल, एक डंडा और चोरी की एक बाइक बरामद की है। बदमाशों के फरार साथियों के नाम राहुल शर्मा निवासी छोटी बिहार के खिलाफ 11, शेर सिंह उर्फ शेरा निवासी बरी नगला थाना कैंट के खिलाफ सात और सुनील निवासी अमरिया थाना कैंट के खिलाफ 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

गैंगस्टर सचिन सैनी के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे फरवरी 2024 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसे 23 फरवरी को कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। उसके साथ उसका हिस्ट्रीशीटर साथी अंकित यादव भी था। कड़ी सुरक्षा होने के बावजूद सचिन सैनी और अंतिम यादव सदर हवालात की खिड़की की सरिया काटकर यहां से फरार हो गए थे। दोनों पर 20-20 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया। इसके बाद सचिन सैनी को नौ मार्च और अंकित यादव को 25 मार्च को फिर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। दोनों जमानत पर चल रहे थे। अभिषेक के खिलाफ 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीओ तृतीय देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने सघन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ के बाद सचिन सैनी और अभिषेक चौधरी नाम के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में एक चौकी इंचार्ज और सिपाही घायल हुए हैं। दोनों बदमाश हिस्ट्रीशीटर हैं। मुठभेड़ में सचिन सैनी के दाहिने पैर में गोली लगी है।

## स्पा सेंटर पर छापा, चार युवक और दो युवतियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार देर शाम स्पा सेंटर में छापा मारा। यह स्पा सेंटर अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने यहां से चार युवकों व दो युवतियों को हिरासत में लिया। मौके से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। बताया जा रहा है कि स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं। देर रात तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। इसको लेकर भी इलाके में कई तरह की चर्चाएं हैं।

# बरेली-पीलीभीत हाईवे पर रोडवेज बस से टकराई कार, दो कव्वालों की मौत

- छह गंभीर घायल, बिशनपुर और धौरेरा गांव के बीच हुआ हादसा







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह सड़क हादसा हो गया। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर बिशनपुर और धौरेरा गांव के बीच कार और रोडवेज बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। मरने वाले दो लोग कव्वाल थे। बुलंदशहर से पीलीभीत लौट रहे थे।

जानकारी के मुताबिक पीलीभीत के माधोटांडा क्षेत्र के गांव गुलाबडांडा निवासी कव्वाल मोहम्मद अकरम और शयूम बेग निवासी गांव गहलिया अपने साथियों संग कार से बुलंदशहर गए थे। वहां कव्वाली कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद ये सभी लोग आधी रात के बाद वहां से चल दिए। सुबह करीब 10 बजे इनकी कार नवाबगंज क्षेत्र में पहुंची। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर बिशनपुर और धौरेरा गांव के बीच इनकी कार सामने से आ रही टनकपुर डिपो की बस से टकरा गई।

हादसे में कव्वाल मोहम्मद अकरम और समीम बेग की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार शाहिद बेग, अरशद, जुबैद, जावेद, फारूक, शोहरत अली गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद मौका मिलते ही रोडवेज चालक बस लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से निकाला। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दे दी है। बस के बारे में पता लगा रही है।

# पुलिस ने आमर्स एक्ट समेत चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी चार एनबीडब्लू वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार आला अफसरोंध के निर्देशन में वारंटियों और विभिन्न मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने आमर्स एक्ट के आरोपी देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव सिंगतरा निवासी जोरावर पुत्र होरीलाल, इसी थाना क्षेत्र के गांव अमृती निवासी तुलाराम पुत्र गंगराम, गांव पिपरा नानकार निवासी भीमसेन उर्फ डम्पी पुत्र रामरतन और गांव मुंडिया उदा निवासी हरचरन पुत्र दाताराम का न्यायालय जेएम बहेड़ी से एनबीडब्लू वारंट जारी हुआ था, इन्हें पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में रिछा चौकी इंचार्ज जय सिंह निगम के अलावा एसआई अनिल कुमार, बृजपाल, हेड कांस्टेबल दिवाकर सिंह, कांस्टेबल रोहित कुमार, निर्वेश कुमार शामिल रहे।

# पेंशन फर्जीवाड़ा: आरोपी ने जमा कराए 3.27 लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पिता की मौत के 16 साल बाद तक एक रिश्तेदार को पिता बताकर फर्जी तरीके से पेंशन लेने के प्रकरण में घिरे बेटे ने सोमवार को 3.27 लाख रुपये जमा कराए। वह अब तक 5.27 लाख रुपये जमा करा चुका है। शेष 69.39 लाख रुपये जमा करने के लिए अचल संपत्ति बिक्री करेगा। इसके लिए मोहलत मांगी है।

मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार के मुताबिक, फर्जीवाड़े की पुष्टि के बाद बेटे ने दो लाख रुपये कोषागार में जमा करा दिए थे। सप्ताह भर में और रुपये जुटाकर देने का भरोसा दिया था। सोमवार तक 3.27 लाख रुपये और जमा कराया है। अब 69.39 लाख रुपये भुगतान करना है। उसने अचल संपत्ति बेचकर भरपाई का लिखित आश्वासन देते हुए मोहलत मांगी है। सशर्त मौका दिया गया है। फिर भी अगर रुपये जमा न हुए तो नियमानुसार विधिक कार्रवाई कर कोषागार में रुपये जमा कराए जाएंगे। स्थानीय थाने को निगरानी के लिए कहा है।

बदायूं के श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज के प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त सोहन लाल शर्मा की मृत्यु के बाद उनका बेटा उमेश भारद्वाज पेंशन की रकम लेने के लिए एक रिश्तेदार को पिता बताता रहा। जबकि, सोहन लाल शर्मा की मौत 19 सितंबर 2008 को हो गई थी। वह कोषागार और बैंककर्मी की मिलीभीगत से पेंशन निकालता रहा। पिता की जन्मतिथि 13 जनवरी 1919 के अनुसार उम्र 105 वर्ष पता चली। प्रकरण की जांच, दस्तावेजों के मिलान पर मामला फर्जी पाया गया। अब 16 वर्ष में ली गई पेंशन और ब्याज समेत 74.66 लाख की वसूली प्रक्रिया चल रही है।

**कार्यालय नगर पंचायत शीशगढ़-बरेली**

पत्रांक- 446 /न०पं०शीशगढ़/वर्ष 2024-25 दिनांक- 17.02.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शीशगढ़-बरेली को वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 15 वें वित्त आयोग की (Untide Grant) की प्रथम/ द्वितीय किशत व / (Tide Grant) की प्रथम किशत/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न विवरण के अनुसार दिये गये निर्माण कार्यों को कराना चाहती है जिसके लिये ई-निविदा बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदायें रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से शर्तों के आधार पर दिनांक 18.02.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे से 10.03.2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा को दिनांक 11.03.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य का विवरण व अन्य शर्तें बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शीशगढ़
(बरेली)

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत शीशगढ़
(बरेली)

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

## बार एसोसिएशन शाहबाद के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन
# मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तहसीलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बार एसोसिएशन शाहाबाद की वर्ष 2025 की नवीन कार्यकारिणी का तहसील सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। तहसीलदार मुख्य अतिथि के तौर पर हुए शामिल। 30 जनवरी को हुआ था चुनाव। मंगलवार को बार ऐसो० शाहबाद का शपथ ग्रहण समारोह तहसील सभागार में आयोजित हुआ जिसमें ग्रामीण न्यायालय के न्यायिक अधिकारी अरविंद कुमार मद्धेशिया को मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करनी थी लेकिन अचानक जिले से मीटिंग कॉल होने पर वह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके, एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय अतिथि के तौर पर शामिल होना था लेकिन जिले से कॉल होने की वजह से वह भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो पाए इस दौरान तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चंद्रा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष तकरीर रहमान व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के द्वारा तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित, हर्ष जोशी सहित संगठन के पूर्व मे रहे पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं को साल पहनाकर उनका स्वागत किया गया।चुनाव अधिकारी तारिक खां एडवोकेट और सहायक चुनाव अधिकारी रमेंश चंद्र श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2025 के पदाधिकारी अध्यक्ष तकरीर रहमान एडवोकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष खान सुहैल असरार एडवोकेट , महासचिव अनोद कुमार शर्मा एडवोकेट, संयुक्त सचिव दिनेश पाल एडवोकेट , संयुक्त सचिव पुस्तकालय सत्यवीर सिंह एडवोकेट , कोषाध्यक्ष पद रनवीर सिंह , प्रवक्ता निशारूद्दीन एडवोकेट ,एवं मीडिया प्रभारी कमलवीर सिंह एडवोकेट को एक-एक कर शपथ ग्रहण कराई साथ ही साथ तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित और हरीश जोशी के द्वारा एक-एक कर सभी पदाधिकारी को प्रमाण पत्र दिलवाए गए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता और एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अमर सिंह एडवोकेट ,माधुरी सक्सेना एडवोकेट, शाहिद मियां एडवोकेट, विवेक कुमार पांडे एडवोकेट, रामओतार सिंह एडवोकेट, मुनीश यादव एडवोकेट, सुहेल खान, एडवोकेट मनोज भारतद्वाज एडवोकेट ने बार और बेंच के संबंध पर अपने-अपने विचार रखे अंत में तहसीलदार राकेश कुमार चन्द्रा, नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित एवं हरीश जोशी ने अपने विचार रखें। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट तकरीर रहमान ने सभी का शुक्रिया अदा किया कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट वसीम खान ने किया ।कार्यक्रम की समाप्ति पर एडवोकेट सुहेल खान के द्वारा गाये गए गीत ने समां बांध दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद अधिवक्ता भवन में सभी को सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। इस मौके पर एडवोकेट अनुपम जौहरी मासूम मियां, रेहान खान शहजान खान निधि यादव सत्येंद्र यादव नीरज राजपूत जसवंत सिंह जसवंत सिंह सागर अकरम अली एहतेशाम, हुसैन ,नाजिम अहमद, गौसिया जमाल कौशर अली संजीव श्रीवास्तव आदि एडवोकेट मौजूद रहे।




## नगर पालिका परिषद पूरनपुर में डिजिटल लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन के अंतर्गत नक्शा प्रोजेक्ट का हुआ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** डिजिटल लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन (ड.प्र.स्.त्.ड.च.) के अंतर्गत नक्शा (शहरी भूमि की सही पहचान ) प्रोजेक्ट का शुभारम्भ कार्यक्रम नगर पालिका परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम पूरे भारत के कुल 152 शहर अथवा क़स्बों में जबकि उत्तरप्रदेश के केवल 10 शहर अथवा क़स्बों में एक ही दिन एक ही समय पर एक साथ डिजिटल लाइव प्रसारण माध्यम से आयोजित हुआ जिसमें नक्शा पायलट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया।

जो कि केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है जिसका राज्य सरकार के साथ एमओयू साइन होने के पश्चात क्रियान्वयन हो रहा है। उत्तरप्रदेश के 10 चयनित शहर अथवा क़स्बों में से एक पूरनपुर नगर भी है। जो कि पूरनपुर नगर के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस प्रोजेक्ट में ड्रोन के द्वारा पूरे शहर का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी सर्वे होगा जिसमें तीन प्रकार की टेक्नोलॉजी वाले ड्रोन प्रयोग किये जाएंगे जिसके पश्चात नगर में स्थित सभी दुकानों एवं मकानों के डिजिटल नक़्शे बनाये जाएंगे। सरकारी आंकड़ों एवं दस्तावेजों के आधार पर एक नक्शा प्रॉपर्टी कार्ड बनाया जाएगा जो सभी प्रॉपर्टी धारकों को उपलब्ध कराया जाएगा।

यह कार्ड पूरी तरह से डिजिटल होगा जो प्रॉपर्टी दस्तावेजों एवं नक़्शे के आधार पर तैयार होगा और पूरी तरह से डिजिटल लीगल डॉक्यूमेंट होगा जो कि जरुरत पड़ने पर सभी जगह उपयोग किया जा सकेगा और इस प्रकार डिजिटल कार्ड धारकों को अन्य कागजी दस्तावेजों की आवश्यकता नही पड़ेगी। इस कार्ड के आधार पर लोन की भी सुविधा मिल सकेगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में संजय कुमार सिंह जिलाधिकारी पीलीभीत, ऋतू पूनिया अपर जिलाधिकारी /नोडल अधिकारी पीलीभीत, रितुराज पासवान विधायक पुत्र, प्रफुल्ल मिश्रा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, रामबहादुर गुप्ता समाजसेवी, अजीत प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी पूरनपुर /अधिशासी अधिकारी न.पा.प.पूरनपुर, राजेंद्र आर्या समाजसेवी, संदीप खंडेलवाल समाजसेवी, संजय सक्सेना (एड.), संजय पाण्डेय एड., हबीबुर्रहमान तहसीलदार पूरनपुर, ऋषि दीक्षित व अभिषेक त्रिपाठी नायाब तहसीलदार, हर्ष प्रधान नगर अध्यक्ष भाजपा, जे. ई. नरेन्द्र कुमार जैसल, जयदीप कुलश्रेष्ठ, विक्रांत चौधरी, सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', अनुज कुमार गुप्ता, सूरज बाथम, नादिर रज़ा, सभासद प्रतिनिधि तौफीक अहमद कादरी, शेर सिंह यादव, सभासद राजेश कुमार, दुर्वेश कुमार, रविंदर शर्मा, अखिलेश मिश्रा, मानस शुक्ला, विवेक तिवारी, ठा.प्रदीप मुखिया आदि उपस्थित रहे।

## मिलक में निकाली गई कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में कलश यात्रा निकाली गई नगर के मोहल्ला नसीराबाद में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ममता अत्री के आवास पर शिव महापुराण का आयोजन से पहले कलश यात्रा निकाली गई। जो नसीराबाद शिव मंदिर से होते हुए होली चौक से होते हुए राधा कृष्ण मंदिर से से होते हुए साप्ताहिक बाजार के रास्ते होते हुए शिव मंदिर पर समापन हुई उसके बाद शिव महापुराण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सभी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अभियुक्तों को तीन-तीन सौ रुपये के अर्थ दंड से किया दंडित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/ रामपुर।** वर्ष 2020 में थाना पटवाई जिला रामपुर पर अफरोज अली पुत्र मोहम्मद अली खान जफर खान पुत्र निवासी ग्राम लदनऊ थाना पटवाई जिला रामपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में सशक्त प्रभावी परवी की गई थी जिसके परिणाम स्वरूप मंगलवार को न्यायालय सीजे ( एसडी) एफटीसी रामपुर द्वारा अभियुक्तगण अफरोज अली, तहब्बर खा व जाफर खा को तीन-तीन सौ रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

## तहसीलदार के पेशगार के खिलाफ की जाए विभागीय कार्यवाही : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को पत्र भेजकर तहसीलदार के पेशगार राहुल कोली के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने का आग्रह किया है। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि तहसीलदार के पेशगार राहुल कोली के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना मिलक में 16 फरवरी को धारा 69, 3 एवं 4 के तहत नसीराबाद मिलक की निवासिनी एक बेटी के द्वारा मुकद्दमा अपराध संख्या 57/2025 पंजीकृत

> **पेशगार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने का आग्रह किया।**

कराया गया है। जो कि बेहद गम्भीर प्रकरण है। आदेश शंखधार ने कहा कि तहसीलदार के पेशगार का पद अत्यंत महत्वपूर्ण होता है तथा इस महत्वपूर्ण पद रहते हुए किसी भी प्रकार का अशोभनीय कार्य करना तहसील की क्षवि को भी धूमिल करता है क्योंकि तहसील मिलक क्षेत्र में कुल 203 गांव, वहीं 129 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन तहसील मुख्यालय पर आते हैं और तहसील में बैठे हुए प्रत्येक व्यक्ति पर अटूट भरोसा करते हैं। ऐसे में किसी महत्वपूर्ण पद पर बैठे हुए किसी व्यक्ति के द्वारा अत्यंत घृणित कार्य गया हो और वह भी इसी नगर का ही निवासी हो तो यह और भी पीढ़ादायक हो जाता है। तथा जिस व्यक्ति के खिलाफ अत्यंत गंभीर धाराओं में मुकद्दमा पंजीकृत हुआ है उसके बाद उसे अपने पद रहने का कोई अधिकार नहीं रह जाता है। इसलिए आग्रह है कि अबिलम्ब राहुल कोली को पद से हटाते हुए विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाए।

## 40 टी.बी. मरीजो को लिया गोद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी टाण्डा रामपुर पर रेडिका खेतान की तरफ से 40 टी.बी. मरीजो को गोद लिया गया है। 100 दिवसीय टी.बी. कैपेंन अभियान में क्षय रोगियो टी.बी. मरीजो को रेडिका खेतान की तरफ से 40 टी.बी. मरीजो को सी.एच.सी. टाण्डा में पोषण किट वितरित की गई। इस कार्यकम में डा० सतवीर सिंह चिकित्सा अधीक्षक डा० अजय कुमार चिकित्सा अधिकारी पारूल शर्मा सहायक शोध अधिकारी, नासिर सीनियर टी. बी. सुपरवाइजर, जितेन्द्र पराशर टी. बी. सुपरवाइजर व अन्य स्टाफ मौजूद रहा है।

## नेशनल साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बेनहर पब्लिक स्कूल के 40 प्रतियोगियों ने जीते स्वर्ण पदक

**पीलीभीत।** विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करना बेन हर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की पहचान बन चुकी है। प्रत्येक सत्र में नेशनल साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन की प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग लेते हैं। विगत कुछ सत्रों से लगातार बेनहर पब्लिक स्कूल में इन परीक्षाओं में स्वर्ण पदक विजेताओं की संख्या सर्वाधिक होती है। इस परीक्षा के लिए विद्यालय के शिक्षक शक्ति अग्रवाल लंबे समय से कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षिका पूनम अग्रवाल का भी सहयोग रहता है। प्ळज्ञव् (इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड) 2024-25 के विजेता सभी छात्र छात्राओं को प्रार्थना सभा के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य करिश्मा सैहमी ने स्वर्ण पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हेडमिस्ट्रेस सीनियर निर्मला शर्मा, हेडमिस्ट्रेस जूनियर नेहा पांडे, हेडमिस्ट्रेस प्राइमरी रचना वाधवा, एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## तीन वारंटी गिरफ्तार कर पुलिस ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को कोतवाली पुलिस शाहबाद के उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह, उपनिरीक्षक शिवकुमार सिंह, उपनिरीक्षक अंशुल कुमार, ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मी हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल मुकुल चौधरी, महिला कांस्टेबल ज्योति सिंह के साथ 30 वर्षीय राजवीर पुत्र रामभरों से निवासी ग्राम गुलड़िया कला थाना शाहाबाद जिला रामपुर व 55 वर्षीय वीरपाल पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम नईमगंज थाना शाहबाद जिला रामपुर व 35 वर्षीय चिंतामल पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम बमनपुरी थाना शाहबाद जिला रामपुर को उनके मकान से गिरफ्तार किया और विधिक कार्रवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया



## सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में हुआ बोर्ड परीक्षा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद के पहले सीआईएससीई बोर्ड गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में पहली सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का आयोजन विद्यालय परिसर में हुआ। यह परीक्षा 18 फरवरी 2025 से 26 मार्च 2025 तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के प्रथम दिन शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनको शुभकामनाएं दी एवं एवं परीक्षा के प्रति उनका मनोबल बढ़ाया। प्रथम दिन विद्यार्थियों का अंग्रेजी व्याकरण का परीक्षा रही जिसमें विद्यार्थियों ने अपना उत्तम प्रदर्शन दिखाया। परीक्षा को सुचार रूप से चलने के लिए निरीक्षणकर्ता आईसीएसई अलग-अलग विद्यालयों से मौजूद रहे। परीक्षा में पूर्ण रूप से अनुशासन बन रहे इसके लिए प्रशासन ने पुलिस सहकर्मी प्रयुक्त कराये जो परीक्षाकाल में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा, "यह हमारे लिए एक गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यालय में सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया है। हमें उम्मीद है कि हमारे छात्र अच्छा प्रदर्शन करेंगे।" परीक्षा के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं ने परीक्षा समाप्त होने के बाद अपने विचार हमारे समक्ष प्रदर्शित किया एवं बताया कि वह परीक्षा से पहले कितने घबराए हुए थे और अब उनको कितना आराम महसूस हो रहा है परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी आर्यन, दिया, आभा, कृषिका, अनुज, पीयूष, परिचय, सिद्धि, वैशाली, वैष्णवी, आराध्या सिंह, सौम्या, तेजस्वी, आरुषि तनिष्क।, साक्षी आदि विद्यार्थियों ने परीक्षा में अपना प्रदर्शन दिखाया।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। शाहजहांपुर-पीलीभीत रेलखंड पर सुबह यह दर्दनाक हादसा हुआ। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पैसेंजर ट्रेन बीसलपुर से पीलीभीत आ रही थी। ट्रेन के रामलीला रेलवे क्रासिंग के पहुंचने के दौरान एक अज्ञात महिला सामने आ गई। ट्रेन की चपेट में आते ही महिला का पैर कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। घायल महिला को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में रेफर कर दिया गया। इमरजेंसी पहुंचने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। इमरजेंसी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि महिला मृत अवस्था में इमरजेंसी पहुंची थी। शव को मोर्चरी में रखा दिया गया है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बीसलपुर संजीव कुमार शुक्ला ने कहा

कि ट्रेन की चपेट में आई महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। उसके पास कोई ऐसा अभिलेख नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। आसपास पहचान कराई गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

## चार दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का उद्घाटन
### सीसीएसयू में हुआ कार्यक्रम का आयोजन, फोटोग्राफी के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर की गई चर्चा

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में चार दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। इस कार्यशाला में फोटोग्राफी के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य विषय विशेषज्ञ, प्रख्यात फोटोग्राफर विश्व मोहन नौटियाल ने छात्रों को फोटोग्राफी की बारीकियां समझाते हुए कहा कि एक बेहतरीन फोटोग्राफ खींचने के लिए केवल कैमरा पकड़ना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसके लिए फोटो की गहरी समझ विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कैमरे की क्वालिटी, लेंस, अपर्चर और प्रकाश व्यवस्था से संबंधित सामान्य ज्ञान को आवश्यक बताया। विश्व मोहन नौटियाल ने बताया कि वर्तमान समय में पत्रकारिता में विविधता आने के कारण फोटोग्राफी का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। आउटडोर एवं इनडोर फोटोग्राफी के दौरान प्रकाश व्यवस्था की महत्ता को समझाते हुए उन्होंने कहा कि एक अच्छी फोटो खींचते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि अनावश्यक छायाएं (शैडो) ना पड़ें और चेहरे पर अधिक रोशनी का परावर्तन (रिफ्लेक्शन) न हो। उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों के लिए फोटोग्राफी करते समय विशेष सतर्कता की आवश्यकता होती है, क्योंकि किसी भी कृश्य की स्थिति क्षण भर में बदल सकती है। ऐसे में उचित समय का इंतजार करना और सही समय पर कैमरे का क्लिक करना आवश्यक होता है, ताकि तस्वीर में स्वाभाविकता बनी रहे और वह दर्शकों व पाठकों को वास्तविकता के अधिक निकट लगे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल के निदेशक, प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने बताया कि चार दिवसीय इस कार्यशाला में फोटोग्राफी के विभिन्न तकनीकी एवं कलात्मक पहलुओं को गहराई से समझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक प्रभावी फोटो हजार शब्दों के बराबर होती है, इसलिए फोटोग्राफी को केवल कला नहीं, बल्कि एक सशक्त संचार माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए।



उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल युग में फोटोग्राफी के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और छात्रों को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए लगातार अभ्यास एवं नवीन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने फोटोग्राफी से जुड़े अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। चार दिवसीय इस कार्यशाला में कैमरा संचालन, विभिन्न प्रकार की लाइटिंग तकनीकों, कोण (एंगल) चयन, कंपोजिशन, डिजिटल एडिटिंग, और फोटो जर्नलिज्म से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षा: शहजाद नसीर ने बताए सफलता के सात सूत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** यूपी बोर्ड परीक्षाएँ शुरु होने में अब गिनती का समय ही बाकी है जबकि सीबीएसई परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं। परीक्षाएं सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। चाक चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। वहीं परीक्षाओं को लेकर परीक्षार्थियों में तनाव व विभिन्न प्रत्कार के भ्रम मस्तिष्क में आते हैं। इसी सम्बंध में महलका एजुकेशन सेन्टर के संचालक शहजाद नसीर से बातचीत की गई। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में सफलता के सूत्रों पर बातचीत की, जिससे परीक्षार्थियों में एक आत्मविश्वास पैदा कर उनके एग्जामफोबिया को खत्म किया जा सके।



**सकारात्मक बने:** सकारात्मक सोच बनाए रखना और अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखना बहुत जरूरी है। आपने पूरे साल मेहनत की है, कॉन्फिडेंस और कन्सन्ट्रेशन रखें। नकारात्मकता को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**स्वस्थ आहार खाएं:** पौष्टिक आहार लेने से एकाग्रता ओर अच्छे प्रदर्शन के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है। मीठे पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से दूर रहें और इनके स्थान पर फल, सब्जियाँ, और साबुत अनाज जैसे सम्पूर्ण खाद्य पदार्थ चुनें।

**व्यायाम करें:** तनाव और चिन्ता को कम करने के लिए व्यायाम करना एक शानदार तरीका है इस पर विशेष ध्यान दें। तैयारी से थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करने से आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी।

**पर्याप्त नींद और ब्रेक लें:** बोर्ड परीक्षा के दौरान बहुत सारे बच्चे ये गलती करते है कि परीक्षा की टेंशन के कारण पूरी नींद नहीं लेते। नींद पूरी न होने के कारण वे बीमार पड़ जाते हैं और साथ ही साथ उनका मस्तिष्क अब अच्छी तरह से काम नहीं करता, वे याद किया हुआ पाठ्यक्रम भी अच्छे से नहीं दोहरा पाते इसलिए पर्याप्त नींद बहुत जरूरी है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मामूली कहासुनी में युवक को मारी गोली, गंभीर

■ दिनदहाड़े हुई घटना से दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े मामूली कहासुनी पर एक युवक गोली मार दी नगर पालिका के मुहल्ला खाता कला के वार्ड नंबर वीस में मामूली कहासुनी पर चेयरमैन वाली मस्जिद के निकट आज लगभग 4:30 बजे गोली मार दी गई। गंभीर हालत में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया जहां पर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। गोली मारने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया खाता कला वार्ड नंबर वीस निवासी काशिफ खान पुत्र आरिफ खान (30 वर्ष) अपने घर के पास खड़ा था पड़ोसी से आपस में बात कर रहे थे तभी पड़ोसी अयान राजा खान और कायम रजा खान पुत्रगण फिरोज खान उर्फ मुन्ना खान और नवाज रजा खान पुत्र जाकिर रजा ने मामूली सी बात पर अपने घर से रिवाल्वर और धारदार हथियार लेकर आये इनमें से अयान राजा खान काशिफ खान के पैर में गोली मार दी। आसपास के लोगों के द्वारा काशिफ खान को बचाया गया। गोली बाजी की सूचना पर मिलक पुलिस घटना स्थल पर पहुंची सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार भी पुलिस बल के साथ पहुंचे जहां से आरोपी के घर से एक रिवाल्वर बरामद हुआ क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार ने बताया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा फिलहाल घटना स्थल से एक रिवाल्वर और दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है घटना की तहरीर घायल के पिता ने उक्त तीनों के खिलाफ दी है समाचार लेकर जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।



मिलक। घायल का फोटो



मिलक। घटना स्थल पर मौजूद पुलिस तथा भीड़।

# सड़क हादसे में भाई बहन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को बिलारी से शाहबाद को आ रहे बाइक सवार भाई बहन को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।जिसमें ग्राम खबिया अल्हापुर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के रहने वाले 19 वर्षीय एजाज खां व 35 वर्षीय बहन नर्गिस
गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टर ने दोनों घायलों भाई बहन को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया। सूचना पर घायलों के परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे ।

# रामपुर में शादी के नाम पर 7 साल तक किया शारीरिक शोषण

## शारीरिक शोषण में आरोपी चाचा ने भतीजे की भी की मदद

■ दो के खिलाफ मुकदमा, चाचा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में शादी के नाम पर 7 साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया गया। शारीरिक शोषण में आरोपी चाचा ने भतीजे की भी की मदद ली। पीड़िता के घरवालों की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है।
जिले की तहसील स्वार क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के लिए सात साल पहले गांव के ही सुभान अली पुत्र वली मोहम्मद के परिवार वालों से रिश्ते की बात की थी। तभी से शादी का झांसा देकर युवक युवती से अवैध संबंध बनाता रहा।
इसमें उसने अपने भतीजे की भी मदद ली। जब युवक के अवैध संबंधों की जानकारी युवती के घरवालों को हुई। तब घरवालों ने युवक के परिजनों से शादी के लिए कहा। जब युवती के परिजनों ने शादी करने का दबाव बनाया तो उन्होंने टालना शुरू कर दिया। इसको लेकर पंचायत भी हुई लेकिन युवक, युवती से शादी न करने की जिद पर अड़ रहा। आखिरकार पीड़िता के पिता ने चाचा और भतीजे को नामजद कर थाने में तहरीर दी।



# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल पर भड़के वकील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** सरकार संसद में एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 लाने जा रही है एडवोकेट कानून में संशोधन को लेकर वकीलों ने नारा. जगी जताते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया है। बाद में दोनों बारों के वकीलों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एस डी एम को सौंपा।

ज्ञापन में वकीलों ने विधि मंत्रालय द्वारा तैयार ड्राफ्ट पर आपत्ति कर संशोधन का विरोध किया है। इस दौरान वकील हड़ताल पर रहे। मंगलवार को दोनों बारों के वकीलों ने बैठक कर राष्ट्रपति को ज्ञापन देने का निर्णय लिया बाद में नारेबाजी करते हुए वकील उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम अमन देओल को ज्ञापन दिया ज्ञापन में विधि मंत्रालय द्वारा एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन के लिए तैयार ड्राफ्ट पर आपत्ति जताते हुए संशोधित धारा 35 । और 49 । (1) पर विरोध जताया है। जिस पर देश भर के वकीलों द्वारा विरोध किया जा रहा है वकीलों का कहना है कि इस संशोधन में बार कौंसिल ऑफ इंडिया तथा अन्य प्रदेशों की बार कौंसिलों की स्वायत्तता प्रभावित हो रही है। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, एल्डर कमेटी के चेयरमैन इरशाद अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज कुमार जोशी, ताहिर हसन खां, सिराज अहमद, अय्यूब अहमद, राशिद खां, मोहम्मद जुनैद, नौशाद, आसिफ अन्सारी, इरफान अहमद, प्रशान्त गौस्वामी, सलीम अहमद, आरिफ अहमद, शादाब अहमद, आदि वकील मौजूद रहे।



स्वार। बिल के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्तागण।

# सरकारी नल पर पानी भरने से रोका पीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव करेथी के रहने वाले रामपाल सिंह ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिकायत की है रामपाल सिंह का आरोप है कि उसके घर के सामने एक गलत तरीके से सरकारी नल लगा दिया गया। वो चाहता है कि उस नल को वहां से उखाड़ दिया जाए लेकिन कुछ दबंग लोगो के द्वारा उस नल को उखाड़ने नही दिया जा रहा है । वह इन दबंगों से बहुत परेशान है यह दबंग उसकी पत्नी को नल से पानी भी भरने नही देते हैं। जिसकी शिकायत उसने कई बार खंड विकास अधिकारी शाहबाद तथा ग्राम विकास अधिकारी से की है लेकिन किसी भी तरह की कोई कार्रवाई आज तक हो पाई है।

# एसडीएम की मौजूदगी में हुई बोर्ड की बैठक

■ दुकानों का किराया बढ़ाये जाने पर हुआ विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में उपजिलाधिकारी के मौजूदगी में हुई बोर्ड की बैठक, दुकानों का किराया बड़ा जाने पर हुई चर्चा लाखों रुपए के प्रस्ताव पर बनी सहमति ।
मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्षा सुम्बुलनाज व उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की मौजूदगी में बोर्ड की बैठक आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकतर सभासद व सभासदगण के प्रतिनिधि बैठक में दिखाई दिए। बोर्ड की बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहाबाद पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने किया।
बोर्ड की बैठक में खासतौर पर नगर पंचायत की दुकानों किराया बढ़ने पर जोर दिया गया। वहीं घरों में नगर पंचायत द्वारा दिये लगे टंकी कनेक्शन के पानी के बिल की वसूली पर भी खासतौर से चर्चा की गई। बैठक में मौजूद सभासद एवं उनके प्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने वार्ड मे सड़को का निर्माण, नाली मरम्मत, जाल आदि डलवाये जाने के प्रस्ताव रखे। जिसको बोर्ड द्वारा सर्व समिति से पास किया गया। बैठक में मौजूद सभासदगण व सभासद के प्रति. निधियों के द्वारा में उपजिलाधिकारी के सामने यह भी प्रस्ताव रखा गया कि मेंन मार्केट में तहसील की खाली पड़ी जगह को अगर नगर पंचायत शाहाबाद के हवाले कर दिया जाए तो वहां लोगों के घूमने के लिए पार्क और माल बन सकता है जिससे नगर पंचायत की आमदनी में इजाफा होगा इस पर उपजिलाधिकारी ने नियम अनुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम अहमद खां, सभासद शीशपाल, सभासद विनोद, सभासद सदाकत खां, सभासद जाजिब खां, सभासद नाजिया परवीन, सभासद साबिर हुसैन, सभासद शराफत हुसैन, सभासद प्रतिनिधि अनूप सिंह, सभासद प्रतिनिधि महाबीर, सभासद प्रतिनिधि रवि गोला, सभासद प्रतिनिधि श्रीराम, सभासद प्रतिनिधि इकरार खां, सभासद प्रति. निधि एडवोकेट तालिब मलिक, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद मियाँ एवं नगर पंचायत स्टाफ से लिपिक नावेद मियाँ, लिपिक वीर सिंह, लिपिक रिजवान खां, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी मुजीब मियाँ, कम्प्यूटर ऑपरेटर रेहान अली, इकरार खां, अरशद, विकास, शुएब आदि मौजूद रहे।



शाहबाद। नगर पंचायत की बैठक में शामिल एसडीएम चेयरमैन।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई रामपुर विकास प्राधिकरण की 44 वीं बोर्ड की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रामपुर विकास प्राधिकरण की 44वीं बोर्ड बैठक मण्डलायुक्त/अध्यक्ष आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में सम्पन्न हुई।
प्राधिकरण द्वारा बोर्ड बैठक में मुख्यत: रामपुर महा योजना-2031को अन्तिम रूप दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव रखा गया, जिस पर बोर्ड द्वारा रामपुर महायोजना-2031को स्वीकृति प्रदान करते हुये शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया है।
शासन द्वारा निर्गत विकास अनुज्ञा शुल्क, निरीक्षण शुल्क और समाघात शुल्क की अधिसूचना का अनुमोदन प्रदान किया गया है।
इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान महायोजना-2021 से 2031 में किये गये ग्रीन क्षेत्र के परिवर्तन के लिए ईआईए एवं ईएमपी के कन्सलटेन्ट द्वारा प्रस्तुत पी.पी.आर. का अनुमोदन प्रदान किया गया है।
बैठक में जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष, रामपुर विकास प्राधिकरण जोगिंदर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट/सचिव, रामपुर विकास प्राधिकरण संदीप कुमार वर्मा, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन मुरादाबाद बी.एन. झा, सहयुक्त नियोजक, सम्भागीय नियोजक खण्ड मुरादाबाद विवेक भास्कर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



रामपुर। रामपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक करते मण्डलायुक्त

# झूठे मुकदमे के आरोप में 5 सौ रुपये का लगा अर्थ दण्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई थाने पर वर्ष 2024 में मुकदमा अपराध संख्या 215/24 धारा 182 भारतीय दंड विधि बनाम परवीन जहां पत्नी गुलाम साबिर निवासी ग्राम रजोड़ा थाना पटवाई जिला रामपुर पंजीकृत किया गया था इस मुकदमे में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में सशक्त प्रभावी पैरवी की गई एवं अभियोजन की कार्यवाही के परिणाम स्वरूप मंगलवार को न्यायालय सीजे (एसडी) एफटीसी रामपुर द्वारा अभियुक्ता परवीन जहां पर 5 सौ के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

# 50 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनाकर चेयरमैन ने लिया गोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। चेयरमैन फैजान खान ने डीएम के आदेश पर 50 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनाकर गोद लिया है। इस कार्यक्रम में मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया और उन्हें टीबी से जुड़ी सही जानकारी दी गई। चेयरमैन फैजान खान ने कहा कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है, लेकिन मरीजों को हौसला और सही पोषण मिलना आवश्यक है। उन्होंने रामपुर को टीबी मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की अपील की। निक्षय मित्र मरीजों को पोषण और दवाइयों के साथ भावनात्मक सहयोग भी देने की सिफारिश की। यह पहल भारत सरकार के 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत को टीबी मुक्त बनाना है। इस अभियान में देशभर में टीबी की घटना दर को कम करने, निदान कवरेज बढ़ाने और मृत्यु दर घटाने के लक्ष्य से लागू किया गया है। इस दौरान फैजान खान, रियाज अली, मंसूर अली, निर्भय कश्यप आदि मौजूद रहे।



सैफनी। टी.बी. के मरीजों को किट वितरित करते चेयरमैन।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए वादिनी द्वारा 17 फरवरी को लिखित तहरीर देकर अभियुक्त सुभान अली पुत्र बली मोहम्मद निवासी ग्राम शिकारपुर को शादी का झांसा देकर बलात्कार करना अभियुक्त मोनीश द्वारा सुभान का साथ देना व वादिनी को गर्भवती होने पर दोनों अभियुक्तों द्वारा गर्भपात करा देना एवं कार्यवाही करने पर जान से मार देने की धमकी देने के सम्बंध थाना स्वार में मु.अं. स. 65,2025 धारा 69,89, 351, 2, बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी के नेर्तत्व में 18 फरवरी को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सुभान अली पुत्र बली मोहम्मद निवासी ग्राम शिक. ारपुर को ग्राम महाराज पुर रोड से गिरफ्तार कर विविध कार्यवाही की गई।



# नेतृत्व क्षमता संवर्धन के उद्देश्यों से एक दिवसीय पुनश्चर्या कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मंगलवार को रगोंली मंडप रामपुर में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित जनपद रामपुर के 18 विद्यालयों में कार्यरत प्रधानचार्यो, प्रधानाध्यापको, शिक्षकों के नेतृत्व क्षमता संवर्धन के उद्देश्यों से एक दिवसीय पी एम श्री विद्यालयों की पुनश्चर्या कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यशाला का उद्घाटन डाइट प्राचार्य/ प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नीलम रानी टम्टा ने सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला में जिला रामपुर के 18 पी एम श्री विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान नीलम रानी टम्टा ने सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला का महत्व बताते हुए सफल कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दी। राजकीय इंटर कॉलेज, धमोरा के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने विद्यालय नेतृत्व का सत्र लेते हुए स्कूल शिक्षकों और प्रधानाध्यापको को नेतृत्व के गुण और महत्व बताया। कार्यशाला में विभिन्न मास्टर ट्रेनर्स ने अलग अलग टॉपिक पे शिक्षकों के साथ संवाद किया। एसआरजी डॉ सरफराज अहमद में सिविल, ैल्ळ प्रदीप भटनागर ने प्राथमिक शिक्षा संवर्ग में संचालित प्री प्राइमरी के बारे में विस्तार से बताया। एआरपी शबीना मंसूरी ने बालिका शिक्षा के सत्र को गति. विधि के माध्यम से बताया। एआरपी मनोज कुमार निमेष ने खान अकादमी और समावेशी शिक्षा के बारे में शिक्षकों को विस्तार से बताया। एसआरजी तारा चंद ने ग्रीन स्कूल कांसेप्ट समझाया।
खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय स्वदीप कनौजिया ने पंच प्रण एक्टिविटी बुक के बारे में प्रतिभागियों के साथ संवाद किया। पी एम श्री विद्यालय में खेल एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन हेतु जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां ने शिक्षकों को टिप्स दिये। कार्यशाला का संचालन एसआरजी डॉक्टर सरफराज अहमद एवं एसआरजी ताराचन्द ने किया।
कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी स्वार सुनील कुमार सक्सेना, जिला समन्वयक समुदायिक सहभागिता सुनील कुमार श्रीवास्तव, जिला समन्वयक प्रशिक्षण अंकित सक्सेना, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा जानिसार अख्तर, एआरपी मोहित सक्सेना, जिला समन्वयक मिड डे मील राहुल सक्सेना, जफर बैग उमेश पाल सिंह, लवीना पौल, रीना कुमारी, राजपाल सिंह, सौरभ आर्य, संतोष, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।



# जामिया नौमानिया में हुआ दस्तारबंदी कार्यक्रम का आगाज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जामिया नौमानिया मुहल्ला बमनपुरी रामपुर में सालाना दस्तार बंदी का कार्यक्रम हुआ जिस में पूरे जनपद से उलेमा, दानिशवर इत्यादि ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आगाज कारी उवैस रजा द्वारा कुरान की तिलावत से किया गया. उसके बाद हुजूर की शान में कारी अनस रजा, मौलाना अब्दुल रऊफ, शफीक रजा व मौलाना गुलाम यासीन ने खिराज ए अकीदत पेश की।
जलसे को खिताब करने के लिए मुफ्ती अब्दुल गफ्फार, मौलाना सलमान खाँ,मुफ्ती तस्लीम साहब ने भी बेहतरीन तकरीर करके अवाम को नसीहत फरमायी. जलसे में बहेड़ी से तशरीफ लाए खुसुसी मुकर्रिर मौलाना मुख्तार साहब ने अवाम से नमाज की पाबंदी, नशे से दूरी, माँ बाप का अदब व एहतराम करने की अपील की। मौलाना ने अपनी तकरीर में कहा कि जिस मुहल्ले में मदरसा होता है अल्लाह तआला उस मुहल्ले से अजाब को उठा लेता है मजीद नसीहत करते हुए फरमाया आज कल नौजवान नमाज से दूर है और अल्लाह के नाफरमान बन कर जिंदगी गुजार रहे हैं माँ बाप की इज्जत नहीं करते ऐसा करना शरियत की रौशनी में बिल्कुल गलत है और यह गुनाह का काम है। मुफ्ती कामरान अजहरी ने इदारे का परिचय कराते हुए कहा कि यह एक ऐसा इदारा है जिस में दीन की शिक्षा के साथ साथ स्कूल की शिक्षा का बेहतरीन इंतजाम है. मुफ्ती जुबैर साहब ने कहा कि इस इदारे में होस्टल सुविधा भी उपलब्ध है जिसमे मेन्यू से खाना उपलब्ध कराया जाता है और कपड़े भी ड्राई क्लीन करा कर दिये जाते हैं जिससे बच्चों का बहुत सारा वक्त बच जाता है। मुफ्ती अजीम अजहरी ने जिले भर से आये हुए तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया आखिर में मौलाना अब्दुल कय्यूम की दुआ पर प्रोग्राम समाप्त हुआ। इस मौके पर मुफ्ती फराग स्वार, मुफ्ती तस्लीम पीलीभीत, मुफ्ती आफताब दिल्ली, हाफिज कलीम स्वार, मौलाना रिजवान इमरता,डल्लु खां, शमीम खां मेंबर,रिहान खां, मुफ्ती वसीम पटवाई, मौलाना आरिफ बरकाती, मौलाना फुरकघन,हाफिज सिराजुद्दीन,हाजी यासीन साहब,हारून अंसारी, मो अहमद ठेकेदार, अहकाम इत्यादि ने शिरकत की।




# त्योहारों के मद्देनजर चौकी में शान्ति समीति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** त्योहारों के मद्देनजर कोतवाल कुलदीप सिंह ने नगर सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगो की बैठक ली जिसमे कोतवाल कुलदीप सिंह ने सभी से त्योहारो को शान्ति पूर्वक व भाई चारे के साथ मनाने की अपील की वही कोतवाल ने चेतावनी दी कि अगर किसी भी व्यक्ती ने त्योहार पर शान्ती व्यवस्था बिगाड़ने की को. शिश की तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए गी ओर अगर कोई व्यक्ती त्योहारो व्यावधान डालने की कोशिश करता है तो एसे व्यक्ती की सूचना तुरंत पुलिस को दे इस दौरान पूर्व चेयरमैन महेश मौर्य,दीप गोयल, शाहरुख अंसारी, बृजनंदन सागर, परमजीत, वसीम अहमद, कपिल गुप्ता, महेंद्र मौर्य, जुबेर सलमानी अर्जुन गुप्ता, सहित नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



मसवासी। शान्ति समिति की बैठक में शामिल चौकी इंचार्ज व अन्य।

# 24 फरवरी से होने वाली हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा से सम्बंधित तैयारियों को लेकर बैठक

## जनपद में 72 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी यू.पी. बोर्ड परीक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान की उपस्थिति में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में नकल. विहीन, सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराए जाने की तैयारियों को लेकर जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापक व वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ जिला सहक.ारी बैंक सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च 2025 तक चलेंगी। इसके लिए जनपद में 72 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 25719 एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कुल 22692 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।जनपद को 06 जोन और 09 सेक्टरों में बांटा गया है।



रामपुर। यू.पी. बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के सम्बंध में बैठक करते अधिकारीगण।

परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु 72 केन्द्र व्यवस्थापक, 72 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं 2460 कक्ष निरीक्षकों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसी टीवी कैमरे से परीक्षा के दौरान निगरानी की जायेगी। जनपद स्तर पर राजकीय रजा इण्टर कालेज में कण्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा से सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुंचे, ताकि परीक्षा को सही ढंग से सम्पादित कराया जा सके।

उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायें। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बोर्ड परीक्षा हेतु की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों, वाहय केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराना सभी का दायित्व है। उन्होंने प्रश्नपत्रों, उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर वितरण कराने, परीक्षा के दौरान सतत मॉनीटरिंग करने एवं अपनी ड्यूटी के अनुसार पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने आदि के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के दौरान दिये गये निर्देशों का अक्षरः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कहीं पर भी अनियमित्ता अथवा लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल बैठने की समुचित व्यवस्था की जांच स्वयं कर लें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट पूर्व में ही सभी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण अवश्य कर लें। परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबा.इल फोन, कैल्कुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है। परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए बोर्ड द्वारा जो भी निर्देश जारी किए गए हैं उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

# 11 हजार की लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** थाना क्षेत्र के असालतपुर गांव में राजमिस्त्री का काम कर रहे बूढ़पुर निवासी धर्मेंद्र 35 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई । जिससे आसपास के लोगों में कोहराम मच गया। मौके पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पटवाई थाना क्षेत्र के बूढ़पुर गांव निवासी धर्मेंद्र 35 वर्ष क्षेत्र के असालतपुर गांव निवासी हीरालाल पुत्र किशनलाल के घर राजमिस्त्री करने गया था । शाम करीब 6 बजे वह लिंटर के ऊपर दीवार बना रहा रहा था। लिंटर के पास से ही बिजली के 11 हजार लाइन के तार गुजर रहे थे। दीवार बनाते समय कुछ ग्यारह हजार की लाइन के तारों से लग गया। जिस कारण करंट लग गया ओर नीचे गिर गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पर परिवार के लोग आ गए।

परिवार वाले घायल धर्मेंद्र को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर गए शाहबाद से धर्मेंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया द्य जहां डॉक्टर ने मृत बता दिया द्य मृतक को देखकर उनके परिवार वालों के



मृतक को फाइल फोटो

होश उड़ गए और रो रो के बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामां भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के भाई विनोद का कहना है के हमने यहां बीपी चेक कराया तो ठीक था मगर एंबुलेंस शाहबाद ले जाने की वजह से हमारे भाई की मृत्यु हो गई द्य हमारे मना करने के बावजूद भी एम्बुलेंस शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई हमने कहा कि शिधे रामपुर ले चलो मगर एंबुलेंस चालक ने कहां की आप किसी को फोन करलो पहले हम शाहबाद लेकर जाएंगे क्योंकि हमें सीधे रामपुर ले जाने की परमिशन नहीं है।

# 16 महीने से जेल में बंद अब्दुल्ला की हुई जमानत

## करीब 45 मुकदमों में बेल बॉन्ड भरने के बाद होगी अब्दुल्ला आज़म की रिहाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पिछले 16 महीने से जेल में बंद अब्दुल्ला आजम को आज जमानत दे दी गई। उनके करीब 45 मुकदमों में बेल बॉन्ड जमानती भरने के बाद उनकी रिहाई हो सकेगी। अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में बंद हैं।

मंगलवार को उन्हें कस्टोडियन संपत्ति के मामले में रिकॉर्ड्स खुर्द बुर्द करने के मामले में जमानत दे दी गई। एमपी एमएलए कोर्ट के जज शोभित बंसल ने जमानत के आदेश दिए हैं। अब्दुल्ला आजम के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि उनकी जमानत मंजूर हो गई है। जमानत की प्रक्रिया पूरी कर वह जल्द जेल से बाहर आ सकेंगे।



अब्दुल्ला आजम के सभी मामलों में बेल बॉन्ड भरे जाएंगे। इससे अब्दुल्ला की रिहाई होगी। करीब 45 मुकदमों में जमानती भरे जाएंगे, कोर्ट द्वारा एक्सेप्ट करने पर उनकी रिहाई होगी 20 बीस हजार के दो बेल बॉन्ड भरे जाएंगे। जल्द आजम खान की बेल के लिए भी की जाएगी कोशिश। एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में है दाखिल।

# बसपा हर वर्ग हर समाज की हितैषी पार्टी :राजेश प्रकाश सैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को विधानसभा बिलासपुर के ग्राम खानपुर जदीद में एक कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर पार्क प्रांगण में हुआ। कैडर को संबोधित करते हुए बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश प्रकाश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि बसपा की सरकार में बहन कु.मायावती ने बहुत विकास कार्य कराए, छोटे किसानों के खेतों में मुफ्त में बोरिंग की व्यवस्था की ।10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी 7 बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलवाएं 24 सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज बनवा 200 सरकारी इंटर कॉलेज बनवाए 23 नए जिला अस्पताल बनवाएं। 2400 साम.



रामपुर। बसपा के कैडर में सम्बोधन करते प्रमोद सागर निरंकारी।

दायिक केंद्र बनवाएं। इसी के साथ उन्होंने कहा बहन कु.मायावती ने मूवमेंट को जिस प्रकार से आगे बढ़ने का निर्णय लिया है 2027 में बसपा आएगी।

इस अवसर पर जिला प्रभारी प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो पार्टी के साथ-साथ एक मिशन भी है कहां की बसपा की सरकार में कानून व्यवस्था एकदम चाक चौबंद रहती थी किसी सरकार ने अगर सबसे अधिक नौकरी दी तो वह बहुजन समाज पार्टी है, कहा कि मुसलमानों के लिए उर्दू व फारसी यूनिवर्सिटी लखनऊ में बनवाई। बसपा की सरकार में कोई भी दंगा नहीं हुआ सभी सुरक्षित रहे बहन कु.मायावती ने पहली बार पिछले मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण दिलाया गाजियाबाद व लखनऊ में हज यात्रियों के लिए सुविधा केंद्र बनवाएं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध ने भी अपने संबोधन में कहा ओबीसी युवाओं के लिए लखनऊ में आई ए एस तैयारी हेतु प्रशिक्षण केंद्र खुलवाएं। ठेके में एस सी को 21 प्रतिशत आरक्षण कोटा दिलवाया। सावित्रीबाई फूले संत रविदास नारायण गुरु साहू जी महाराज के नाम से छात्रावास बनवाएं। आगे कहा कि आने वाले 2027 में बसपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी महेंद्र सिंह सागर, जिला प्रभारी नवनीत यदुवंशी, जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव, सोनू सागर, राकेश सागर, बब्बू अली, तस्लीम साहब, बादशाह, महेंद्र पाल सागर, अनोखे, रोशन लाल, राजेश, हरि सिंह, अमर सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अब जनपद में संचालित राशन की दुकानों पर ही जन सेवा केंद्र की होगी उपलब्ध सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उचित दर दुकानदारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और आमजनमानस की सुविधा के उद्देश्य से जनपद में संचालित सभी उचित दर दुकानों को जन सेवा केंद्रों (सी एस सी) के रूप में संचालित किया जा रहा है। जनपद में सभी लोगों को राशन की दुकानों पर ही नये राशनकार्ड हेतु आवेदन, कार्ड में संशोधन, आधार सीडिंग, केवाईसी सहित अन्य जरूरी सेवाएं मुहैया हो सकेंगी, इस संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि आम जनमानस को सहजता से योजनाओं का लाभ



दिलाने और उचित दर विक्रेताओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रदेशभर में यह योजना चलाई गई है।

उन्होंने बताया कि जनपद रामपुर में वर्तमान में जनपद में 930 उचित दर दुकान संचालित है। इसके अतिरिक्त 74 अन्नपूर्णा की दुकानें भी संचालित हैं। इसके माध्यम से इच्छुक एवं तकनीकी ज्ञान रखने वाले उचित दर विक्रेताओं को उनके उचित दर दुकानों पर सीएससी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क आईडी कार्ड व अन्य सुविधायें मुहैया करायी जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि अब राशन की दुकानों के माध्यम से आम जनमानस सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन अपने नजदीकी राशन की दुकान पर संचालित जन सेवा केंद्र से कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त नए राशन का कार्ड हेतु आवेदन, प्रचलित राशन कार्ड के डेटाबेस में अपडेशन, आधार सीडिंग के लिए आवेदन, राशन कार्ड की डुप्लीकेट प्रिंटिंग, लाभार्थी के राशन कार्ड का स्टेटस चेक करना, व इसके माध्यम से शिकायत पंजीकरण सहित अन्य सुविधायें भी मिलेगी।

# सैफनी थाने के उप निरीक्षक को एसपी ने किया निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाने के उप निरीक्षक नीरज यादव को एसपी विद्या सागर मिश्र ने निलंबित कर दिया है। उपनिरीक्षक पर आरोप है कि उन्होंने आमजन के साथ दुर्व्यवहार किया और अनुशासित बल में एक लोकसेवक के पद पर नियुक्त रहते शालीनता का परिचय नहीं दिया। इस मामले में एसपी ने जांच कराई, जिसमें आरोप सत्य पाए गए। इसके बाद प्रारंभिक कार्रवाई के तहत दरोगा को निलंबित किया गया है। साथ ही, इसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कराई जा रही है।यह कार्रवाई रामपुर पुलिस की ओर से की गई है, जो कि अधिकारियों के दुर्व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने स्टेशन पर मिली दो मासूम बच्चियों को परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** चाइल्ड हेल्पलाइन को 15 फरवरी को आरपीएफ उप-निरीक्षक की मदद से दो मासूम बच्चियों के मिलने की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी जीशान मलिक के कुशल निर्देशन में व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर निजामुद्दीन के आदेशानुसार रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से सुपरवाइजर कविता सिहं, केस वर्कर प्रदीप सागर, विशाल कुमार भारती ने मौके पर पहुँचकर प्राप्त सूचना की जानकारी ली, जिसमें पूछताछ के द्वारा दोनों बच्चियों ने अपना नाम भूरी व लाली बताया व अन्य कोई जानकारी देने में असमर्थ रही, जिसके बाद आरपीएफ के द्वारा दोनों बच्चियों को रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन की सुपुर्दगी में दिया गया। रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन को बच्चियों के पास एक थैला मिला, जिसकों जाँच करने पर थैले में माता



का आधार कार्ड प्राप्त हुआ, जिस पर बच्चियों के माता का निवासी मठिया श्रीराम जनपद कुशीनगर अंकित था, जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन के द्वारा जनपद कुशीनगर चाइल्ड हेल्पलाइन को दोनों बच्चियों की जानकारी प्राप्त कराकर, बच्चियों की जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन को अवगत कराने का अग्रह किया गया। दोनों बच्चियों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर, बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार राजकीय बाल गृह (शिशु) सदन में अग्रिम आदेशों तक आस्थाई रूप से प्रवेश दिलाया गया। 15 फरवरी 2025 को चाइल्ड हेल्पलाइन कुशीनगर द्वारा दोनों बच्चियों के परिजनों की जानकारी दी गई, परिजनों की जानकारी प्राप्त होने के बाद परिजनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार दोनों बच्चियों को माता व नाना को सुपुर्द कर दिया गया।

# करीमपुर के जंगल में फिर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौकी क्षेत्र के गांव करीमपुर के जंगल में तेंदुए को पकड़ने में वन विभाग नाकाम साबित हो गया है सोमवार की रात तेंदुआ की आहट फिर गांव मे हुई जो की कैमरे मे केद ही गयी तेंदुए की आहट से गांव वालो मे हड़कंप मचा हुआ है भी वन विभाग की टीम ने तेंदुए के पद चिन्ह तलाशे लेकिन तेंदुए का कोई पता नहीं चल सका है।

कुछ दिन पूर्व तेंदुए की आवा जाही गांव मे केमरे मे देखी गई थी जिसको लेकर वन विभाग ने खाली पिंजरा लगाकर औपचारिकता निभाली थी। कुछ दिन पूर्व करीमपुर के जंगल में तेंदूए ने पूर्व प्रधान हरमेल सिंह उर्फ वीर के भाई बलदेव सिंह के फार्म हाउस पर पालतू कुत्ते का शिकार कर लिया था तेंदुए का चहल कदमी करते हुए वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लाकर रख दिया था लेकिन उसमें शिकार नहीं डाला गया था। खाली पिंजरा देखकर तेंदुआ करीमपुर के जंगल से रफू चक्कर हो गया था वन रेंजर मुजाहिद हुसैन वनरक्षक गौरव कुमार परविंदर कुमार गांव पहुंचे और ग्रामीणों को




इकट्ठा कर सतर्क रहने का पाठ पढ़ाकर चले थे लेकिन सोमवार की रात फिर से तेंदुआ चहल कदमी करते हुए कुत्ते को अपना निवाला बनाना चाहा जो कि सीसी टीवी केमरे मे केद होगया गांव मे तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीणो मे भय का माहौल बना हुआ है लेकिन बन विभाग करीमपुर के जंगल से तेंदुआ पकड़ने मे नाकाम साबित हो रहा है सूचना देने के बाद भी बन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नही पहुंचा उधर ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी लगातार सूचना के बाद भी ग्रामीणों को तेंदुआ पकड़ने का दिलासा देते रहे लेकिन खाली पिंजरा रखकर वन विभाग ने ग्रामीणों को गुमराह किया है। जिससे ग्रामीणों में तेंदुए को लेकर दहशत बनी हुई है ग्रामीण महिलाएं और बच्चे खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं ग्रामीणों को भय है की कही तेंदुआ हमला न कर दे इसी को लेकर ग्रामीण काफी परेशान है।

# कोषाध्यक्ष के पद से किया किनारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष ने अपने पद को छोड़ दिया है कोषाध्यक्ष ने कुछ लोगो द्वारा व्यापार मंडल के नाम से वसूली का आरोप लगाते हुए व्यापार मंडल छोड़ने का एलान किया व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष हाजी तसददुक हुसैन ने व्यापार मंडल के पद अधिकारियो पर आरोप लगाते हुए कहा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मे कुछ एसे लोग शामिल होगये है जो कि दुकान दारो से प्रोग्रामो के नाम पर वसूली करते है कुछ पैसा तो वह प्रोग्रामो खर्च करते देते है बाकी बचे हुए पैसे का बन्दर बाट कर लेते है इन लोगो ने कुछ समय पहले भी हर दुकान दार से पांच पांच सो रूपए की वसूली की थी उस पैसे का आज तक कोई पता नही चला है कि वह पैसा कहा गया ओर किसके पास है जब कि जितना पैसा फंड के नाम पर इकट्ठा किया जाता है वह पैसा कोषाध्यक्ष की देखरेख मे इस्तमाल किया जाना चाहिए लेकिन नगर के व्यापार मंडल मे एसा कुछ नही समय समय पर दुकान दारो से पैसे तो इकट्ठे कर लेते है लेकिन फिर उन पैसो का बन्दर बाट कर लेते है इन सब बातो से नाराज हाजी तसददुक हुसैन ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल को छोड़ने घोषणा की है।

# रामपुर में अब्दुल्ला की जमानत पर बोले सांसद मोहिबुल्लाह

## बेगुनाह कोई अगर छूटे तो खुशी ही होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रामपुर में आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम की जमानत के सवाल पर रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने भी खुशी जाहिर की है। मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा है कि बेगुनाह कोई अगर छूटे तो खुशी ही होगी। साथ ही मोहिबुल्लाह नदवी ने वक्फ अमेंडमेंट बिल पर असहमति जताई। रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वक्फ संशोधन बिल पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी और विपक्ष संशोधन बिल से सहमत नहीं है। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा।

कहा बिल में जो चीजे छेड़छाड़ कर के हटा दी गयी थी, वो बाद में अमित शाह ने संसद में कहा की जो चीज हटा दी गई थी, वह भी शामिल करेंगे और उनको दोबारा शामिल किया गया, लेकिन पूरा शामिल नहीं किया गया और उसकी वजह बताई कि जो कमेटी को फंक्शन से ऑब्जेक्शन होते हैं वह नहीं कर सकते, लेकिन जो सवाल उठाए हैं उसको शामिल किया है।



अमित शाह और किरन रिजूजू के लोकसभा और राज्यसभा मे अलग अलग बयान पर कहा कि हमारे पास उसके सबूत हैं, जो डीसेंट नोट से हटा दी गई थी, लेकिन गृहमंत्री और स्पीकर ने उसको दोबारा शामिल किया है।

रिपोर्ट में ऐसा हुआ है। यूपी विधानसभा में सपा के हंगामे पर कहा कि समाजवादी पार्टी हक की बात करती है। 10 साल में देश के सबसे बड़े प्रदेश में कोई सुविधा जनता को ऐसी नहीं मिल रही है, जिससे उसको राहत मिल सके। जो चीजे थी वो सारी ठप पड़ी हुई हैं और जो मैनेजमेंट है चाहे कुम्भ की या नई दिल्ली की घटना हो वो सारी यह बता रही हैं कि हमारी नीयते और नीतियां जनता के लिए बिल्कुल साफ नहीं है।

### केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार सभी मुद्दों पर फेल

यही कुम्भ था 2013 में जो अखिलेश यादव के नेतृत्व में कोई ऐसा वाकया पेश नहीं आया, लेकिन अब बार बार ऐसे हादसे पेश आ रहे हैं, तो सरकार को इस तरफ तवज्जो देने की जरूरत है। यह एक मजहब से जुड़ा मुद्दा है, लेकिन इससे ज्यादा जरूरत है कि नौजवानों के लिए उनके भविष्य के लिए क्या कर रहे हैं। नौजवान मायूसी की तरफ बढ़ रहे हैं। पेपर लीक हो रहे हैं, कोई कम्पटीशन ठीक से सरकार नहीं करा पा रही है। यह सरकार फेलियर है। अब्दुल्लाह आजम की जमानत के बाद बाहर आने के सवाल पर कहा कि कोई भी आदमी अगर बेगुनाह छूट रहा है, तो अच्छा ही लगेगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी: भारतीय खिलाड़ियों को बडी राहत



**खिलाड़ियों के परिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच को देखने के लिए मंजूरी दे सकता है बीसीसीआई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के सदस्यों के लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले राहत की खबर आई है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों के परिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच को देखने की मंजूरी दे सकता है। बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड ने सख्त रवैया अपनाया था और दौरे पर परिवार के समय को सीमित कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ियों को परिवार के सदस्यों को स्टेडियम में लाने के लिए बीसीसीआई की मंजूरी लेनी होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान ग्रुप चरण में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलना है। अगर टीम सेमीफाइनल और फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में सफल रही तो दुबई में दो और मैच खेलेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने इंडिया टूडे के हवाले से बताया, फिलहाल ध्यान टीम बान्डिंग पर है और यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी बिना किसी दिक्कत के एक साथ रहें, इसलिए बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान क्रिकेटरों को अपने परिवार के सदस्यों को एक मैच में ले जाने की अनुमति देने का फैसला किया है। हालांकि, यह बोर्ड से मंजूरी मिलने पर ही हो सकता है। खिलाड़ियों को बीसीसीआई को बताना होगा कि उनके परिवार के सदस्य कौन सा मैच देखना चाहते हैं और उस हिसाब से ही मंजूरी दी जाएगी। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू जमीन पर और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद बीसीसीआई ने कड़े कदम उठाए थे। हालांकि, यह दिशानिर्देश कभी आधिकारिक रूप से नहीं बताए गए, लेकिन माना जाता है कि बीसीसीआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि खिलाड़ी परिवार के सदस्यों के साथ निजी समय बिताने के बजाए अभ्यास और टीम बान्डिंग पर ध्यान केंद्रित करें।

## चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन ट्रॉफी से हुए बाहर

**लाहौर, वार्ता।** न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की पूर्व संध्या पर उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फर्ग्यूसन दाहिने पैर में चोट के कारण आठ टीमों के टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह न्यूजीलैंड की टीम में तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को शामिल किया गया है। फर्ग्यूसन के जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। इस सप्ताह की शुरुआत में चोट के कारण टीम को तेज गेंदबाज बेन सियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गए और उनकी जगह जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि हम लॉकी के लिए वास्तव में निराश हैं। उन्होंने कहा कि लॉकी गेंदबाजी समूह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे और उसके पास कई बड़े टूर्नामेंटों का अनुभव है और हम जानते हैं कि वह किसी अन्य प्रमुख आयोजन में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए कितना उत्सुक था। हम उसके ठीक होने और जल्द ही वापसी करते हैं। न्यूजीलैंड 19 फरवरी को लाहौर में टूर्नामेंट के पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।



फर्ग्यूसन की जगह न्यूजीलैंड की टीम में तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को शामिल किया

### थाईलैंड को हराकर दक्षिण कोरिया एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वार्टरफाइनल में

**शेन्ज़ेन, वार्ता।** दक्षिण कोरिया ने ग्रुप डी में थाईलैंड को 4-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में योत्सकोन बुराफा के बॉक्स से बाहर के शॉट ने थाईलैंड को 23वें मिनट में बढ़त दिलाई। इसके बाद दक्षिण कोरिया के यूं डो-योंग ने 32वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दक्षिण कोरिया के किम ताए-वोन ने 59वें और 86वें मिनट में दो गोल किए। स्थानापन्न पार्क सेउंग-सू की ओर से किये गए चौथे गोल ने दक्षिण कोरिया की जीत पक्की कर दी। इसी के साथ दक्षिण कोरिया ने अंतिम आठ में जगह बना ली हैं। इससे पहले हुए जापान और सीरिया के बीच मुकाबला 2-2 से बराबरी पर छूटा। सीरिया के मोहम्मद अल मुस्तफा ने 10वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### डब्ल्यूपीएल:मुंबई ने गुजरात को 120 रनों पर रोका

**वड़ोदरा, वार्ता।** हेली मैथ्यूज (तीन विकेट), नेट सायबर ब्रंट और एमेलिया केर (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने मंगलवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पांचवें मुक.ाबले में गुजरात जायंट्स को 120 के स्कोर पर रोक दिया। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबा.जी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक अपने चार विकेट 28 के स्कोर पर गवां दिये। बेथ मूनी (एक), लॉरा वुलफार्ट (चार), दयालन हेमलता (नौ) और कप्तान एश्ली गार्डनर (10) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल और काश्वी गौतम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने काश्वी गौतम (20) को आउटकर मुंबई को पांचवी सफलता दिलाई। डिएंड्रा डॉटिन (सात) रन बनाकर आउट हुई। सिमरन शेख (तीन), तनुजा कंवर (13) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल ने टीम के साथ सर्वाल्रािक (32) रनों की पारी खेली। उन्हें एमेलिया केर ने आउट किया। सायली सातघरे (13) रन बनाकर नाबाद रही। गुजरात ने निर्ध्राारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 120 रन बनाए।

#### लखनऊ छावनी में शुरु हुआ डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ में 11वें अखिल भारतीय रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) बैडमिंटन टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत मंगलवार को हो गयी। सूर्या खेल परिसर (एसकेपी) में टूर्नामेंट का उद्घाटन रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) देविका रघुवंशी ने किया। इस मौके पर मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्डा, एसके चौधरी, आईडीएएस, हरि हर मिश्रा, आईडीएएस के साथ-साथ सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और सेवानिवृत्त आईडीएएस अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों ने बैंड प्रदर्शन के साथ मार्च-पास किया। टूर्नामेंट में कुल 184 खिलाड़ी (127 पुरुष और 57 महिलाएं) भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी,ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी श्रेणी में विभाजित किया गया है। इसमें खेल कोटा के तहत 12 खिलाड़ी , आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 37 अधिकारी और ओपन श्रेणी के तहत 135 खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा, जिसमें शुरुआती राउंड 30 अंकों के एकल सेट के होंगे। हालांकि, क्वार्टर फ़ाइनल से 21 अंकों के सर्वश्रेष्ठ तीन सेट खेले जाएंगे। आज सभी 83 मैच खेले जा चुके हैं। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा, जिसमें शुरुआती राउंड 30 अंकों के एकल सेट के होंगे। हालाँकि, क्वार्टर फ़ाइनल से 21 अंकों के सर्वश्रेष्ठ तीन सेट खेले जाएंगे।

## भारतीय बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल स्वदेश लौटे

**पिता का निधन हुआ टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से**

**दुबई, वार्ता।** भारत के गेंदबाजी को मोर्ने मोर्कल चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से ठीक पहले फैमिली इमरजेंसी के कारण स्वदेश लौट गए हैं। बताया जा रहा है कि उनके पिता का निधन हो गया है। हालांकि, इस मामले में बीसीसीआई ने कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी है। अभी तक यह भी नहीं बताया गया है कि वे टीम से वापस कब जुड़ेंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी बुधवार, 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। भारतीय टीम का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगी। टीम इंडिया के सभी मुकाबले इसी मैदान पर होंगे। सितम्बर-2024 में भारतीय टीम के कोच बने थे मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबा.जी कोच बनाया गया था। वे शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे। बुधवार से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से पहले शुरुआती ट्रेनिंग सत्र में भी मौजूद थे। वे सोमवार को दूसरे प्रैक्टिस सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया रोहित शर्मा (कप्तान), गिल, कोहली, अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), पंत (विकेटकीपर), हार्दिक, जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन, हर्षित,शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण व कुलदीप यादव।

## रणजी ट्रॉफी : मुंबई को मिला आकाश का सहारा



● **दूसरे सेमीफाइनल में शिवम दूबे, सूर्यकुमार और कप्तान रहाणे बल्लेबाजी में पूरी तरह रहे विफल**

**नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मंगलवार को शिवम दुबे, सूर्यकुमार यादव और कप्तान अजिंक्य रहाणे बल्लेबाजी में विफल रहे और मुम्बई की लड़खड़ाती पारी को आकाश आनंद का सहारा मिला। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने आयुष म्हात्रे (नौ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद सिद्धेश लाड ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभाला। यश ठाकुर ने सिद्धेश लाड (35) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अजिंक्य रहाणे (18), शिवम दुबे (शून्य), सूर्यकुमार यादव (शून्य) और शम्स मुलानी (चार) रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

दिन का आखिरी विकेट शार्दुल ठाकुर (37) के रूप में गिरा। मुम्बई ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट गवां कर 188 रन बना लिए है और वह अभी विदर्भ के पहली पारी में बनाये गए स्कोर से 195 रन पीछे है। स्टंप के समय आकाश आनंद (नाबाद 67) और तनुष कोटियान (नाबाद पांच) क्रीज पर मौजूद रहे। इससे पहले विदर्भ ने कल के पांच विकेट पर 308 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज शार्दुल ठाकुर ने यश राठौड़ (54) को आउटकर मुम्बई को छठी सफलता दिलाई। रॉयस्टन डायस ने अक्षय वड़कर (34) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मुम्बई शिवम दुबे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे विदर्भ का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। मुम्बई की गेंदबाजी का आलम यह था कि विदर्भन ने कल के स्कोर में 75 रन जोड़कर अपने पांच विकेट गवां दिया।

### अजहरुद्दीन की नाबाद शतकीय पारी से केरल का विशाल स्कोर

**अहमदाबाद, वार्ता।** मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 149) की शतकीय, सचिन बेबी (69) और सलमान निजार (52) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत केरल ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन मंगलवार को सात विकेट पर 418 रन का विशाल स्कोर बना लिया है। केरल ने कल के चार विकेट पर 206 रन आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र की शुरुआत में अरजान नागवासवाला ने सचिन बेबी (69) को आउट कर गुजरात को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सलमान निजार ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के 149 रनों की साझेदारी हुई। विशाल जायसवाल ने सलमान निजार (52) को आउटकर इस साझेदारी को अंत किया। अहमद इमरान (24) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने सात विकेट पर 418 रन बना लिए हैं।



## ड्रेपर-अल्काराज कतर ओपन के अंतिम-16 में

**दोहा, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशियाई टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक को तथा ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने रूस के एलेक्सी पोपिरिन को हराकर कतर ओपन में अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी ड्रेपर ने कतर ओपन के दूसरे दौर में रूस के एलेक्सी पोपिरिन के खिलाफ 6-2 7-6 (7-4) की जीत दर्ज की। वहीं स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशियाई टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला झांग झिझेन या लुका नारदी से होगा। ड्रेपर की भिड़ंत ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओं' कॉनेल के साथ होगी।

### मनु भाकर बनी बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की स्टार महिला निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार 2024 से नवाजा गया है।

यहां आयोजित एक समारोह में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई वोलटग के बाद मनु भाकर के नाम की घोषणा की गई। समारोह में बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और भारतीय मुक्केबाज मैरी कॉम ने मनु भाकर को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार मिलने बाद मनु भाकर ने कहा कि बीबीसी का इस पुरस्कार के लिए शुक्रिया। यह उतार-चढ़ाव वाला सफर रहा है। मैंने बहुत सारे मैच जीते हैं, लेकिन यहां आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने इससे ना केवल देश की महिलाओं को बल्कि उन खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## ब्रिस्बेन ओलंपिक-2032 के लिए मुख्य स्टेडियम की घोषणा मार्च में होगी




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैंड प्रांत की सरकार ने मंगलवार को कहा कि ब्रिस्बेन ओलंपिक 2032 और पैरालिंपिक खेलों के लिए मुख्य स्टेडियम के जगह की घोषणा मार्च में की जाएगी। क्वींसलैंड के उप प्रधानमंत्री जारोड ब्लेजी ने बताया कि चर्चा के बाद 25 मार्च को सरकार मुख्य स्टेडियम की जगह बारे में घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि खेलों के लिए बुनियादी ढांचे प्रदान करने के लिए चल रही स्वतंत्र समीक्षा में 08 मार्च को सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने वाली है। रिपोर्ट में इस बात की सिफारिश की जाएगी कि नया स्टेडियम बनाया जाए या नहीं और एथलेटिक्स खेल कहाँ आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्वींसलैंड के लोग विश्व मंच पर खेलों को लेकर किसी तरह आलोचना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि हम 2032 ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन करेंगे, जिस पर हमारा प्रांत गर्व कर सके और जो हमें विश्व मंच पर एक महान प्रांत के रूप में उभरकर सामने आये।

### श्रीमंत झा ने जीता नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में 85 प्लस किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंत झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में 85 प्लस किलोग्राम वर्ग में पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक अपने नाम किया। पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने अपना रजत पदक महाकुंभ में जान गवांने वाले लोगों को समर्पित किया है। यह टूर्नामेंट 13 फरवरी से 15 फरवरी चला। नॉर्वे के जॉन फेविक ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। स्वदेश पहुंचने पर श्रीमंत झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से भारत को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा। पैरा एथलीट के रूप में श्रीमंत झा अब तक 52 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके है। रजत पदक जीतने पर आर्म रैसलिंग की अध्यक्षा प्रीति झींझानी छत्तीसगढ़ के आर्म रैसलिंगके अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, चेयरमैन बृज मोहन सिंह, सचिव श्रीकांत एवं कोच ऋषभ जैन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### रोहन कांबले ने हर्डल रेस में जीता कांस्य पदक

अहमदाबाद, वार्ता। पश्चिम रेलवे में गुजरात के अहमदाबाद मण्डल के रोहन कांबले ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में हर्डल रेस में कांस्य पदक जीता। वरिष्ठ मण्डल मेकेनिकल इंजीनियर (समन्वय) जगदंबा प्रसाद ने सोमवार को बताया कि अहमदाबाद डिवीजन के मैकेनिकल विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत रोहन गौतम कांबले ने आठ फरवरी से 12 फरवरी तक उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए बाधा दौड़ (हर्डल रेस) में कांस्य पदक जीता। श्री जगदंबा प्रसाद ने बताया कि रोहन ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में भाग लिया और उसे 51:77 सेकंड में पूरा किया। इस अद्वितीय सफलता ने न केवल उनकी व्यक्तिगत क्षमता को प्रदर्शित किया

## डब्ल्यूपीएल: आरसीबी ने दिल्ली को आठ विकेट से रौंदा

● **कप्तान मंधाना ने 81 और डेनियल वायट ने 42 रनों की पारी खेली**



**वडोदरा, वार्ता।** कप्तान स्मृति मंधाना (81) और डेनिएल वायट (42) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स के 141 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए स्मृति मांधना और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने डेनिएल वायट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेनिएल वायट ने 33 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (42) रन बनाये। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (81) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में शिखा पांड़े ने आउट किया। आरसीबी ने 16-2 ओवर में 146 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। एलिस पेरी (सात) और ऋचा घोष (11) रन बनाकर नाबाद रही। दिल्ली की ओर अरुंधति रेड्डी और शिखा पांड़े ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आरस.ीबी की कप्तान स्मृति मांधना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान मेग लैलनग और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। सातवें ओवर में जॉर्जिया वेयरहम ने जेमिमाह रॉड्रिग्स को स्टंप आउटकर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 22 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (34) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में किम गार्थ ने मेग लैनिंग (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद आरसीबी के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दिल्ली के बल्लेबाज टिक नहीं खेल सके।

### वाटिका बनाम सुदेवा मुकाबला रहा ड्रा

**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 फरवरी डीएसए प्रीमियर लीग में नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। सुदेवा के लिए गोल संखिल डरपोल ने और वाटिका की ओर से जवाबी गोल कुशाग्र कक्कर ने जमाया । दिन के पहले मुकाबले में अंक तालिका में टॉप पर चल रहे सीआई एस एफ ने फिसढी यूनाइटेड भारत एफसी को बामुश्किल 2-1 से हराया। वाटिका के गोल कीपर यश कुलकर्णी और सी आई एस एफ के मोहम्मद खालिद को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। सी आई एस एफ के गोल मोहम्मद खालिद और शक्तिनाथ ने किए। पराजित यूनाइटेड भारत का गोल जहां ने किया। वाटिका और सुदेवा के बीच खेला गए मैच में लक्ष्यविहीन खेल ज्यादा हुआ।

# तय होनी चाहिए जवाबदेही

किसी भी बड़े हादसे के बाद सरकारी तौर पर जारी किए जाने वाले आंकड़ों में जरा भी हेर-फेर आमजन को व्यथित कर देता है, नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर अपनी रिपोर्ट में रेलवे सुरक्षा बल ने कहा है कि स्टेशन पर प्रयागराज के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन की घोषणा के बाद अफरातफरी में फुटओवर ब्रिज पर लोगों में धक्का-मुक्की के बाद यात्री एक दूसरे पर गिरने लगे, जिससे 20 यात्रियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए इस पूर्व जारी अधिकांश आंकडों में मृतक संख्या 18 बताई जाती रही है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (समन्वय) को रविवार को सौंपी गई रिपोर्ट में विस्तार से घटना की जानकारी दी। हताहतों की संख्या के बारे में रेल अधिकारियों और आरपीएफ रिपोर्ट के दावे अलग अलग हैं। इसी दौरान मन निरीक्षक नई दिल्ली द्वारा सहायक सुरक्षा आयुक्त (नई दिल्ली) के निर्देश पर अजमेरी गेट साइड पहुंच कर सभी एंट्री गेट को बंद करवाया गया तथा स्थिति ठीक होने तक उन्हें ऐसे ही रखा गया। उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में मौके से ही उच्च अधिकारियो को अवगत करवाया गया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भयावह भगदड़ में जिन 18 लोगों की जान गई, उसे महज दुर्घटना नहीं कहा जा सकता। सही मायने में यह योजना, दूरदर्शिता और जवाबदेही की विफलता थी। जैसा कि पहले से पता था कि रोज हजारों तीर्थयात्री प्रयागराज महाकुंभ के लिए ट्रेनों में चढ़ने के लिए उमड़ रहे थे, अधिकारी उस भारी भीड़ का अनुमान लगाने और उसे प्रबंधित करने में विफल रहे। जिसके चलते यह दुखद हादसा घटित हुआ। पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल समेत कई विपक्षी नेताओं ने रेल मंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग है। उनका कहना है कि यात्रियों की अप्रत्याशित संख्या में वृद्धि को देखते हुए भीड़ नियंत्रण के लिए उपाय करने में सरकार विफल रही है, जो एक गंभीर चूक है। निस्संदेह, महाकुंभ पहली बार नहीं हो रहा है। रेलवे यातायात संच. ालन में इसके पैमाने और प्रभाव का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद इस त्रासदी का सामने आना कई सवालों को जन्म देता है। सवाल मृतकों व घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर भी है। जबकि सामान्य दिनों में वर्ष 2023 की मुआवजा निर्देशिका में निर्धारित मुआवजा राशि में बड़ा अंतर है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार प्रणालीगत मुद्दों को ठीक करने के बजाय नकद भुगतान बढ़ाकर तंत्र की साख को हुई क्षति की पूर्ति का प्रयास कर रही है। यही वजह है कि विपक्षी दल रेलमंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हादसे की सूचना की लीपापोती को लेकर भी सवाल उठे हैं। कहा जा रहा है कि ऐसे रेल हादसों के वक्त रेलमंत्री के रूप में नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए लाल बहादुर शास्त्री और नीतीश आदि ने अपने पद से त्यागपत्र दिए थे। दरअसल, इस्तीफे से परे रेलवे में प्रणालीगत सुधार की भी आवश्यकता है। भारतीय रेलवे को अपने भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल में सुधार करने की जरूरत है। खासकर धार्मिक पर्वों और त्योहार की भीड़ के दौरान अतिरिक्त सावधानी की जरूरत महसूस की जाती है। सही मायनों में दिल्ली समेत तमाम रेलवे स्टेशनों में तीर्थयात्रियों की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए टिकटों के वितरण और नई ट्रेनों के संचालन को लेकर जिस संवेदनशील प्रशासन की जरूरत थी, वह नजर नहीं आया। ट्रेनों के आने के समय और उनके स्थगित होने पर कारगर वैकल्पिक व्यवस्था की जरूरत थी,वह नजर नहीं आई। दिल्ली हादसे के बारे में कहा जा रहा है कि एक नाम की दो ट्रेनों को लेकर मची भगदड़ हादसे की वजह बनी। एक अनुमान के अनुसार रेलवे प्रयागराज जाने वाले यत्रियों के लिए हर घंटे डेढ़ हजार सामान्य टिकट जारी कर रहा था। जिसके चलते प्लेटफॉर्मों पर तिल धरने की जगह नजर नहीं आ रही थी। निश्चित जगह में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने तथा सीमित मात्रा में टिकट जारी करने की जरूरत थी। पैदल यात्रियों के लिए बने ओवरब्रिज पर लोग पहले ही बैठे थे और नई ट्रेन के आने की घोषणा से मची भगदड़ में कुछ लोग गिरे तो अन्य कई लोग गिरते गए, और दुखद हादसा हो गया। अनुमान लगाना चाहिए था कि सप्ताहांत में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, उसी हिसाब से चौकस सुरक्षा तथा ट्रेनों का संचालन व टिकट वितरण किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में तीर्थ यात्रियों के रेल में असुरक्षित सफर करने के वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार आ रहे थे। यहां तक कि कंफर्म टिकट वाले यात्री भी ट्रेनों में जगह नहीं पा रहे थे। आरक्षित डिब्बों में घुसने के लिए टकराव तक देखा जा रहा था। रेलवे को सुनिश्चित करना चाहिए था कि सफर के लिए यात्री अपनी जान को जोखिम में न डालें।

## सरकार की नीतियां दिशाहीन तथा नीतिहीन



**केंद्र** की मोदी सरकार की नीतियां देश के आर्थिक विकास के दिए दिशाहीन तथा नीतिहीन हैं, इससे देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और देशवासियों का जीवन बर्बाद हो रहा है, इससे अधिक विडंबनापूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि मोदी सरकार के वित्त मंत्री यह कहें कि हमारी अर्थव्यवस्था अच्छा रिटर्न दे रही है, इस साल अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 45 लाख करोड़ रुपये का सफाया हो चुका है, निफ्टी की 50 कंपनियों ने पांच वर्षों में सबसे खराब तिमाही लाभ वृद्धि दिखाई है, अक्टूबर से विदेशी निवेशकों ने 1.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं, जिसमें 2025 में लगभग एक लाख लाख करोड़ भी शामिल है, जिसके कारण छोटे और मध्यम निवेशकों की संपत्ति खत्म हो गई है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# डॉक्टर बनने के लिए देश छोड़ रहे भारतीय छात्र

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विदेशी मेडिकल स्नातक फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं**

घरेलू मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध कुछ सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा और इस तथ्य के कारण कि कुछ देश बहुत कम टयूशन फीस देते हैं, भारतीय छात्र अक्सर विदेश में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना चुनते हैं। इससे उन्हें अधिक किफायती लागत पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। अन्य आकर्षक कारकों में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना, निजी कॉलेजों में उच्च टयूशन फीस, अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना और कुछ देशों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा शामिल हैं। इसलिए, इन छात्रों का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना और भारत वापस आना है। (भले ही कुछ लोग विदेश में बसना चाहते हों, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत में चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों से बहुत अलग नहीं हो सकती है)।

इसलिए, विदेशी चिकित्सा-स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने की उनकी क्षमता मुख्य चिंता है। क्या सरकार इसे समाप्त कर देगी और इसकी जगह सभी छात्रों के लिए एक परीक्षा लाएगी, चाहे डिग्री भारत से हो या विदेश से? मुख्य मुद्दा यह है कि क्या भारत में पर्याप्त योग्य चिकित्सा पेशेवर हैं या क्या इसका उद्देश्य लोगों को विदेशों में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने से रोकना है। भारत छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विद. ेशी मेडिकल स्नातक फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं।

नीट प्रतियोगिता, उच्च टयूशन और घरेलू सीटों की कमी के कारण, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली त्रस्त है, जिसके कारण विदेशी शिक्षा पर निर्भरता बढ़ रही है। कम टयूशन लागत, सुव्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त डिग्री के साथ, कई देश यात्रा के लिए पसंदीदा गंतव्य हैं। इन कारकों के कारण, छात्रों की बढ़ती संख्या भारत के बाहर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करके अंतर को पाट रही है, जिससे यह गारंटी मिलती है कि वे अभी भी डॉक्टर बनने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। आसान आवेदन और प्रवेश प्रक्रिया के कारण भारतीय छात्र अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल कोर्स को प्राथमिकता देते हैं। छात्र अंग्रेज़ी या कोई विदेशी भाषा पढ़ सकते हैं। हर साल टयूशन पर लगभग 200000 से 300000 रुपये ख़र्च होते हैं। कोई कैपिटेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता मिली है। छात्रों को एक बहुसांस्कृतिक सेटिंग से अवगत कराया जाता है जो उनके जीवन के अनुभवों और ज्ञान को व्यापक बनाता है। अच्छी शैक्षिक गुणवत्ता के साथ इनकी डिग्री अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार मान्यता प्राप्त है। घरेलू सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय मेडिकल छात्र तेजी से देश छोड़ रहे हैं। भारत में छात्र भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण विदेशों में विकल्प तलाशते हैं, अक्सर उन देशों में जहाँ चिकित्सा नियम ढीले होते हैं। चूंकि भारत में हर 22 आवेदकों के लिए केवल एक मेडिकल सीट है, इसलिए 20,000 से अधिक छात्र हर साल चीन, रूस और यूक्रेन जैसे देशों में विदेश में अध्ययन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन कई अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल स्कूलों में पाठयक्रम की असमान गुणवत्ता से छात्रों की रोजगार क्षमता और योग्यता प्रभावित होती है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक विदेशी स्नातकों की पहुंच में देरी होती है क्योंकि उन्हें फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन पास करना होता है और इंटर्नशिप पूरी करनी होती है। बीते साल फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन लेने वाले 32000 भारतीय छात्रों में से केवल 4000 ही योग्य थे। इन छात्रों और परिवारों के लिए, उच्च टयूशन लागत, अस्थिर अर्थव्यवस्थाएं और कुछ देशों में सुरक्षा सम्बंधी खतरे बोझ हैं। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण 24000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को विस्थापित होना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुक़सान और अनिश्चित शैक्षणिक भविष्य हुआ। भारत में डॉक्टरों की कमी बदतर होती जा रही है क्योंकि अधिक विदेशी प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर वहां बेहतर अवसरों के कारण विदेशों में अभ्यास करना पसंद करते हैं। चिकित्सा शिक्षा की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पहला परिवर्तन चिकित्सा सीटों की संख्या का विस्तार करना है। 2025 में 10000 और मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, भारत में 75000 अतिरिक्त सीटों का पांच साल का लक्ष्य है। वंचित क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए किफायती मेडिकल कॉलेज स्थापित करने होंगे। नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने और टियर-2 और टियर-3 शहरों में एम्स के विस्तार से चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच बढ़ी है। उच्च गुणवत्ता वाले निर्देश और उचित लागत को बनाए रखते हुए निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। कैरिबियन और मणिपाल कॉलेज ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (नेपाल) जैसे संस्थान प्रदर्शित करते हैं कि भारतीय संस्थान पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप मॉडल के तहत घरेलू स्तर पर विकसित हो सकते हैं। अधिक खुली प्रवेश प्रक्रियाओं और कई प्रवेश मार्गों को लागू करके नीट पर निर्भरता कम करना ज़रूरी है। चयन मानदंडों को व्यापक बनाने के प्रयास में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा ब्रिज कोर्स और वैकल्पिक प्रवेश प्रणाली का सुझाव दिया गया है। भारतीय छात्रों की सेवा के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परिसरों को बढ़ावा देना होगा। आईआईटी और मणिपाल समूह के अंतर्राष्ट्रीय विस्तार से एक ऐसा मॉडल सुझाया गया है, जिसमें भारतीय मेडिकल स्कूल भारतीय नियमों के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करते हैं। चिकित्सा शिक्षा और इंटर्नशिप को मज़बूत करने के लिए, हमें ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा के प्रावधान की गारंटी देते हैं। भारतीय चिकित्सा शिक्षा को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य इंटर्नशिप की आवश्यकता है। रोगी देखभाल और व्यावहारिक कौशल पर ज़ोर देने के लिए, 2019 में योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा (सीबीएमई) पाठयक्रम लागू किया गया था। अत्याधु. निक प्रयोगशालाओं, नैदानिक अनुभव और चिकित्सा संकाय प्रशिक्षण में पैसा लगाना ज़रूरी है। एम्स और एनएमसी सुधारों द्वारा मेडिकल कॉलेजों के लिए आधु. निक सिमुलेशन लैब और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है। एकरूपता की गारंटी के लिए सरकारी और निजी मेडिकल स्कूलों का नियमित मूल्यांकन ज़रूरी है। एनएमसी द्वारा प्रशासित नेशनल एग्जिट टेस्ट (एनईएक्सटी) भारत और विदेशों दोनों से मेडिकल स्नातकों के लिए लाइसेंसिंग परीक्षाओं को मानकीकृत करने का प्रयास करता है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेहतर कामका. जी परिस्थितियां, प्रोत्साहन और अधिक वेतन प्रदान करना आवश्यक है।



# घर पर ही गुलाब से करें फेशियल, मिलेगा गुलाबी सा निखार

**गुलाब स्किन के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, अगर आप भी पिंक ग्लो पाना चाहते हैं, तो आप गुलाब फेशियल जरुर करें, घर पर ही गुलाब की मदद से फेशियल कर सकते हैं, आइए आपको बताते आसान स्टेप्स में फेशियल कैसे कर सकते हैं**

खराब लाइफस्टाइल के चलते चेहरे की रंगत कहीं न कहीं खो जाती है। भागदौड़ भारी जिंदगी में अपने स्किन केयर के लिए बिल्कुल भी समय नहीं होता है। चेहरे पर हर कोई प्राकृतिक रुप से ग्लो पाना चाहते हैं। महिलाएं चेहरे पर चमक पाने के लिए कई सारे महंगे-महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करती है। हालांकि, नैचुरल ग्लो पाने के लिए आप प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आपको भी गुलाब जैसा गुलाबी निखार चाहिए, तो आप घर पर ही गुलाब फेशियल जरुर करें।

### चेहरे को साफ करें...

गुलाब से फेस क्लींजर को बनाना बेहद आसान है। इसके यूज करने से आपको बस गुलाब एसेंशियल ऑयल, दही और एक चम्मच बेसन चाहिए। इन सभी चीजों को एक साथ मिला लें और क्लींजर को अपने चेहरे के हर कोने पर लगाएं। इसके बाद आप अपने चेहरे पर करीब 10 मिनट तक धीरे-धीरे मसाज करें। मसाज के बाद चेहरे को पानी से धो लें।

### स्टीम जरूर लें...

हमारी स्किन पर गंदगी और धूल को जरुर जमा होती है। इसको साफ करने के लिए स्टीमर में पानी गर्म करें और इसमें गुलाब की कुछ पंखुड़ी डालें। फिर अपने चेहरे को भाप की सीध में रखकर और पूरे चेहरे पर भाप लें। 5-7 मिनट के बाद ब्लैकहेड पीलर को माथे, नाक और ठोड़ी पर चलाएं, ताकी अगर ब्लैकहेड होंगे तो आसानी से निकाल जाएंगे।

### स्क्रबिंग करें...

स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले आप एक बड़े चम्मच गुलाब की पंखुड़ियों का पाउडर बना लें। अब इसे एक बड़े चम्मच चीनी, गुलाब एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें और गुलाब जल के साथ मिलाएं। फिर आप इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और धीरे-धीरे रब करें। स्क्रब करने के बाद आप चेहरे को धो लें।

### गुलाब से बनाएं फेस पैक...

इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों का पाउडर बनाएं और अब गुलाब जल और एक चम्मच कच्चे दूध को एक साथ मिलाएं। फिर इसे अपने चेहरे पर जरूर लगाएं। फेस पैक सूखने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।



# वजन घटाने से लेकर जोड़ों का दर्द होगा दूर, इस तरह अजवाइन को डाइट में करें शामिल

हर भारतीय किचन में अजवाइन जरुर होती है और इसके फायदे भी काफी होते हैं। अपनी अनोखी खुशबू और स्वास्थ्य लाभों के कारण अजवाइन, जिसे कैरम बीज भी कहा जाता है। यह एक शक्तिशाली मसाला है जिसका उपयोग अक्सर भारतीय घरों में किया जाता है। अजवाइन एक छोटा पौधा है, लेकिन यह महत्वपूर्ण पोषक तत्वों, एंटीऑक्सिडेंट और चिकित्सीय गुणों से भरपूर है जो संक्रमण से लड़ने, चयापचय बढ़ाने और पाचन में सुधार करने में मदद कर सकता है। लंबे समय से आयुर्वेदिक चिकित्सा में उपयोग किए जाने वाले इन छोटे बीजों को नियमित भोजन में शामिल करने पर अत्यधिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं। अजवाइन आपके आहार में हेल्थ के लिए सबसे बढ़िया है, चाहे इसे कच्चा खाया जाए, भुना हुआ खाया जाए या चाय के रूप में पीया जाए। अपने डाइट में अजवाइन को शामिल करने के कई जबरदस्त स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

### पाचन में सुधार करता है...

कैरम सीड्स में पाया जाने वाला थाइमोल नामक पदार्थ पेट में रस के उत्पादन को उत्तेजित करता है। बदले में, यह गैस, सूजन और अपच को कम करके बेहतर पाचन की सुविधा प्रदान करता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट की मांसपेशियों को आराम देकर और पाचन तंत्र को आराम देकर, थोड़ी मात्रा में अजवाइन का पानी पीने से पाचन में राहत करता है।

### वजन घटाने में मदद करता है...

अजवाइन फैट्स के पाचन को बढ़ाता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसमें थर्मोजेनिक गुण क्रेविंग को कम करने और कैलोरी बर्न बढ़ाने में सहायता करते हैं। सुबह खाली पेट पीने पर अजवाइन का पानी पाचन को बढ़ा सकता है और फैट्स चयापचय को बढ़ा सकता है। इसलिए इसके सेवन से वजन कम करने में मदद मिलती है।

### ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है...

अजवाइन में ऐसे यौगिक होते हैं जो रक्त धमनियों को आराम देते हैं और प्राकृतिक वासोडिलेटर के रूप में कार्य करके परिसंचरण में सुधार करते हैं। इससे हृदय रोग का खतरा कम होता है और उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है।

### जोडों के दर्द को दूर करता है...

जोड़ों में सूजन गठिया का कारण बनती है, जो दर्दनाक और असुविधाजनक होती है। अजवाइन के बीज अपने प्रसिद्ध सूजनरोधी गुणों के कारण गठिया के दर्द और सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### इसे अपने आहार में कैसे शामिल करें?

- **भीगे हुए अजवाइन का सेवन:** एक चम्मच अजवाइन के बीज को पूरी रात पानी में भिगोकर रखना चाहिए। पाचन में मदद के लिए पानी को छान लें, गर्म करें और सुबह खाली पेट पियें।
- **अजवाइन पाउडर:** खांसी, गले और अपच के इलाज के लिए अजवाइन के बीजों को पीसकर पाउडर बना लें और गर्म पानी या शहद के साथ मिलाएं।

# भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) क्षेत्र की सफलता

भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में एक परिवर्तनकारी क्रांति देख रहा है, और इस बदलाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार प्रत्यक्ष रूप से एक एआई क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हैं। मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआई सिर्फ़ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के ज़रिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआई क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं। आइए एक नज़र डालते हैं कि मोदी सरकार भारत को वैश्विक एआई दिग्गज बनाने के लिए क्या कर रही है-

### इंडिया एआई मिशन: एआई को सुलभ बनाने में अग्रणी भूमिका

भारत के एआई क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10300 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडियाएआई मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है। एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा

## किफायती नवाचार के साथ भविष्य को सशक्त बनाना

द्वारा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग 10000 जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे।

### जीपीयू आधारभूत ढांचा और खुला जीपीयू बाजार

इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चौटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है।


मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाज़ार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाज़ार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाज़ार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गजों का दबदबा होता है। मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी। इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफ़ॉर्म की उम्मीद की जा सकती है। सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं। जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी। शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कॉलेज, आईआईटी, सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है, और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं।

### इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफॉर्म: ओपन डेटा के साथ एआई नवाचार को सक्षम बनाना

डेटा वह शक्ति है जो एआई शोध और नवाचार को आगे बढ़ाता है, और समृद्ध, विविध और प्रचुर डेटासेट के बिना, सबसे कुशल डेटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी अवरोधों का सामना करते हैं। इसे पहचानते हुए, मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए ओपन डेटासेट को सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च-गुणवत्ता वाले, गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफ़ॉर्म बनाना है। यह भारतीय स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंच को सक्षम बनाता है, जिससे एआई-संचालित नवाचार में तेज़ी आती है। इस एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म में अज्ञात डेटा का सबसे बड़ा संग्रह होगा जो नवाचार को बढ़ावा देगा और एआई अनुप्रयोगों की क्षमताओं को बढ़ाएगा।

### एआई उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना

वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने नई दिल्ली में हेल्थकेयर, कृषि और बेहतर शहरी नियोजन एवं प्रबंधनयुक्त शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की। बजट 2025 में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एआई के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई। शिक्षा में एआई के लिए घोषित उत्कृष्टता केंद्र चौथा ऐसा केंद्र है। सरकार ने कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना की भी जानकारी दी, जो युवाओं को उद्योग-संबंधित विशेषज्ञता से दक्ष करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक भागीदारी के साथ इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। भारत न केवल एक मजबूत एआई क्षेत्र विकसित कर रहा है, बल्कि आधारभूत एआई मॉडल बनाने में पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि भारत की एआई उन्नति स्वदेशी हो। इंडियाएआई ने प्रस्तावों के लिए कॉल के माध्यम से एलएलएम और एसएलएम सहित स्वदेशी आधारभूत एआई मॉडल विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। डिजिटल इंडिया भाषिणी उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो भारत का एआई-आधारित भाषा अनुवाद प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक आसान पहुंच को सक्षम करना है, जिसमें आवाज़-आधारित पहुंच शामिल है, और भारतीय भाषाओं में कंटेंट के सृजन में मदद करना है। भारतजेन दुनिया की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमॉडल एलएलएम पहल है। भारतजेन, एक जनरेटिव एआई है, जिसे भारत में वर्ष 2024 में दिल्ली में लॉन्च किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भाषा, भाषण और कंप्यूटर विज़न आधारभूत मॉडलों का एक समूह विक. सित करके सार्वजनिक सेवा वितरण में क्रांति लाना और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। भारतजेन में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के शीर्ष एआई शोधकर्ताओं का एक संघ शामिल है। सर्वम-1 एआई मॉडल, यह अभिनव बृहद भाषा मॉडल भारतीय भाषाओं के लिए विशेष रूप से अनुकूलित है, जो एआई परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अंतर से संबद्ध है। सर्वम-1, 2 बिलियन मापदंडों का दावा करता है, दस प्रमुख भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है, जो भाषा अनुवाद, पाठ सारांश और सामग्री निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों में क्रांति लाने की अपनी क्षमता को प्रदर्शित करता है। चित्रलेखा एआई4भारत द्वारा विक. सित एक ओपन-सोर्स वीडियो ट्रांसक्रिएशन प्लेटफ़ॉर्म है। उन्नत एआई मॉडल का लाभ उठाते हुए, चित्रलेखा उपयोगकर्ताओं को विभिन्न भारतीय भाषाओं में आसानी से ऑडियो ट्रांसक्रिप्ट बनाने और संपादित करने की शक्ति प्रदान करता है। प्लेटफ़ॉर्म की ओपन-सोर्स प्रकृति सामुदायिक योगदान को प्रोत्साहित करती है और एआई-संचालित वीडियो प्रोसेसिंग में नवाचार को बढ़ावा देती है। एसएमएल के हनुमान ने एवरेस्ट 1.0 का अनावरण किया है, जो हिंदी, बंगाली, तमिल और तेलुगु सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक बहुमुखी बहुभाषी एआई प्रणाली है।





# अगला सेनापति कौन







# भाजपा का अगला अध्यक्ष फिर से नड्डा या कोई और...

**नई दिल्ली।** बीजेपी के नए अध्यक्ष का चुनाव इस समय संगठन की पहली प्राथमिकता है। बीजेपी अध्यक्ष के तौर पर जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में ही खत्म हो गया था। बीजेपी संविधान के अनुसार वो दूसरी पारी भी संभाल सकते थे, लेकिन उनको सिर्फ लोकसभा चुनाव 2024 तक ही एक्सटेंशन मिल पाया। मौजूदा नियमों के अनुसार बीजेपी का अध्यक्ष तीन-तीन साल का लगातार दो टर्म पूरा कर सकता है, लेकिन अब जेपी नड्डा की जगह नए बीजेपी अध्यक्ष का इंतजार है।

## अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया

फिलहाल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है और बीजेपी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब देश के कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव हो जाए। यह काम पूरा होने में अभी दो हफ्ते और लगने की संभावना है। तब तक 18 राज्यों में अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के कार्यक्रम घोषित कर दिए जाएंगे।

## संघ की भूमिका रहेगी अहम

चुनाव प्रक्रिया अपनी जगह है, लेकिन जेपी नड्डा का उत्तराधिकारी वही बनेगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सीनियर कैबिनेट साथी अमित शाह की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा होगा-और वो नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी मंजूर हो।

## संघ की कार्यशैली

**1** बीजेपी अध्यक्ष को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पसंद और नापसंद के दो पक्ष महत्वपूर्ण हैं। औपचारिक तौर पर संघ न तो बीजेपी या सरकार के कामों में कोई दखल देता है, न ही अपनी तरफ से अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी को कोई नाम ही सुझाता है।

## संघ चाहता है ऐसा अध्यक्ष

**2** भाजपा का चुनावी तथा राजनीतिक नेतृत्व कोई भी करे, लेकिन संगठन की रीढ़ में संघ ही रहता है। सूत्रों के अनुसार, हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा और संघ के बीच समन्वय की कमी उभरी थी। अब संघ की केरल में होने वाली समन्वय बैठक में जब भाजपा की अध्यक्ष भी हिस्सा लेने जाएंगे तब आगे की चर्चा हो सकती है। इस बैठक में संघ के सभी आनुषंगिक संगठन के प्रमुख हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार, संघ भाजपा के अध्यक्ष के रूप में ऐसे व्यक्ति को पसंद कर सकता है जो न केवल संघ पृष्ठभूमि से हो, बल्कि संगठन को लेकर सजग और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाला हो।

# नए अध्यक्ष के सामने ये चार बड़ी चुनौतियां

### 1 दक्षिण भारत में पार्टी का प्रदर्शन सुधारना

नए अध्यक्ष को दक्षिण भारत में पार्टी को मजबूत करना होगा। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा। आंध्र प्रदेश में वह एनडीए के साथ सरकार में है। केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में पार्टी को सुधार करने की जरूरत है।

### 2 2025-26 के विस चुनावों की तैयारी

बिहार (2025), असम (2026), केरल (2026), तमिलनाडु (2026), पश्चिम बंगाल (2026) और पुडुचेरी (2026) में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मजबूत रणनीति बनानी होगी।

### 3 संगठन को मजबूत करना

राज्यों में पार्टी कैडर को फिर से सक्रिय करना और एनडीए सहयोगियों के साथ बेहतर तालमेल बनाना जरूरी होगा।

### 4 नई रणनीति बनाना

विपक्षी दलों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पार्टी को नई चुनावी रणनीति बनानी होगी।

## बीजेपी के बड़े टास्क

बीजेपी के सामने बड़ा टास्क अब पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत जीतने का है। ऐसे में चर्चा में आ चुके निर्मला सीतारमण, दग्गुबाती पुरंदेश्वरी और प्रह्लाद जोशी जैसे नेताओं की संभावना ज्यादा लगती है।

## ये 11 नेता रहे अध्यक्ष

1. **अटल बिहारी वाजपेई** (1980-86)
2. **लाल कृष्ण आडवाणी** (1986-90, 1993-98, 2004-05)
3. **डॉ. मुरली मनोहर जोशी** (1991-93)
4. **कुशाभाऊ ठाकरे** (1998-2000)
5. **बंगारू लक्ष्मण** (2000-01)
6. **जना कृष्णमूर्ति** (2001-02)
7. **एम. वेंकैय्या नायडू** (2002-04)
8. **राजनाथ सिंह** (2005-09, 2013-14)
9. **नितिन गडकरी** (2010-13)
10. **अमित शाह** (2014-20)
11. **जगत प्रकाश नड्डा** (2020- अब तक)

# अध्यक्ष पद की रेस में हैं तीन दिग्गजों के चेहरे

**बीजेपी अध्यक्ष की रेस में ये 3 नेता-भूपेंद्र यादव, अनुराग ठाकुर और धर्मेंद्र प्रधान सबसे आगे हैं। हालांकि इनके अलावा केशव प्रसाद मौर्य, राजीव चंद्रशेखर, स्मृति ईरानी, कैलाश विजयवर्गीय, सीटी रवि, सर्वानंद सोनोवाल जैसे नेताओं के नाम भी चर्चा हो रही हैं। पार्टी का नेतृत्व एक अनुभवी और संगठन पर मजबूत पकड़ रखने वाले नेता के हाथ में दिया जाएगा, जो 2029 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी को मजबूती से आगे ले जा सके।**

## अनुराग ठाकुर



वैसे तो अनुराग ठाकुर का भी नाम लिया जा रहा है, लेकिन हिमाचल चुनाव में बीजेपी की हार के बाद एक बार फिर नड्डा के ही इलाके से अध्यक्ष बनाया जाने की संभावना न के बराबर लगती है। नए भाजपा अध्यक्ष के साथ संगठन में भी अहम बदलाव की अटकलें शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पिछले कार्यकाल में सूचना व प्रसारण मंत्री के रूप में सरकार का चेहरा बने अनुराग ठाकुर इस बार सरकार का हिस्सा नहीं हैं। माना जा रहा है कि उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। महासचिव बंडी संजय कुमार के सरकार में आने के बाद संगठन में दक्षिण भारत से किसी नए चेहरे को जगह मिल सकती है।

## धर्मेंद्र प्रधान



धर्मेंद्र प्रधान का भी नाम आ रहा है और कुछ हो न हो बीजेपी के ओबीसी नेता धर्मेंद्र प्रधान कई चुनावों में सफल कैंपेन किया है, और ओडिशा में भी तो बीजेपी की सरकार बन ही गई है। वैसे तो कई ओबीसी चेहरे हैं, लेकिन एक नाम शिवराज सिंह चौहान भी हैं, लेकिन इलाकाई राजनीति हावी हुई तो उनको इंतजार करना पड़ सकता है।

## स्मृति ईरानी




राजस्थान के पूर्व सीएम दिवंगत भैरों सिंह शेखावत के भरोसेमंद नेता व राज्यसभा सदस्य ओम माथुर भी संभावित उम्मीदवार हैं। आरएसएस प्रचारक के रूप में उनकी पृष्ठभूमि और सीधे और स्पष्टवादी होने की उनकी प्रतिष्ठा उन्हें एक मजबूत विकल्प बनाती है।

अमेठी से चुनाव हारने वालीं स्मृति ईरानी भी इस दौड़ में शामिल हैं। अगर ईरानी का चुनाव होता है तो वह भाजपा की पहली महिला अध्यमक्ष होंगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम भी विचाराधीन है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता के कारण वे भाजपा को विकास के अगले चरण में ले जाने के लिए एक मजबूत दावेदार हैं।

## बीजेपी की प्राथमिकता हैं ऐसे काम

2024 के आम चुनाव के बाद केंद्र सरकार बनी तो जेपी नड्डा कैबिनेट में शामिल कर लिए गए, और अब एक व्यक्ति दो पदों पर तो रह नहीं सकता। अमित शाह भी जब 2019 में गृह मंत्री के रूप में सरकार में शामिल हुए तो बीजेपी अध्यक्ष पद छोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। जेपी नड्डा को पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, और फिर वो राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। पिछली बार भी बीजेपी के अध्यक्ष पद की रेस में भूपेंद्र यादव शामिल थे, नड्डा बाजी मार ले गए। एक बार फिर उनका नाम रेस में जोड़ा जा रहा है, जबकि वो भी नड्डा की तरह कैबिनेट मंत्री हैं।


**गुमशुदा की तलाश**



**मेरा भाई शाकिर उम्र** 25 वर्ष जो कि दिमागी रूप से कमजोर है बोल नहीं सकता वह दिनांक 13 फरवरी 2025 को सुबह 10 बजे रज़ा नगर गया था और वहाॅ से बिना बताऐ कही चला गया घर वापस नहीं आया जिसकी **गुमशुदगी थाना स्वार जनपद रामपुर** में दिनांक 16.02.2025 को **जी.डी.नं.**056 दर्ज है। अगर किसी को दिखाई दे तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। **मो.नं.** 9027 193997, 8057513160, 9758179841
**हुलिया:-रंग साॅवला, लम्बाई 5 फुट 2 इंच व मोटी मुंछे व दिमागी रूप से कमजोर व वोल नहीं पाता है।**

**कुलदीप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना स्वार मो. नं.** 9454404170

# शाह पर दोबारा दांव खेल सकती है भाजपा



अमित शाह भी जब 2019 में गृह मंत्री के रूप में सरकार में शामिल हुए तो बीजेपी अध्यक्ष पद छोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नड्डा को पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, फिर वो राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए।

**बीजेपी की चुनौतियां**- जेपी नड्डा के कार्यकाल में 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को झटका लगा। 2019 में मिली 303 सीटों की तुलना में 2024 में पार्टी 240 सीटों पर सिमट गई। हालांकि बीजेपी ने सरकार बनाने के लिए एनडीए के अन्य दलों के साथ गठबंधन किया, लेकिन यह साफ है कि नए अध्यक्ष को पार्टी के आधार को मजबूत करने और 2029 की तैयारी में जुटना होगा।

**राजनाथ, गडकरी व शिवराज की मुख्य भूमिका**-नए अध्यक्ष के चुनाव में बीजेपी के तीन रत्नों की भुमिका अहम मानी जा रही है। यह चेहरे हैं राजनाथ सिंह, नीतिन गड़करी और शिवराज सिंह चौहान क्योंकि यह तीनों नेता संघ के करीबी माने जाते हैं और कहीं ना कहीं तीनों को शाह खेमें का विरोधी भी माना जाता है। हालांकि शाह टाइम्स विरोधी होने की पुष्टी नहीं करता है पर कहीं ना कहीं यह बातें अक्सर निकल कर सामने आती रहती हैं।

## जेपी नड्डा का कार्यकाल व उपलब्धियां

जेपी नड्डा ने 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद अमित शाह से पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने पार्टी को 26 चुनावी जीत दिलाई, जिसमें लोकसभा और विधानसभा चुनाव शामिल हैं। उनके कार्यकाल में बीजेपी ने उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, झारखंड, असम और त्रिपुरा में चुनाव जीते, जबकि नागालैंड और मेघालय में भी पार्टी ने बढ़त बनाई। हालांकि, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2018 के चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।

**यौन समस्याएं**



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426